किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 182 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 12 अप्रैल 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

डीजल-ATF पर एक्सपोर्ट ड्यूटी बढ़ी, पेट्रोल पर राहत जारी; बांग्लादेश-नेपाल को होगा असर

नई दिल्ली: भारत सरकार ने पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात से जुड़े टैक्स ढांचे में बड़ा बदलाव किया है। नए फैसले के तहत डीजल और एविएशन टरबाइन फ्यूल पर निर्यात शुल्क बढ़ा दिया गया है, जबकि पेट्रोल पर पहले की तरह कोई एक्सपोर्ट ड्यूटी नहीं रखी गई है।

सरकारी निर्णय के अनुसार अब डीजल पर एक्सपोर्ट ड्यूटी 21.5 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 55.5 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। वहीं ATF पर शुल्क 29.5 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 42 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। इस बदलाव का सीधा असर भारत से पड़ोसी देशों जैसे बांग्लादेश और नेपाल को होने वाले डीजल निर्यात पर पड़ने की संभावना है, जहां भारतीय ईंधन की सप्लाई महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

पीएम मोदी का टीएमसी सरकार पर तीखा हमला, राजनीतिक हिंसा पर सख्त कार्रवाई का ऐलान

कटवा (पश्चिम बंगाल): प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के पूर्वी बर्दवान जिले के कटवा में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी नरेंद्र मोदी ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने राज्य में कथित राजनीतिक हिंसा और कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर गंभीर सवाल उठाए और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

'मोदी की गारंटी' को बताया भरोसे का नाम

प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी की गारंटी केवल चुनावी वादा नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और विकास का संकल्प है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा का घोषणापत्र इन गारंटियों को पूरा करने का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करता है, जिससे राज्य में भयमुक्त वातावरण स्थापित होगा।

भ्रष्टाचार पर श्वेत पत्र लाने का ऐलान

पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि भाजपा की सरकार बनने पर पिछले 15 वर्षों के शासनकाल में हुए कथित भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था की स्थिति पर श्वेत पत्र जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोषियों को कानून के दायरे में लाकर जवाबदेह बनाया जाएगा।

राजनीतिक हिंसा की जांच का प्रस्ताव

उन्होंने कहा कि राजनीतिक हिंसा से जुड़े मामलों की गहन जांच कर दोषियों को सजा दिलाई जाएगी। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में जांच आयोग गठित करने का प्रस्ताव भी रखा जाएगा।

सिंडिकेट राज और अवैध कारोबार पर निशाना

प्रधानमंत्री ने राज्य में कथित सिंडिकेट राज और अवैध गतिविधियों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि भाजपा सरकार बनने पर पारदर्शी टेंडर प्रणाली लागू की जाएगी। उन्होंने रेत खनन सहित कई क्षेत्रों में अवैध कब्जे और आपसी संघर्ष को लेकर भी चिंता जताई।

महिला सशक्तिकरण और किसानों पर फोकस

प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन राज्यों में महिलाओं की भागीदारी अधिक रही है, वहां भाजपा को मजबूत जनादेश मिला है। उन्होंने किसानों का उल्लेख करते हुए बताया कि जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य में उल्लेखनीय वृद्धि कर उन्हें सीधा लाभ पहुंचाया गया है।

'बदलाव के लिए तैयार बंगाल' का दावा

सभा के अंत में प्रधानमंत्री ने दावा किया कि जनसभाओं में उमड़ रही भीड़ इस बात का संकेत है कि पश्चिम बंगाल बदलाव के लिए तैयार है।

(इनपुट: आईएएनएस)

आशा भोसले को कार्डियक अरेस्ट, मुंबई के अस्पताल में भर्ती—स्थिति नाजुक बताई जा रही



नई दिल्ली/मुंबई: प्रसिद्ध पार्श्व गायिका आशा भोसले को लेकर चिंताजनक खबर सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्हें कार्डियक अरेस्ट आने के बाद मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि फिलहाल उनका इलाज ICU में चल रहा है और डॉक्टरों की टीम उनकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। हालांकि, अस्पताल प्रशासन या परिवार की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक मेडिकल बुलेटिन जारी नहीं किया गया है।

ब्रीच कैंडी अस्पताल में इलाज जारी

गायिका को मुंबई स्थित Breach Candy Hospital में भर्ती कराया गया है, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में उनका उपचार किया जा रहा है।

फैंस में चिंता, सोशल मीडिया पर दुआएं

खबर सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर उनके प्रशंसक उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। देश-विदेश में उनके चाहने वाले लगातार प्रार्थनाएं कर रहे हैं।

सीएआरआई बेंगलुरु को अंतरराष्ट्रीय मान्यता, आयुष क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि

बेंगलुरु, पीआईबी: केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान (सीएआरआई बेंगलुरु) ने जैव रसायन एवं रुधिरविज्ञान क्षेत्र में आईएसओ 15189:2022 अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि इसे केंद्रीय आयुवेर्दीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) का पहला संस्थान बनाती है जिसे यह वैश्विक मान्यता मिली है।

50 मापदंडों पर एनएबीएल मान्यता

संस्थान ने प्रतिवर्ष 1.5 लाख से अधिक परीक्षणों के साथ 50 विभिन्न मापदंडों के लिए एनएबीएल (राष्ट्रीय परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड) से मान्यता प्राप्त की है। इसके बाद प्रयोगशाला ने और अधिक सख्त अंतरराष्ट्रीय आईएसओ 15189:2022 मानकों को भी सफलतापूर्वक पूरा किया है।

आयुष क्षेत्र में गुणवत्ता को बढ़ावा

केंद्रीय मंत्री प्रतापराव जाधव ने इस उपलब्धि को आयुष क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह सटीक निदान सुनिश्चित करने के साथ-साथ आयुष चिकित्सा को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा के मानक के रूप में स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम है।

प्रमाण-आधारित आयुर्वेद अनुसंधान को बल

आयुष सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने कहा कि यह मान्यता प्रमाण-आधारित आयुर्वेदिक अभ्यास और अनुसंधान को और मजबूत करेगी, जिससे उपचार की वैज्ञानिक विश्वसनीयता बढ़ेगी।

उच्च स्तरीय निदान सेवाओं पर फोकस

सीएआरआई बेंगलुरु न केवल रोग निदान सेवाएं प्रदान करता है, बल्कि आयुर्वेद और आयुष आधारित उपचारों के विकास एवं अनुसंधान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह रोगियों की निगरानी और शोध परिणामों को बेहतर बनाने में सहायक है।

पहले भी मिल चुकी हैं मान्यताएं

संस्थान वर्ष 2021-22 में एनएबीएच और एनएबीएल दोनों प्रारंभिक प्रमाणपत्र प्राप्त करने वाला पहला सीसीआरएएस संस्थान बन चुका है। यह बीआईएस आईएस/आईएसओ 9001:2015 प्रमाणन की दिशा में भी अग्रसर है।

भविष्य की योजना

संस्थान का लक्ष्य आने वाले समय में मान्यता प्राप्त परीक्षणों की संख्या बढ़ाना और अपनी निदान क्षमता को और सशक्त बनाना है, ताकि आम जनता को अधिक सुलभ, सटीक और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। (इनपुट: पीआईबी)

थारू समाज को बड़ी राहत: मुकदमों की वापसी और भूमि अधिकार, सीएम योगी का ऐलान

लखीमपुर खीरी: उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखीमपुर खीरी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान थारू समाज को दोहरी राहत देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों में हुए कथित अन्यायों को समाप्त करते हुए अब थारू जनजाति को उनके अधिकार लौटाए जा रहे हैं।

थारू समाज पर दर्ज मुकदमे होंगे वापस

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि समाजवादी पार्टी सरकार के दौरान थारू समाज के जिन लोगों पर मुकदमे दर्ज किए गए थे, उन्हें वापस लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब किसी भी निर्दोष व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और सरकार पूरी तरह से उनके साथ खड़ी है।

हजारों परिवारों को मिला भूमि अधिकार

कार्यक्रम के दौरान 2350 प्रभावित परिवारों और 4356 थारू जनजाति परिवारों को भूमि अधिकार पट्टे वितरित किए गए। साथ ही पलिया, श्रीनगर, निघासन और गोला गोकर्णनाथ क्षेत्रों में 817 करोड़ रुपये की 314 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया।

माफिया और अपराधियों पर सख्त रुख

सीएम योगी ने कहा कि राज्य में माफिया और अपराधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जो लोग माफिया बनने का प्रयास करेंगे, उन्हें कानून के दायरे में सख्त परिणाम भुगतने होंगे।

दशकों पुराना भूमि विवाद समाप्त करने का दावा

मुख्यमंत्री ने कहा कि थारू समाज को भूमि अधिकार दिलाने का मुद्दा दशकों से लंबित था। 1976 में जमीन देने की बात तो कही गई थी, लेकिन स्वामित्व नहीं मिला। अब सरकार इस ऐतिहासिक अन्याय को समाप्त कर रही है।

महिला समूहों और रोजगार पर जोर

उन्होंने बताया कि क्षेत्र में 300 से अधिक स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं। सरकार इन समूहों को स्वरोजगार और उद्यमिता से जोड़कर स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने पर काम कर रही है।

किसानों को राहत का भरोसा

मुख्यमंत्री ने कहा कि ओलावृष्टि और अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों का सर्वे कराया जा रहा है। उन्हें फसल बीमा योजना और आपदा राहत कोष के माध्यम से सहायता दी जाएगी।

'लाभार्थी से उद्यमी' बनाने का लक्ष्य

सीएम योगी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य थारू समाज को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर उद्यमी बनाना है। इसके लिए विभिन्न योजनाओं को जमीन पर लागू किया जा रहा है। (इनपुट: आईएएनएस)

होर्मुज के पास अमेरिकी डिस्ट्रॉयर की तैनाती से तनाव, 'अर्ले बर्क' क्लास जहाज पर टिकी निगाहें

समाज जागरण

नई दिल्ली/ मध्य पूर्व, आईएएनएस: होर्मुज जलडमरूमध्य के पास अमेरिकी नौसेना के एक गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर की मौजूदगी के बाद क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। रिपोर्टों के अनुसार यह तैनाती ऐसे समय में हुई है जब पश्चिम एशिया में पहले से ही भू-राजनीतिक हालात संवेदनशील बने हुए हैं।

अमेरिकी नौसेना का यह युद्धपोत अर्ले बर्क क्लास डिस्ट्रॉयर आधुनिक युद्ध क्षमताओं से लैस माना जाता है। इसमें एजिस कॉम्बैट सिस्टम जैसी उन्नत रडार और हथियार नियंत्रण प्रणाली लगी होती है, जो एक साथ हवा, समुद्र और जमीन पर लक्ष्यों को ट्रैक कर उन पर कार्रवाई करने में सक्षम है।

मल्टी-लेयर स्ट्राइक क्षमता वाला युद्धपोत

इस श्रेणी के जहाजों में टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों सहित लगभग 90 मिसाइलों तक की क्षमता होती है। इन्हें उनकी बहुआयामी युद्ध क्षमता के कारण "स्विस आर्मी नाइफ ऑफ द सी" भी कहा जाता है, क्योंकि ये पनडुब्बियों, विमानों और सतही लक्ष्यों—तीनों के खिलाफ प्रभावी माने जाते हैं।

रणनीतिक रूप से अहम क्षेत्र में तैनाती

होर्मुज जलडमरूमध्य विश्व के सबसे महत्वपूर्ण तेल परिवहन मार्गों में से एक है, और यहां किसी भी सैन्य गतिविधि का सीधा प्रभाव वैश्विक ऊर्जा बाजार और सुरक्षा स्थिति पर पड़ सकता है। इसी कारण इस क्षेत्र में किसी भी नौसैनिक तैनाती को अत्यंत संवेदनशील माना जाता है।

क्षेत्रीय तनाव पर नजर

हालांकि अमेरिकी या ईरानी पक्ष की ओर से इस कथित "सीधी धमकी" या 30 मिनट की समयसीमा जैसी बातों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे दावे अक्सर क्षेत्रीय तनाव और सूचना युद्ध का हिस्सा हो सकते हैं।

सैन्य विशेषज्ञों की राय

विशेषज्ञों के अनुसार अर्ले बर्क क्लास डिस्ट्रॉयर अमेरिकी नौसेना के बेड़े का एक प्रमुख स्तंभ है, जो लंबी दूरी की स्ट्राइक क्षमता के साथ-साथ मिसाइल रक्षा प्रणाली के लिए भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। (इनपुट: आईएएनएस)

औद्योगिक शांति बनाए रखने पर जोर, डीएम ने कारखाना प्रबंधन को दिए सख्त निर्देश

गौतमबुद्धनगर, 11 अप्रैल 2026: जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सेक्टर-27, नोएडा स्थित सभागार में सेवायोजकों एवं कारखाना प्रबंधकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य जनपद में औद्योगिक शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखना रहा। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कारखाना प्रबंधन शासन द्वारा जारी गाइडलाइंस का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें और उन्हें प्रत्येक कंपनी के नोटिस बोर्ड पर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित किया जाए, ताकि श्रमिकों में किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो।

श्रमिक हितों की सुरक्षा पर जोर

जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी श्रमिक को अनावश्यक रूप से सेवा से नहीं हटाया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि ओवरटाइम का भुगतान दुगनी दर से किया जाए और रविवार को कार्य करने पर भी समान लाभ दिया जाए। साथ ही सभी श्रमिकों को नियमानुसार बोनस 30 नवंबर तक उनके बैंक खातों में सुनिश्चित रूप से दिया जाए।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक श्रमिक का वेतन हर माह की 10 तारीख तक एकमुश्त भुगतान किया जाए तथा वेतन पर्ची अनिवार्य रूप से दी जाए। किसी भी श्रमिक के विरुद्ध आंदोलन में शामिल होने पर उत्पीड़नात्मक कार्रवाई या सेवा समाप्ति नहीं की जाएगी।

सभी कारखानों में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम समिति के गठन और शिकायत पेटी की स्थापना के निर्देश दिए गए। समिति की अध्यक्ष महिला अधिकारी को बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

इसके अलावा, सभी कारखानों में सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील रखने और श्रमिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर अनुपालन की समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के अधिकारों का हनन किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा और शिकायत मिलने पर कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

अंत में अपील

उन्होंने श्रमिकों से अपील की कि वे शांति एवं अनुशासन बनाए रखें, अफवाहों से दूर रहें और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें।

(सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

अयोध्या: 1990 में कारसेवकों पर फायरिंग को लेकर टिप्पणी, नृपेंद्र मिश्रा का बयान चर्चा में

समाज जागरण

अयोध्या: राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने 1990 में अयोध्या में कारसेवकों पर हुई फायरिंग को लेकर टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसे निर्णय केवल प्रशासनिक स्तर पर नहीं लिए जाते।

उन्होंने कहा, "ऐसे फैसले प्रधान सचिव स्तर पर नहीं होते। ये निर्णय 90 प्रतिशत राजनीतिक होते हैं, जबकि 10 प्रतिशत राय सचिवों और डीजीपी जैसी प्रशासनिक इकाइयों से आती है।"

यह बयान अयोध्या से जुड़े उस ऐतिहासिक घटनाक्रम के संदर्भ में आया है, जब अयोध्या में कारसेवकों पर गोलीबारी की घटना हुई थी। उनकी इस टिप्पणी के बाद राजनीतिक और प्रशासनिक निर्णय प्रक्रिया को लेकर एक बार फिर बहस तेज हो गई है।

ब्राह्मण समाज पर टिप्पणी को लेकर विवाद तेज, परशुराम दल ने सख्त प्रतिक्रिया दी

समाज जागरण

नई दिल्ली: ब्राह्मण समाज को लेकर दिए गए कथित बयान पर राजनीतिक विवाद गहरा गया है। परशुराम दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष गंगाधर शर्मा ने भाजपा सांसद साक्षी महाराज के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे आपत्तिजनक बताया है।

गंगाधर शर्मा ने कहा कि ऐसे बयान सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करते हैं और इन्हें लेकर पार्टी की अनुशासन समिति से शिकायत की जाएगी। उन्होंने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि "धार्मिक प्रतीकों और परंपराओं की गलत व्याख्या स्वीकार नहीं की जा सकती।"

नया भारत, नई संसदः जहां निर्णयों में नारी दृष्टि होगी केंद्र में

[2029 की लोकसभा — जब आधी आबादी बनेगी असली शक्ति]

इतिहास के पन्नों पर दर्ज होने को तैयार एक नया अध्याय अब आकार ले रहा है, जहां भारतीय लोकतंत्र अपनी सबसे बड़ी कमी को सुधारने की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ा रहा है। 8 अप्रैल 2026 को नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट द्वारा महिला आरक्षण कानून (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) में संशोधन को हरी झंडी मिलना महज एक प्रशासनिक फैसला नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक चेतना के पुनर्जागरण का संकेत है। 2029 के आम चुनाव के साथ ही जब यह व्यवस्था लागू होगी, तो लोकसभा का चेहरा पूरी तरह रूपांतरित नजर आएगा। यह बदलाव केवल सीटों की संख्या बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उस असंतुलन को खत्म करने का सशक्त प्रयास है, जिसने लंबे समय तक देश की आधी आबादी को सत्ता और निर्णय की मुख्य धारा से अलग-थलग रखा।

नवाचार और संतुलन के मेल से तैयार यह खाका बदलाव की सशक्त तस्वीर पेश करता है, जिसमें साहस के साथ संवेदनशीलता भी झलकती है। सबसे अहम बात यह है कि किसी मौजूदा सांसद की सीट छीने बिना महिलाओं के लिए व्यापक स्थान सुनिश्चित किया गया है। 543 से बढ़कर 816 सीटों तक का विस्तार केवल संख्या वृद्धि नहीं, बल्कि लोकतंत्र के दायरे को व्यापक बनाने की पहल है, जहां ह्य50+33ह्ल का फामूर्ला दूरदर्शी समाधान बनकर उभरता है। एक-तिहाई यानी 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी, और यह प्रक्रिया 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन से लागू होगी। अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाओं को भी उनके हिस्से में भागीदारी देकर इस बदलाव को सामाजिक न्याय से जोड़ा गया है, जिससे यह पहल राजनीतिक बदलाव के साथ व्यापक सामाजिक परिवर्तन का आधार बनती है।

जब आंकड़े ही बदलाव की आवाज बन जाएं, तो सियासत की दिशा बदलना तय हो जाता है—और यही तस्वीर 2029 में उभरने वाली है, जब संसद में हर तीसरी आवाज महिला की होगी। आज जहां महिलाओं की मौजूदगी सीमित है, वहीं यह उछाल केवल संख्या का विस्तार नहीं, बल्कि सोच, सरोकार और फैसलों के तरीके में गहरा बदलाव लाएगा। बहसों की दिशा बदलेगी, प्राथमिकताएं नए सिरे से तय होंगी और निर्णय प्रक्रिया अधिक समावेशी बनेगी। अब तक किनारे पर पड़े मुद्दे—जैसे महिला सुरक्षा, पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य—नीति के केंद्र में आ जाएंगे। संसद का स्वर अधिक संतुलित, संवेदनशील और विविधतापूर्ण होगा, जहां नीतियां आंकड़ों से आगे बढ़कर जीवन के वास्तविक अनुभवों की जमीन पर आकार लेंगी।

नीति निर्माण की धुरी अब केवल कागजी औपचारिकताओं तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि समाज की वास्तविक पीड़ा और जरूरतों को केंद्र में रखकर घूमेगी। यह परिवर्तन एक ऐसी संवेदनशीलता को जन्म देगा, जहां कानून सीधे लोगों के जीवन से संवाद करते नजर आएंगे। मातृ स्वास्थ्य से लेकर बालिका शिक्षा और कार्यस्थल पर सुरक्षा तक, हर क्षेत्र में ठोस और प्रभावी पहल का विस्तार होगा। जो समस्याएं अब तक ग्रामीण महिलाओं के हिस्से में चुपचाप सिमटी रहती थीं, वे अब नीतियों की आधारशिला बनेंगी। इसके परिणामस्वरूप योजनाओं का स्वरूप ही नहीं बदलेगा, बल्कि उनके क्रियान्वयन में भी गति, जवाबदेही और पारदर्शिता स्पष्ट रूप से दिखाई देगी।

सियासी गलियारों में अब जीत की गणित से आगे बढ़कर नेतृत्व की गुणवत्ता की कसौटी तय होने वाली है, क्योंकि राजनीतिक दलों के सामने केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि सक्षम महिला नेतृत्व गढ़ना भी अनिवार्य बन जाएगा। उम्मीदवारों के चयन से लेकर उनके प्रशिक्षण और संसदीय कौशल को निखारने तक, हर स्तर पर गंभीरता बढ़ेगी। बीजेपी, कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों के बीच महिला उम्मीदवारों को लेकर प्रतिस्पर्धा तेज होगी, जिससे राजनीति में गुणवत्ता और जवाबदेही का स्तर स्वाभाविक रूप से ऊंचा उठेगा। यह परिवर्तन नई पीढ़ी की महिलाओं के लिए राजनीति के द्वार खोलेगा, जो अपने साथ नई दृष्टि, आत्मविश्वास और ऊर्जा लेकर सार्वजनिक जीवन में कदम रखेंगी।

जब निर्णय की मेज पर तस्वीर बदलती है, तो समाज का चेहरा भी बदलना तय हो जाता है—और यही असर इस परिवर्तन का होगा। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी केवल संसद तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि परिवार, शिक्षा और रोजगार जैसे हर क्षेत्र में नई दिशा तय करेगी। गांवों और शहरों में बेटियों के सपनों को नई ऊंचाई मिलेगी और उनके भीतर यह विश्वास मजबूत होगा कि वे भी देश के सर्वोच्च मंच तक अपनी पहचान बना सकती हैं। लंबे समय से जकड़ी पितृसत्तात्मक सोच धीरे-धीरे कमजोर पड़ेगी और उसकी जगह समानता, सम्मान और संतुलन पर आधारित नया सामाजिक ढांचा मजबूती से उभरकर सामने आएगा।

परिवर्तन जितना विराट होता है, उसकी परीक्षा भी उतनी ही कठोर होती है—और यही चुनौती इस ऐतिहासिक कदम के साथ सामने आएगी। इतनी बड़ी संख्या में नई महिला सांसदों को प्रभावशाली और सक्षम नेतृत्व में ढालना आसान नहीं होगा। इसके लिए संसदीय प्रक्रियाओं की गहरी समझ, सटीक संवाद कौशल और मजबूत राजनीतिक रणनीति का विकास अनिवार्य होगा। साथ ही सुरक्षा, पर्याप्त संसाधन और सशक्त सहयोगी तंत्र सुनिश्चित करना भी जरूरी है, ताकि ये प्रतिनिधि पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी भूमिका निभा सकें। यदि इन पहलुओं पर गंभीरता और दूरदर्शिता के साथ काम किया गया, तो यह बदलाव केवल प्रतीक बनकर नहीं रहेगा, बल्कि भारतीय लोकतंत्र में स्थायी और प्रभावशाली परिवर्तन की नींव रखेगा। लोकतांत्रिक परिवर्तन की यह यात्रा अब अपने सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंच चुकी है, जहां 2029 की लोकसभा भारत के इतिहास में एक स्वर्णिम और निर्णायक अध्याय के रूप में दर्ज होने जा रही है। यहां प्रतिनिधित्व केवल आंकड़ों का संतुलन नहीं रहेगा, बल्कि न्याय, समानता और वास्तविक भागीदारी की सशक्त चेतना बनकर उभरेगा। यह वह ऐतिहासिक क्षण होगा जब देश अपनी आधी आबादी को निर्णय निर्माण की पूर्ण शक्ति और अवसर प्रदान करेगा, जिससे लोकतंत्र और अधिक समावेशी, संवेदनशील और सशक्त स्वरूप ग्रहण करेगा। महिला आरक्षण कानून अब केवल एक विधायी व्यवस्था नहीं, बल्कि उस नए भारत का स्पष्ट और अटल संदेश बन चुका है, जो समानता, सहभागिता और प्रगति के पथ पर दृढ़ आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है।

परिवर्तन की दहलीज पर बिहार

- महेन्द्र तिवारी

बिहार एक बार फिर परिवर्तन के मुहाने पर खड़ी है। यह परिवर्तन केवल शासन के शीर्ष पर बैठे व्यक्ति का बदलाव नहीं है, बल्कि बिहार की उस राजनीतिक शैली का अंत है जिसने पिछले दो दशकों से राज्य की दिशा तय की थी। लंबे समय तक राज्य की बागडोर संभालने वाले नीतीश कुमार का राज्यसभा की ओर प्रस्थान करना एक ऐसे शून्य को जन्म दे रहा है, जिसे भरने के लिए दिल्ली से लेकर पटना तक मंथन की लहरें उठ रही हैं। उनके प्रस्थान के साथ ही यह लगभग निश्चित हो गया है कि वे मुख्यमंत्री पद का त्याग करेंगे। यह क्षण केवल एक पद की रिक्ति नहीं, बल्कि बिहार में एक नए युग के सूत्रपात का प्रतीक है। अब तक बिहार की राजनीति गठबंधन के इर्द-गिर्द घूमती रही थी, जहाँ क्षेत्रीय दलों का वर्चस्व रहा, किंतु वर्तमान परिस्थितियाँ संकेत दे रही हैं कि अब भारतीय जनता पार्टी पहली बार पूर्ण रूप से और स्वतंत्र रूप से मुख्यमंत्री पद की कमान संभालने की तैयारी में है। यह राजनीतिक परिदृश्य भाजपा के लिए जितना गौरवशाली है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी है, क्योंकि अब तक वह सहयोगी की भूमिका में थी, परंतु अब सफलता और विफलता का संपूर्ण दायित्व उसी के कंधों पर होगा।

देश की राजधानी दिल्ली में इस समय बैठकों का अनवरत क्रम जारी है। इन उच्चस्तरीय चचाओं का मुख्य केंद्र वह चेहरा है, जो बिहार के भविष्य की रूपरेखा तैयार करेगा। विभिन्न नामों पर गहन विचार-विमर्श हो रहा है, जिसमें सबसे प्रबल नाम सम्राट चौधरी का उभरकर सामने आया है। वर्तमान में उपमुख्यमंत्री का उत्तरदायित्व निभा रहे सम्राट चौधरी की संगठन में पकड़ अत्यंत सुदृढ़ मानी जाती है। राजनीतिक विश्लेषकों और जनसंचार माध्यमों के विवरणों के अनुसार, वे इस दौड़ में अग्रिम पंक्ति में खड़े हैं। उनकी पहचान एक प्रखर और आक्रामक नेता के रूप में रही है। पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने संगठन को जमीनी स्तर पर सक्रिय करने और विपक्षी दलों के समक्ष एक सशक्त प्रतिरोध खड़ा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके व्यक्तित्व में वह संगठनात्मक क्षमता दिखाई देती है जो इस समय सत्ता परिवर्तन के दौर में पार्टी की पहली प्राथमिकता हो सकती है।

तथापि, बिहार जैसी जटिल राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले राज्य में केवल अनुभव और पद ही निर्णय के आधार नहीं होते। यहाँ की राजनीति की आत्मा जातीय समीकरणों, सामाजिक संतुलन और सूक्ष्म चुनावी रणनीतियों में बसती है। ऐतिहासिक रूप से बिहार में जातीय पहचान एक निर्णायक कारक रही है। इसी कारण राष्ट्रीय नेतृत्व किसी ऐसे व्यक्तित्व की खोज में है जो समाज के विभिन्न वर्गों को एक सूत्र में पिरो सके। सम्राट चौधरी अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंध रखते हैं, जो बिहार के सामाजिक और राजनीतिक मानचित्र पर अत्यंत प्रभावशाली और संख्यात्मक रूप से सशक्त समूह है। ऐसे में उनका नाम चर्चा में सबसे ऊपर होना स्वाभाविक है। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व यह भली-भाँति जानता है कि यदि इस वर्ग का पूर्ण समर्थन प्राप्त करना है, तो उन्हें सत्ता के शीर्ष पर प्रतिनिधित्व देना एक रणनीतिक आवश्यकता बन जाता है।

परिवर्तन की इस लहर में एक और नाम अत्यंत तीव्रता से उभरा है, और वह है श्रेयसी सिंह का। वे एक युवा, शिक्षित और लोकप्रिय प्रत्याशी के रूप में देखी जा रही हैं। उनकी ख्याति केवल राजनीति तक सीमित नहीं है, अपितु अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में भी उन्होंने राष्ट्र का मान बढ़ाया है। उनके दिवंगत पिता दिग्विजय सिंह एक प्रतिष्ठित राजनीतिक परिवार से रहे हैं, जिससे उन्हें एक समृद्ध विरासत और राजनीतिक समझ विरासत में मिली है। यदि भारतीय जनता पार्टी महिला नेतृत्व को प्रोत्साहित करने और युवाओं के बीच अपनी पैठ बढ़ाने की योजना पर कार्य करती है, तो श्रेयसी सिंह एक अत्यंत प्रभावी विकल्प सिद्ध हो सकती हैं। बिहार के इतिहास में महिला मुख्यमंत्री का प्रयोग अत्यंत विरल रहा है, ऐसे में यह कदम न केवल राज्य की आधी आबादी को एक सशक्त संदेश देगा, बल्कि राजनीति के पारंपरिक ढर्रे को बदलने का एक साहसपूर्ण प्रयास भी माना जाएगा।

इन दो प्रमुख नामों के अतिरिक्त, राजनीतिक गलियारों में संजीव चौरसिया, जनक राम और धर्मशीला गुप्ता जैसे नामों की भी चर्चा है। संजीव चौरसिया का अपना एक समर्पित कार्यक्षेत्र और सामाजिक आधार है, वहीं जनक राम अनुसूचित जाति के प्रतिनिधित्व और अपनी सादगीपूर्ण कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। धर्मशीला गुप्ता का नाम भी सांगठनिक निष्ठा के कारण दौड़ में बना हुआ है। इन सभी नेताओं के अपने-अपने क्षेत्रीय प्रभाव हैं जो उन्हें इस महत्वपूर्ण पद की गरिमा के अनुकूल बनाते हैं। पार्टी के समक्ष सबसे बड़ी दुविधा यह है कि वह ऐसे नाम का चयन करे जो न केवल दल के भीतर निर्विवाद रूप से स्वीकार्य हो, बल्कि आम जनता के बीच भी विश्वास और आशा का संचार कर सके। दिल्ली की बैठकों का उद्देश्य मात्र एक नाम का चयन करना नहीं है, बल्कि एक ऐसी व्यापक कार्ययोजना तैयार करना है जो आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी को विजय के द्वार तक ले जा सके। पार्टी यह सुनिश्चित करना चाहती है कि नया मुख्यमंत्री न केवल लोकप्रिय हो, बल्कि उसमें प्रशासनिक दक्षता और राजनीतिक संतुलन बनाए रखने का धैर्य भी हो।

बिहार का यह घटनाक्रम केवल प्रादेशिक सीमाओं तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा संबंध राष्ट्रीय राजनीति से है। नीतीश कुमार का केंद्र की राजनीति में जाना यह स्पष्ट संकेत है कि राष्ट्रीय स्तर पर नए समीकरणों की रचना हो रही है। उनके हटने से बिहार में सत्ता का केंद्र पूरी तरह परिवर्तित हो जाएगा। अब तक की कार्यशैली में क्षेत्रीय दलों की मान्यताओं का सम्मान करना अनिवार्य था, किंतु अब भाजपा को अपनी नीतियों, योजनाओं और विकास के एजेंडे को स्वतंत्र रूप से लागू करने का ऐतिहासिक अवसर प्राप्त होगा। यह परिवर्तन प्रक्रिया जितनी सुगम दिखाई दे रही है, उतनी है नहीं। दल के भीतर भी विभिन्न वैचारिक समूह और क्षेत्रीय आकांक्षाएँ सक्रिय हैं। हाल ही में पटना की सड़कों पर सम्राट चौधरी के पक्ष में लगे और फिर हटाए गए विज्ञापनों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अंतिम सहमति की राह में अभी कुछ अवरोध शेष हैं। यह आंतरिक मंथन इस बात का प्रमाण है कि पार्टी कोई भी निर्णय लेने से पूर्व सभी पक्षों को संतुष्ट करना चाहती है।

पिछले दो दशकों से बिहार की सत्ता में जो स्थिरता देखी गई, वह अब एक नए मोड़ पर है। नीतीश कुमार का लंबा कार्यकाल राज्य में विकास और कानून व्यवस्था के लिए जाना गया, किंतु अब जनता एक नए दृष्टिकोण और आधुनिक सोच की प्रतीक्षा कर रही है। नया मुख्यमंत्री केवल एक प्रशासनिक प्रमुख नहीं होगा, बल्कि वह उस नई पीढ़ी की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब भी होगा जो रोजगार, तकनीकी विकास और बेहतर जीवन स्तर की मांग कर रही है। यह पहली बार है जब भारतीय जनता पार्टी अपने सामर्थ्य पर बिहार का नेतृत्व करेगी। यह उसके लिए जहाँ अपनी क्षमता सिद्ध करने का एक सुनहरा अवसर है, वहीं एक कठिन परीक्षा भी है। अब वह गठबंधन के साथियों पर अपनी विफलता का दोष मढ़ने की स्थिति में नहीं होगी।

सम्राट चौधरी की आक्रामकता हो या श्रेयसी सिंह का नवीन दृष्टिकोण, जो भी निर्णय लिया जाएगा वह बिहार के आने वाले दशकों की नियति तय करेगा। पार्टी नेतृत्व कभी-कभी पूर्णतः अप्रत्याशित चेहरे को सामने लाकर सबको चकित करने की प्रवृत्ति भी रखता है, जैसा कि हमने हाल के वर्षों में अन्य राज्यों में देखा है। ऐसे में किसी नए या कम चर्चित चेहरे की संभावना को भी नकारा नहीं जा सकता। अंततः, बिहार इस समय एक महान राजनीतिक संक्रमण काल से गुजर रहा है। यह संघर्ष केवल पदों का नहीं, बल्कि वैचारिक अधिष्ठान, सामाजिक न्याय और भविष्य की विकासोन्मुख राजनीति का संगम है। आने वाले कुछ दिन बिहार की राजनीति के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखे जाएंगे, क्योंकि इन्हीं दिनों में यह तय होगा कि गंगा की इस पावन भूमि पर शासन का अगला सूर्य किस रूप में उदित होगा। पूरा राज्य और देश अब उस अंतिम निर्णय की प्रतीक्षा कर रहा है जो बिहार की सत्ता की नई दिशा और दशा को निर्धारित करेगा।

2027

मुजफ्फरनगर-दादरी रैली से योगी-अखिलेश साधेंगे वेस्ट यूपी

अजय कुमार,
वरिष्ठ पत्रकार

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अब साल भर से कम समय बचा है। चुनाव की आहट ने नेताओं के चेहरों पर बेसब्री और भाषा में तीखापन दिखने लगा है। दादरी में सपा की रैली हो चुकी है और अब बीजेपी 13 को रैली करने जा रही है। मुजफ्फरनगर और दादरी दोनों जगह 2022 विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सीधी जीत दर्ज की, लेकिन समाजवादी पार्टी भी आगे की लड़ाई जीतने का दावा कर रही है। मुजफ्फरनगर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के कपिल देव अग्रवाल ने 49.6 फीसदी वोट के साथ रालोद के सौरभ से लगभग 18 हजार वोटों के अंतर से जीत दर्ज की, जबकि सपा इस चुनाव में तीसरे स्थान पर थी। इसके बावजूद 2024 लोकसभा चुनाव में सपा ने मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर करीब 25 हजार वोट से भाजपा को हरा दिया, जो दिखाता है कि क्षेत्र में जाट-किसान वोट भाजपा से थोड़ा फिसलकर सपा की ओर बढ़ रहा है।

दादरी विधानसभा क्षेत्र में 2022 में भाजपा के तेजपाल सिंह नगर ने सपा के राज कुमार को 1.38 लाख वोट के विशाल अंतर से हरा दिया, जो यहां भाजपा की मजबूत स्थिति को दशार्ता है। हालांकि अखिलेश यादव की हालिया जनसभा और गुर्जर-दलित एकता के नारे यहां सपा के प्रयास को दशार्ते हैं कि वह गुर्जर वोट को भाजपा से अलग करने की कोशिश कर रही है। इसके बावजूद दादरी में भाजपा की मजबूत जड़ें और बड़ा जीत का अंतर दिखाता है कि यहां पार्टी की राजनैतिक स्थिति अभी आक्रामक और अधिक दृढ़ बनी हुई है, जबकि सपा जनसभाओं और आंदोलन के जरिये मतदान समीकरण बदलने की कोशिश में है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसान, जाट और दलित बहुल 18 जिलों में 2022 विधानसभा चुनावों ने राजनीतिक समीकरणों को नया मोड़ दिया था। यहां समाजवादी पार्टी ने अप्रत्याशित उछाल के साथ सबसे अधिक सीटें हासिल कीं, जबकि भारतीय जनता पार्टी को भारी नुकसान झेलना पड़ा। दादरी में अखिलेश यादव की हालिया जनसभा और मुजफ्फरनगर में 13 अप्रैल को होने वाली भाजपा की बड़ी रैली इसी क्षेत्रीय गोलबंदी का हिस्सा बन रही है। मुजफ्फरनगर, शामली, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, हापुड़, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, अमरोहा, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा और कासगंज जैसे इन जिलों में कुल 84 विधानसभा सीटें हैं। 2022 में सपा ने 35 सीटें जीतीं, जो 2017 के मुकाबले करीब दोगुनी हैं। भाजपा को मात्र 22 सीटें मिलीं, जबकि उसके सहयोगी राष्ट्रीय लोक दल को सात और अपना दल को तीन सीटें हाथ लगीं। बहुजन समाज पार्टी चार सीटों तक सिमट गई।

जाट बहुल जिलों जैसे मुजफ्फरनगर में सपा ने छह में से चार सीटें जीत लीं, जबकि भाजपा को महज एक मिली। बागपत में भी सपा ने तीन सीटें हथिया लीं। किसान आंदोलन का असर साफ दिखा, जहां जाट वोट सपा की ओर खिसके। दलित बाहुल्य क्षेत्रों में भी सपा ने 10 से अधिक सीटें ले लीं, खासकर मेरठ और बुलंदशहर में। भाजपा को गौतमबुद्धनगर और आगरा जैसे शहरी इलाकों में कुछ राहत मिली, लेकिन ग्रामीण इलाकों में हार का सामना करना पड़ा। यह प्रदर्शन पश्चिमी यूपी को सपा का गढ़ बनाने का संकेत देता है। भाजपा अब मुजफ्फरनगर रैली से जाट, किसान और दलित वोटों को फिर से एकजुट करने की कोशिश कर रही है। 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले यह गोलबंदी निर्णायक साबित हो सकती है।

मिट्टी का घड़ा...!

अब मिट्टी के 'घड़ों' की मांग है बढ़ी,
धूप जली है धरती भी तपती खड़ी।
लू के 'थपेड़ों' में जल रहा है जहान,
ये घड़ा बना है 'ठंडक' का अरमान।
ना फ्रिज ना बिजली की है दरकार,
धरा माटी में बसता 'सुकून' अपार।
इसकी हर 'बूंद' में ठहराव की बात,
घड़ा रख देता 'जीवन' की सौगात।
सिर पर थामे है 'उम्मीदों' का भार,
चल रहीं वो लड़की, जैसे त्यौहार।
पसीने में भी हौसलों की है चमक,
मेहनत में छुपी 'जीवन' की दमक।
मिट्टी की खुशबू सहित ठंडा पानी,
यूं सादगी में छिपी सच्ची कहानी।
ये गर्मी चाहे जितनी भी रहें बढ़ती,
मिट्टी के घड़े से ही राहत निकलती।

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)

शिक्षित,आत्मनिर्भर नारियां राष्ट्र की संस्कृति,संस्कारों की सशक्त संवाहिका

आज स्त्री के संदर्भ में सारी पुरातन अवधारणाओं को बदलने का समय आ गया है ।नारी अब घर में पूज्या तो है ही साथ ही वह समाज में अपनी अहमियत की दस्तक देकर देश की सीमा स-रक्षा में भी अपना योगदान दे रही है। राष्ट्र निर्माण में नारी की शिक्षा एवं उनकी सहभागिता भारत का शक्तिशाली भविष्य है, अतः नारी की शिक्षा देश के लिए अति महत्वपूर्ण मुद्दा बन गई है' वह समय चला गया जब किसी घर में कन्या के पैदा होने से पूरे प-रवार में मातम छा जाता था अब भारत में धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश में लिंग भेद बदलने लगा है स्थिति यह है कि शिक्षित परिवार केवल एक संतान ही पैदा करना चाहती है चाहे वह कन्या हो या बेटा। अब परिवार में कन्या पैदा होने से खुशियां मनाई जाती है और पुरातन सोच अब धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश को मस्तिष्क के मूल्यांकन के साथ बदलते जा रही है।

.पुरुष प्रधान समाज में नारी को पूज्या कह कर बहला दिया जाता था और उसे घर की चहार-दीवारी में सीमित कर दिया गया था। यही कारण था कि वे पुरुषों की बराबरी में ना आकर बहुत पिछड़ गई और देश की समग्र विकास की स्थिति एकांगी हो गई थी। समाज यह भूल गया था कि जिन हाथों में कोमल चूड़ियां पहनी जाती हैं वही हाथ तलवार भी उठा कर युद्ध में एक वीरांगना की भूमिका निभाती है, इसकी सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रजिया बेगम और रानी लक्ष्मीबाई रही हैं। मनुस्मृति पर यदि आप नजर डालेंगे तो पाएंगे कि उसमें स्पष्ट कहा गया है कि जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है।

प्राचीन भारत में नारी शिक्षा का काफी प्रचार प्रसार किया गया था इसके कई प्रमाण भी हैं कि वेद की रिचाओं का ज्ञान नारियों को था इसमें कुछ महत्वपूर्ण नारियां समाज के लिए एक उदाहरण बन गई थी उनमें मैत्री, गार्गी, अनुसूया, सावित्री, आदि उल्लेखनीय हैं ।वैदिक काल के विद्वान मुंडन मिश्र की

पत्नी उदय भारती ने प्रकांड पंडित विश्व विजयी आदि शंकराचार्य को भी शास्त्रार्थ में भरी सभा में पराजित किया था ।

वेदों और पुराणों में भी उल्लेखित है कि बालिका शिक्षा समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला होता है। नारी के उत्थान में कई कुप्रथा कुठाराघात करती रही हैं, जो नारी के विकास में बाधा बनकर सामने आई थी इनमें बाल विवाह सबसे बड़ा अवरोध बना था और इसी का प्रतिफल है कि नारी पुरुष के समाज में काफी पिछड़ गई थी। महादेवी वर्मा ने नारी शिक्षा को पुरुष शिक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण बताया था उन्होंने कहा था स्त्री को शिक्षित बनाना एक पुरुष को शिक्षित बनाने से ज्यादा आवश्यक और महत्वपूर्ण है यदि एक पुरुष शिक्षित -प्रशिक्षित होता है तो उससे एक ही व्यक्ति को लाभ होता है किंतु यदि स्त्री शिक्षित होती है तो उससे संपूर्ण परिवार शिक्षित हो जाता है. उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण बात कही नारी को अशिक्षित रखना समाज के लिए अपराध के समान है। समय के परिवर्तन के साथ साथ नारी का महत्व अब पूरे तौर पर समझा जा रहा है आज समाज तथा देश में नारियां सर्वोत्कृष्ट कार्य कर रही है।

समाज हो या विज्ञान या राजनीति अथवा समाज सेवा संपूर्ण क्षेत्र में आज नारियां पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर सर्वश्रेष्ठ कार्य कर रही है। मैडम क्यूरी, कल्पना चावला, इंदिरा गांधी, श्रीमति भंडार नायके, सरोजनी नायडू, कस्तूरबा गांधी जैसी महिलाएं राष्ट्र का मार्गदर्शन करने का काम करती रही है। महात्मा गांधी ने स्वयं कहा है कि जब तक भारत की महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में काम नहीं करेगी तब तक भारत का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। आज का सबसे ताजा उदाहरण कॉमनवेल्थ गेम में महिला क्रिकेट टीम ने फाइनल में प्रवेश किया है और गोल्ड मेडल की तालिका में साक्षी मलिक बहनो, फोगाट बहनों ने विश्व में भारत का नाम ऊंचा किया है। पी वी संधू, वित्त मंत्री सीतारमण स्मृति ईरानी और मंत्रिमंडल में शामिल महिलाएं किसी से पीछे नहीं हैं। और सबसे ताजा उदाहरण भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने महिला होकर महिलाओं का नाम राष्ट्र की प्रथम पंक्ति में दर्ज कर देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पद को सुशोभित किया है। उन्होंने भारत के लिए एक स्वर्णिम इतिहास भी बनाया है।अब भारत में नारियों की स्थिति प्रथम पंक्ति में मानी जाती है। ऐसे में भारत में नारी शिक्षा, उनकी सहभागिता तथा उनकी आत्म निर्भरता भारत के भविष्य की शक्तिशाली ऊर्जा एवं संपत्ति ही होगी।

भारत की नारियों को नमन, प्रणाम एवं अभिनंदन।

संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार, चिंतक, लेखक,
रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

श्रमिकों के नाम अपील एवं आश्वासन जारी, अफवाहों से दूर रहने की अपील

समाज जागरण

नोएडा/लखनऊः प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों, विशेषकर नोएडा में फैल रही कथित अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं के बीच श्रमिकों को लेकर एक आधिकारिक अपील एवं आश्वासन जारी किया गया है। इसमें श्रमिकों से किसी भी अपुष्ट सूचना पर विश्वास न करने और केवल अधिकृत स्रोतों से प्राप्त जानकारी पर ही भरोसा करने की अपील की गई है।

अपील में कहा गया है कि इन भ्रामक संदेशों का उद्देश्य औद्योगिक वातावरण में अनावश्यक भ्रम और अस्थिरता पैदा करना है, जिसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

श्रमिक हितों की सुरक्षा का भरोसा

अपील में स्पष्ट किया गया है कि सरकार श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी स्थिति में उनके हितों से समझौता नहीं किया जाएगा।

नवीन श्रम प्रावधानों पर जोर

जारी संदेश में श्रमिकों के लिए लागू/प्रस्तावित प्रमुख प्रावधानों का उल्लेख किया गया, जिनमें शामिल हैं–

न्यूनतम वेतन की कानूनी गारंटी और समयबद्ध भुगतान

समान कार्य के लिए समान वेतन का सिद्धांत

ओवरटाइम कार्य पर दोगुना भुगतान

ईपीएफ, ईएसआई और ग्रेच्युटी के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा

छंटनी की स्थिति में निर्धारित मुआवजा एवं नोटिस प्रावधान

सुरक्षित कार्यस्थल, साप्ताहिक अवकाश और महिला श्रमिकों के लिए विशेष सुरक्षा

शिकायत निवारण तंत्र और श्रम विभाग की सतत निगरानी

श्रमिकों से विशेष अपील

श्रमिकों से कहा गया है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह, सोशल मीडिया संदेश या अपुष्ट खबरों से दूर रहें और कार्यस्थलों पर शांति, अनुशासन एवं सौहार्द बनाए रखें।

साथ ही यह भी कहा गया है कि किसी भी समस्या की स्थिति में श्रमिक तुरंत संबंधित श्रम अधिकारियों या विभागीय कार्यालय से संपर्क करें।

सरकार का आश्वासन

अपील के अंत में कहा गया है कि प्रदेश सरकार और श्रम विभाग हर परिस्थिति में श्रमिकों के साथ खड़े हैं और उनके अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। (जारीकर्ताः श्रम विभाग, उत्तर प्रदेश)

गुरुकुल श्री छोटे लाल मैमोरियल का भव्य उद्घाटन, वैदिक शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर

समाज जागरण

गाजियाबाद, 11 अप्रैल 2026 (शनिवार): ग्राम नंगला अटोर में गुरुकुल श्री छोटे लाल मैमोरियल का भव्य उद्घाटन वैदिक विधि-विधान एवं यज्ञ के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, शिक्षाविद और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उद्घाटन अवसर पर वक्ताओं ने आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ वैदिक संस्कारों के महत्व पर जोर दिया और कहा कि वर्तमान समय में गुरुकुलीय शिक्षा की प्रासंगिकता और अधिक बढ़ गई है।

वैदिक पद्धति और संस्कारों पर जोर

कार्यक्रम में ब्रह्मा अंजलि आर्य ने कहा कि वैदिक काल में गुरुकुलों की संख्या बहुत अधिक थी, लेकिन समय के साथ इसमें कमी आई है। उन्होंने कहा कि आधुनिक गुरुकुल शिक्षा बच्चों को न केवल शैक्षणिक रूप से सक्षम बनाएगी, बल्कि उन्हें संस्कार और देशभक्ति की भावना से भी

जोड़ेगी।

समाज सुधार में शिक्षा की भूमिका

समारोह अध्यक्ष एवं मुख्य वक्ता स्वामी आर्यवेश ने कहा कि आज समाज में बढ़ती बुराइयों का एक कारण संस्कारयुक्त शिक्षा की कमी है। उन्होंने कहा कि गुरुकुलीय शिक्षा समाज में नैतिक मूल्यों को मजबूत करने का माध्यम बन सकती है।

मुख्य अतिथि चौधरी अमन सिंह ने कहा कि आज के समय में युवा पीढ़ी को नशा, जुआ और गलत प्रवृत्तियों से बचाने के लिए संस्कार आधारित शिक्षा आवश्यक है। उन्होंने गुरुकुलों को पुनः मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।

आधुनिक और पारंपरिक शिक्षा का समन्वय

वक्ताओं ने कहा कि यह गुरुकुल आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ खेल, विज्ञान और अन्य विषयों में भी छात्रों को दक्ष बनाएगा। इसे जनपद का पहला सीबीएसई बोर्डिंग गुरुकुल बताया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान

कार्यक्रम में भजनोपदेशक कलाकारों ने भजन प्रस्तुत कर वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। विशिष्ट अतिथियों को शॉल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और गुरुकुल परिवार को शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री दर्पण डैशबोर्ड समीक्षा में गौतमबुद्धनगर पुलिस को मिला प्रथम स्थान

समाज जागरण

नोएडा, संदीप गर्गः पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर ने मुख्यमंत्री दर्पण डैशबोर्ड समीक्षा में बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

मार्च 2026 की रैंकिंग में कमिश्नरेट ने उत्तर प्रदेश के सभी कमिश्नरेट में प्रथम स्थान तथा राज्य के समस्त जनपदों में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

विभिन्न मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन

यह रैंकिंग 112 पीआरवी रिस्पांस टाइम, आईजीआरएस/जनसुनवाई निस्तारण, 1090 शिकायतों का समाधान, अग्नि सुरक्षा एनओसी, महिला अपराधों पर कार्रवाई, पॉक्सो एक्ट, गैंगस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आबकारी अधिनियम, गुंडा अधिनियम सहित कई महत्वपूर्ण मानकों पर प्रभावी कार्यवाही के आधार पर जारी की गई।

इसके साथ ही वांछित अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई, लंबित विवेचनाओं के निस्तारण, चरित्र प्रमाण पत्र, किरायेदार सत्यापन, घरेलू सहायता सत्यापन तथा अन्य पुलिस सेवाओं के त्वरित निष्पादन में भी बेहतर प्रदर्शन दर्ज किया गया।

'अ' श्रेणी रैंकिंग प्राप्त

सभी मानकों पर अभियान चलाकर की गई त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के चलते कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर को ह्यअह्न श्रेणी की रैंकिंग प्रदान की गई है।

जनसुरक्षा और समन्वय पर जोर

पुलिस कमिश्नर के निर्देशन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आमजन की सुरक्षा और पुलिस-जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के प्रयास लगातार जारी हैं।

प्रशासन ने कहा है कि आगे भी इसी प्रकार प्रभावी कार्यवाही और जनसेवा को प्राथमिकता दी जाएगी।

हनुमंत कथा मंगल कलश यात्रा हेतु वस्त्र एवं टोकन वितरण, महिलाओं की उमड़ी भीड़

प्रयागराजः प्रयाग उत्थान समिति के तत्वावधान में आगामी हनुमंत कथा एवं मंगल कलश यात्रा के आयोजन को लेकर महिलाओं के लिए वस्त्र एवं कलश टोकन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन बाबा बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की कथा के पूर्व तैयारियों के तहत किया जा रहा है।

वस्त्र वितरण में उमड़ी भीड़

ठाकुर हरनारायण सिंह डिग्री कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वस्त्र और कलश टोकन प्राप्त करने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंचीं। आयोजकों के अनुसार, लगभग 5432 महिलाओं ने वस्त्र प्राप्त किए।

20 अप्रैल को कलश वितरण कार्यक्रम

समिति के अनुसार 20 अप्रैल को जमुना क्रिश्चियन इंटर कॉलेज मैदान, मुट्ठीगंज में सुबह 9 बजे मंगल कलश यात्रा के लिए कलश वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

आयोजन समिति का बयान

प्रयाग उत्थान समिति के अध्यक्ष डॉ. उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति के उपाध्यक्ष राजेश केसरवानी ने बताया कि आयोजन को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है।

कार्यक्रम में मौजूद लोग

इस अवसर पर धीरेन्द्र प्रताप सिंह, अभिषेक ठाकुर, राजेश केसरवानी, प्रवीण केसरवानी, शिवम अग्रहरी, रोशनी अग्रवाल, अनामिका दास, अभिलाष केसरवानी, बबलू पांडे सहित कई लोग उपस्थित रहे।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

नोएडा में शराब तस्कर गिरफ्तार, 105 टैट्रा पैक अवैध देशी शराब बरामद

समाज जागरण

नोएडा, संदीप गर्गःथाना फेस-1 नोएडा पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और बीट पुलिसिंग की मदद से अवैध शराब तस्करी में शामिल एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सेक्टर-5 क्षेत्र से अभियुक्त निजामुद्दीन पुत्र सरफुद्दीन को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 105 टैट्रा पैक अवैध देशी शराब बरामद की गई है।

अभियुक्त का विवरण

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी मूल रूप से बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले का निवासी है और वर्तमान में दिल्ली के केशोपुर मंडी क्षेत्र में रह रहा था। उसकी उम्र

लगभग 30 वर्ष बताई गई है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत मामला दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। बरामद शराब को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

अधिकारियों ने बताया कि अवैध शराब तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

नोएडा पुलिस ने डेढ़ घंटे में गुमशुदा 8 वर्षीय बच्ची को सकुशल खोजा, परिजनों को सौंपा

समाज जागरण

नोएडा, संदीप गर्गः थाना सेक्टर-58 नोएडा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र डेढ़ घंटे के भीतर गुमशुदा 8 वर्षीय बच्ची को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार, ग्राम विशनपुरा निवासी एक महिला ने पुलिस को सूचना दी कि उनकी पुत्री घर से कहीं चली गई है और काफी तलाश के बावजूद नहीं मिल रही है। सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की।

तीन टीमों का गठन, CCTV से की गई तलाश

पुलिस ने बच्ची की खोज के लिए तीन टीमों का गठन किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की

फुटेज का गहन विश्लेषण किया। लगातार प्रयासों के बाद बच्ची को लेबर चौक के पास सुरक्षित अवस्था में ढूंढ लिया गया।

परिजनों को सौंपा गया बच्ची को

पुलिस ने बच्ची को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। अपनी बेटी को सुरक्षित पाकर परिजनों ने राहत की सांस ली और थाना सेक्टर-58 पुलिस की तत्परता एवं कार्यशैली की सराहना की।

मद्रास कॉफी हाउस पर 'क्राइसिस चार्ज' को लेकर विवाद, उपभोक्ताओं में नाराजगी

समाज जागरण

नई दिल्ली (कनॉट प्लेस): कनॉट प्लेस स्थित प्रसिद्ध रेस्टोरेंट मद्रास कॉफी हाउस एक बार फिर चर्चा में है, लेकिन इस बार कारण उसके स्वादिष्ट व्यंजन नहीं बल्कि बिल में लगाए गए एक अतिरिक्त 'क्राइसिस चार्ज' को लेकर उठा विवाद है।

सोशल मीडिया पर वायरल एक बिल के अनुसार, रेस्टोरेंट ने ग्राहकों से कुल बिल राशि पर अतिरिक्त शुल्क वसूला है, जिसे 'क्राइसिस चार्ज' नाम दिया गया है। इस शुल्क को लेकर उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ गई है और लोग इसकी पारदर्शिता पर सवाल उठा रहे हैं।

₹510 के बिल पर ₹51 अतिरिक्त शुल्क

वायरल बिल में तीन कॉफी (फिल्टर कॉफी, ब्लैक फिल्टर कॉफी और साउथी चिल कॉफी) का कुल बिल ₹510 बताया गया है, जिस पर सीधे ₹51 का 'क्राइसिस चार्ज' जोड़ा गया। इसके बाद उस पर जीएसटी भी लागू किया गया है।

उपभोक्ताओं ने उठाए सवाल

ग्राहकों का कहना है कि इस तरह का अतिरिक्त शुल्क किस आधार और किस नियम के तहत लिया जा रहा है, इस पर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। इसे लेकर सोशल मीडिया पर भी बहस तेज हो गई है।

कानूनी और नैतिक सवाल खड़े

इस अनोखे चार्ज ने न केवल ग्राहकों को चौंकाया है, बल्कि उपभोक्ता अधिकारों और बिलिंग पारदर्शिता को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उपभोक्ता संगठनों ने मांग की है कि इस तरह के शुल्क की स्पष्ट व्याख्या और वैधता सार्वजनिक की जाए।

फुल पास्ट सर्विस काउंट को लेकर डूटा में अहम बैठक, यूजीसी से 'आर-पार' की रणनीति की तैयारी

समाज जागरण

नई दिल्लीः 'फोरम फॉर फुल पास्ट सर्विस काउंट' (फोरम फॉर फुल पास्ट सर्विस काउंट) के प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (डूटा) के अध्यक्ष प्रोफेसर वी.एस. नेगी और अन्य पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में शिक्षकों की सेवा संबंधी लंबित मांगों पर विस्तार से चर्चा हुई।

फुल पास्ट सर्विस काउंट की मांग पर जोर

प्रतिनिधिमंडल ने एक बार फिर 'फुल पास्ट सर्विस काउंट' की मांग को मजबूती से उठाया। डॉ. अमरेंद्र पांडेय, डॉ. कमला शौकीन, डॉ. दीपिका सिंह और डॉ. जगबीर सिंह

के नेतृत्व में पहुंचे सदस्यों ने कहा कि जब सीधी भर्ती में पिछली सेवाओं का लाभ दिया जाता है, तो पदोन्नति में इसे नजरअंदाज करना उचित नहीं है।

डॉ. विनीत सिन्हा और डॉ. अनिरुद्ध कुमार ने कहा कि यह मांग पूरी तरह न्यायसंगत है और इसे स्वीकार किया जाना चाहिए।

डूटा नेतृत्व का रुख

डूटा अध्यक्ष प्रो. वी.एस. नेगी ने कहा कि संगठन इस मुद्दे को गंभीरता से ले रहा है और इसे पहले यूजीसी तथा शिक्षा मंत्रालय के समक्ष मजबूती से उठाया जाएगा। उन्होंने संकेत दिया कि यदि समाधान नहीं निकलता है तो संगठन कानूनी और आंदोलनात्मक विकल्पों पर भी विचार करेगा।

कानूनी राय और रणनीति पर सहमति

बैठक में यह भी सहमति बनी कि मामले को आगे बढ़ाने के लिए विशेषज्ञों से कानूनी राय ली जाएगी और एक रणनीतिक रूपरेखा तैयार की जाएगी, ताकि आवश्यकता पड़ने पर कानूनी चुनौती दी जा सके।

आगे की राह

शिक्षक संगठनों ने स्पष्ट किया है कि वे इस मुद्दे पर एकजुट हैं और इसे नीति स्तर पर समाधान तक ले जाने के लिए लगातार प्रयास जारी रहेंगे।

पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष पद के लिए जितेंद्र सिंह के नाम की उठी मांग, समर्थकों ने जताया समर्थन

समाज जागरण

नोएडाः समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता जितेंद्र सिंह को पूर्वांचल मोर्चा नोएडा महानगर का अध्यक्ष बनाए जाने की मांग उनके समर्थकों द्वारा जोर-शोर से उठाई गई है। समर्थकों का कहना है कि उनके लंबे सामाजिक और राजनीतिक अनुभव को देखते हुए वे इस पद के लिए सबसे उपयुक्त उम्मीदवार हैं।

लंबा सामाजिक और राजनीतिक अनुभव

जितेंद्र सिंह पिछले लगभग 30 वर्षों से नोएडा में निवास कर रहे हैं और व्यवसाय के साथ-साथ राजनीति में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (BHU) के छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रियता शुरू की थी। पिछले 10 वर्षों से वे भारतीय जनता

पार्टी से जुड़े हुए हैं और जिला मंत्री जैसे महत्वपूर्ण दायित्व भी निभा चुके हैं। इसके साथ ही उन्होंने पूर्वांचल समाज को पार्टी से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

संगठनों में सक्रिय भूमिका

वे अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के नोएडा महानगर पूर्वांचल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रह चुके हैं तथा प्रवासी महासंघ में लगभग 16 वर्षों से वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। सामाजिक स्तर पर भी वे पूर्वांचल समाज के लोगों के सुख-दुख में सक्रिय रूप से जुड़े रहते हैं।

समर्थकों ने रखी मजबूत दावेदारी

उनके समर्थन में पूर्वांचल एकता मंच के अध्यक्ष अखिलेश सिंह, प्रवासी महासंघ के अध्यक्ष आलोक वत्स, ओम जय भोले युवा मंडल से कमलेश सिंह, युवा क्रांति सेवा के संस्थापक अविनाश सिंह सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनका समर्थन किया है।

समर्थकों का कहना है कि पूर्वांचल मोर्चा के अध्यक्ष पद के लिए जितेंद्र सिंह ही सबसे उपयुक्त और मजबूत दावेदार हैं, क्योंकि वे लंबे समय से समाज और संगठन के लिए सक्रिय योगदान दे रहे हैं।

गौतमबुद्धनगर में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस की सघन चेकिंग और गश्त

नोएडाः गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से सभी थाना क्षेत्रों में सघन चेकिंग और पुलिस गश्त अभियान चलाया जा रहा है।

पुलिस विभाग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, विभिन्न स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की जा रही है। इसके साथ ही प्रमुख चौराहों, बाजारों और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल की सक्रिय तैनाती सुनिश्चित की गई है।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता

अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।

श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस पर भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु, कृष्ण लीलाओं का वर्णन

समाज जागरण

नोएडा (सेक्टर-45): सदरपुर खजूर कॉलोनी सेक्टर-45 में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस पर श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए। कथा व्यास पंडित देवशरण शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की विविध लीलाओं का विस्तारपूर्वक वर्णन किया।

कृष्ण जन्म से गोवर्धन लीला तक का वर्णन

कथा के दौरान उन्होंने पूतना वध, तृणावर्त उद्धार, भगवान के नामकरण संस्कार, माखन चोरी लीला, यशोदा मैया द्वारा ओखली में बांधने की कथा, कालिया नाग दमन और इंद्र के गर्व हरण की घटनाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने गोवर्धन

पर्वत धारण कर भगवान के 'गोविंद' नाम प्राप्त करने की कथा भी सुनाई।

फूलों की होली ने बांधा समां

कथा के समापन पर ब्रज की प्रसिद्ध फूलों वाली होली का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु उत्साह और आनंद से झूम उठे। भजन-कीर्तन के साथ वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।

बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया और भक्ति रस में लीन रहे। मुख्य जजमान के रूप में सुरेश गुप्ता एवं अर्चना गुप्ता उपस्थित रहे।

इसके अलावा मुकेश गुप्ता, दिनेश गुप्ता, पुष्कल, जगदीश गुप्ता, मंजू, पूनम, शशि गुप्ता, निर्मला देवी, चंद्रपाल, रमेश, सुरेंद्र सिंह, गोपाल गुप्ता, ओमप्रकाश उपाध्याय, मोहित गुप्ता, राकेश गुप्ता, पुनीत पंडित, नंदकिशोर गोपाल सहित अनेक गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

आयोजन समिति ने जताया आभार

कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

वाराणसी के प्रसिद्ध पहलवान पंडित श्रीधर मिश्रा का निधन, कुश्ती जगत में शोक की लहर

समाज जागरण

वाराणसीः उत्तर प्रदेश के वाराणसी से जुड़े प्रसिद्ध पहलवान श्रीधर मिश्रा (उस्ताद पंडित श्रीधर मिश्रा) का निधन हो गया है। उनके निधन की खबर से कुश्ती और खेल जगत में शोक की लहर दौड़ गई है।

वाराणसी के इस दिग्गज पहलवान को उनकी अनुशासित जीवनशैली और असाधारण शारीरिक क्षमता के लिए जाना जाता था। वे उम्र के इस पड़ाव पर भी प्रतिदिन 50 किलो के गदा के साथ अभ्यास करते थे, जिसे युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा माना जाता है।

युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत

स्थानीय लोगों और खेल प्रेमियों का कहना है कि श्रीधर मिश्रा का जीवन समर्पण, अनुशासन और फिटनेस का उदाहरण था। उनकी दिनचर्या और परिश्रम ने कई युवाओं को कुश्ती और पारंपरिक व्यायाम की ओर प्रेरित किया।

शोक और श्रद्धांजलि

उनके निधन पर क्षेत्र में शोक का माहौल है। खेल जगत से जुड़े लोगों और प्रशंसकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया है।

दंत चिकित्सा में नवाचारों पर मंथन, टीएमयू कॉन्फ्रेंस में 250 शोध पत्र प्रस्तुत

मुरादाबाद (टीएमयू): तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी) के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से आयोजित 'इमर्जिंग ट्रेंड्स इन कंटेम्परेरी डेंटिस्ट्री' विषय पर अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में दंत चिकित्सा के आधुनिक आयामों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान कुल 250 रिसर्च पेपर और पोस्टर प्रस्तुत किए गए।

प्रतियोगिता में टीएमयू का प्रदर्शन

यूजी श्रेणी में टीएमयू की योगेशवरी और वृंदा अग्रवाल का पोस्टर प्रथम स्थान पर रहा। पीजी श्रेणी में डॉ. मेघना का पोस्टर प्रथम और रिसर्च पेपर प्रस्तुति में डॉ. हर्षित सेठी ने पहला स्थान प्राप्त किया।

लेजर तकनीक ने बदली दंत चिकित्सा की दिशा

बाबा कीनाराम ऑटोनोमस स्टेट मेडिकल कॉलेज, चंदौली के डॉ. पीयूष शिवहरे ने डायोड लेजर तकनीक पर कहा कि इसने

आधुनिक दंत चिकित्सा में क्रांति ला दी है। उन्होंने बताया कि लेजर तकनीक से कम दर्द, अधिक सटीकता और कम ऊतक क्षति के साथ उपचार संभव हो सका है।

उन्होंने डायोड लेजर, CO_2 लेजर, ND:YAG लेजर और एफ लेजर जैसी तकनीकों की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला।

उद्यमिता और अकको भूमिका पर चर्चा

सिंहगढ़ डेंटल कॉलेज के डॉ. विनीत विनय ने कहा कि दंत चिकित्सा में उद्यमी नवाचार और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) आधारित तकनीकें जैसे ओरल कैंसर डिटेक्शन और टेलीडेंटिस्ट्री भविष्य की स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ बना रही हैं।

3D इमेजिंग और शोध का महत्व

अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के प्रो. प्रद्युम्न वर्मा ने कोन बीम 3D इमेजिंग तकनीक पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि शोध, नवाचार और बहुविषयक सहयोग से आधुनिक दंत चिकित्सा को नई दिशा मिल रही है।

विशेषज्ञों की भागीदारी

कॉन्फ्रेंस में देशभर से कई विशेषज्ञ, विभागाध्यक्ष और शोधकर्ता शामिल हुए, जिन्होंने बायोमटेरियल्स, रीजनरेटिव डेंटिस्ट्री, डिजिटल इमेजिंग और 3D प्रिंटिंग जैसी तकनीकों पर विचार साझा किए। वक्ताओं ने कहा कि शोधकर्ता, नवप्रवर्तक और उद्यमी मिलकर दंत चिकित्सा के क्षेत्र में नए युग की शुरूआत कर रहे हैं, जिससे उपचार अधिक प्रभावी, सटीक और सुलभ बन रहा है।

ट्रैक्टर-ट्राले की टक्कर से बुग्गी क्षतिग्रस्त, भैंसा घायल

दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर नांगल सोती में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने भैंसा बुग्गी को टक्कर मार दी। इस हादसे में भैंसा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके दो पैर टूट गए। बुग्गी भी क्षतिग्रस्त हो गई। यह घटना शुक्रवार शाम नांगल सोती के

खानपुर तिराहे के वीके फॉर्म के पास नांगल-चंदक मार्ग पर हुई मोहल्ला बड़तला निवासी संदीप कुमार अपनी भैंसा बुग्गी लेकर एक कोल्हू से निकल रहे थे, तभी नांगल की ओर से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बुग्गी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बुग्गी चालक संदीप कुमार ने कूदकर अपनी जान बचाई। संयोगवश, कोई राहगीर ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में नहीं आया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया। थाना अध्यक्ष अमर सिंह राठौड़ ने बताया कि उन्हें ट्रैक्टर-ट्रॉली और बुग्गी की टक्कर की सूचना मिली थी। दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से समझौता हो गया हैं।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर नजीबाबाद। युवती को शादी काझांसा देकर दुष्कर्म करने और वीडियो वायरल करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना नजीबाबाद पुलिस के अनुसार विगत आठ अप्रैल को एक पीड़िता ने थाना नजीबाबाद में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि नगर के मौहल्ला वाहिदनगर निवासी शायान पुत्र कातिब ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ गलत काम किया, इतना ही नहीं आरोपी ने घटना का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया और विरोध करने पर गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की

तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान साक्ष्यों के आधार पर मामले में धारा वृद्धि की गई, पुलिस ने बीती देर शाम मुखबिर की सूचना पर आरोपी शायान को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

चोरी के ट्रैक्टर ट्राली सहित आरोपियो पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर भेजा जेल

दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर नगीना। ट्रैक्टर व ट्राली चोरों को पीड़ित ने पड़ोसियों की सहायता से रंगे हाथों ट्रैक्टर ट्राली सहित पकड़कर पुलिस को सौंप दिया पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया।

दिनांक 11अप्रैल 2026 को पीड़ित मौ० सलीम पुत्र शरीफ निवासी अम्बेडकर नगर नगीना अन्य पडोसियो के सहयोग से दो व्यक्तियों जाकिर पुत्र अब्दुल मजीद निवासी ग्राम शहजादपुर थाना शेरकोट व तारा सिंह पुत्र मल्लू सिंह निवासी ग्राम नूरपुर छीपरी थाना शेरकोट को पकड़कर थाना नगीना पर ले आये और आरोप लगाया कि दोनो आरोपियों द्वारा उसकी ट्राली को चोरी किया गया है जिनको वादी मुकदमा द्वारा अन्य पडोसियो की सहायता से मौके से पकडकर थाना लाया गया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 303(2)/317(2) BNS पंजीकृत कर उपरोक्त दोनो आरोपियों को अभियुक्तो जाकिर व तारा सिंह को घटना में प्रयुक्त एक ट्रैक्टर स्वराज 735 चैसिस नम्बर QXTD 30605033786 व एक ट्राली सहित गिरफ्तार के जेल भेज दिया गया।

सपाइयों ने महात्मा ज्योतिबा फुले की मनाई जयंती

समाज जागरण

सम्भल। जिला संभल समाजवादी पार्टी कैंप कार्यालय बहजोई पर पर बैठक संपन्न हुई बैठक में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई बैठक में जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारी ने महात्मा ज्योतिबा फूले जी की चित्र पर माला अर्पण

किया जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा महात्मा ज्योतिबा फुले का जन्म 11 अप्रैल 1827 को पुणे, महाराष्ट्र में हुआ था। वे 19वीं सदी के महान समाज सुधारक, विचारक, लेखक और क्रांतिकारी थे। उन्होंने जीवन भर जाति-व्यवस्था, छुआछूत, बाल-विवाह और स्त्री-शिक्षा के अभाव जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ संघर्ष किया। "सत्यशोधक समाज" की स्थापना कर उन्होंने शोषित, वंचित और किसानों की आवाज को बुलंद किया।
जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधर ने कहा ज्योतिबा फुले ने अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर 1848 में लड़कियों के लिए देश का पहला स्कूल खोला। उस दौर में महिलाओं और दलितों को पढ़ाना अपराध माना जाता था, फिर भी उन्होंने तमाम विरोध सहकर शिक्षा की अलख जगाई। उनका मानना था कि शिक्षा ही वह हथियार है जिससे गुलामी की जंजीरें टूट सकती हैं। उन्होंने विधवा पुनर्विवाह, अनाथ बच्चों के लिए आश्रम खोलें 'सार्वजनिक सत्यधर्म' ' उनके आदर्शों को अपनाकर भेदभाव रहित समाज बनाने का संकल्प लें, बैठक में अध्यक्षता जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने की संचालन जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शखधार पूर्व प्रत्याशी चंदौसी विमलेश कुमारी ओम प्रकाश प्रजापति ब्लॉक प्रमुख संजीव यादव उमेश यादव शोभित कुमार काका सद्दाम कुरेशी चेतन गुप्ता उमेश दिवाकर अशोक राणा उमेश यादव अशोक गुप्ता योगेंद्र यादव रियासत भाई मुकेश यादव नेताजी लाईक सिंह रत्नेश भारती कपिल देव नेत्रपाल राणा गेंदाल लाल राणा बब्बन मौर्य वीरपाल यादव साजिद कुरैशी साजिद कुरैशी विनीत कुमार मनीष कुमार पप्पू शर्मा नरेंद्र एडवोकेट ललतेश यादव अनिल यादव सोनू दिवाकर कमरे रेवाराम विजय यादव शेखर शर्मा आदि उपस्थित रहे।

बढ़ापुर पुलिस ने अवैध शस्त्रों के साथ चार अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर बढ़ापुर पुलिस ने मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के एक गांव में छापा मारकर चार लोगों को अवैध शस्त्र बंदूक, तमंचे एवं कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चारों अभियुक्तों का पुलिस ने आर्म्स एक्ट की धाराओं में चालान कर दिया गया है जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अवैध शास्त्रों के निर्माण, बिक्री, परिवहन व अपने पास रखने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे हैं अभियान के अंतर्गत बढ़ापुर पुलिस ने उल्लेखनीय सफलता अर्जित करते हुए चार अभियुक्तों को अवैध असलहा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर गुरुवार की रात्रि उप निरीक्षक विनोद कुमार व विकास कुमार के में थाना बढ़ापुर पुलिस की टीम ने थाना क्षेत्र के रामगंगा नदी खादर क्षेत्र में चार नेतृत्व अभियुक्तों को एक डबल बैरल बंदूक 12 बोर, एक तमंचा 315 बोर, एक चाकू रामपुरी, 14 जिंदा कारतूस 12 बोर, एक खोखा कारतूस 12 बोर तथा 27 जिंदा कारतूस 32 बोर के साथ उस समय गिरफ्तार किया है जब यह किसी घटना को अंजाम देने जा रहे थे। गिरफ्तार अभिक्तों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम मनदीप सिंह पुत्र हरभजन सिंह, गुरप्रीत सिंह पुत्र निर्मल सिंह निवासी मानपुर रोड, कस्बा व थाना कोतवाली काशीपुर जनपद उधम सिंह नगर, अमरजीत सिंह उर्फ ठाकुर पुत्र कश्मीर सिंह गांव भोगपुर थाना बढ़ापुर तथा इस्मीत सिंह पुत्र अजीत सिंह निवासी बड़ा गुरुद्वारा कस्बा व थाना काशीपुर जनपद उधम सिंह बताये। पुलिस ने गिरफ्तार चारों अभियुक्तों के विरुद्ध आर्म्स की धारा 3/4/25/29 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर चारों अभियुक्तों का चालान कर दिया है।

झूठे मुकदमों के विरोध में भाकियू टिकैत का धरना पांचवें दिन भी जारी, 16 अप्रैल को महापंचायत व सीओ कार्यालय घेराव का ऐलान

दैनिक समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के बैनर तले किसानों का आंदोलन अब तेज होता जा रहा है। किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर अफजलगढ़ डाक बंगले पर चल रहा धरना-प्रदर्शन शुक्रवार को पांचवें दिन भी पूरे जोश के साथ जारी रहा। ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान धरना स्थल पर डटे रहे और सरकार व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरने को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान ने कहा कि किसानों पर दर्ज किए गए झूठे मुकदमों को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए, अन्यथा आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक किसानों को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक धरना-प्रदर्शन अनवरत जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि आगामी 16 अप्रैल को अफजलगढ़ डाक बंगले परिसर में एक विशाल महापंचायत आयोजित की जाएगी, जिसमें क्षेत्रभर के किसान बड़ी संख्या में शामिल होंगे। महापंचायत के बाद उसी दिन सीओ कार्यालय अफजलगढ़ का घेराव कर प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। धरना स्थल पर मौजूद किसानों में प्रशासन की उदासीनता को लेकर भारी आक्रोश देखने को मिला। किसानों का कहना है कि पांच दिनों से शांतिपूर्ण तरीके से धरना चल रहा है, लेकिन अब तक कोई भी जिम्मेदार अधिकारी उनकी समस्याएं सुनने तक नहीं पहुंचा है। इसे लेकर किसानों ने प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाया। किसानों ने आरोप लगाया कि उन्हें साजिश के तहत झूठे मुकदमों में फंसाया जा रहा है, जिससे उनका उत्पीड़न हो रहा है। इसके साथ ही बिजली विभाग पर भी गंभीर आरोप लगाए गए। किसानों का कहना है कि विभाग द्वारा मनमाने तरीके से बढ़े हुए बिजली बिल भेजे जा रहे हैं और उन्हें सही कराने के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। इस समस्या से क्षेत्र के अधिकांश किसान परेशान हैं। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सुनवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा और बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। धरना-प्रदर्शन में राणा सिंह सैनी, बरसा सिंह, पूर्व प्रधान दर्शन सिंह रावत, चरणदीप सिंह, पूर्व प्रधान बलकार सिंह,वसीम अहमद गुर्जर,दीपक सिरोही,आर्य देव राणा, अतुल शर्मा, गुरविंदर सिंह गिल, सुदर्शन सिंह,जसपाल सिंह चौधरी, रमेश सिंह शेखावत,सतीश आर्यन, चौधरी दीपक, सतनाम सिंह, रूपक ठाकुर,गुरप्रीत सिंह, अनिल चौहान, धर्मेन्द्र कुमार, डॉ विजय सिंह, डॉ धर्मवीर सिंह, ओमप्रकाश सिंह, भूदेव सिंह, तेजपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

प्रयत्न संस्था ने मिशन शक्ति टीम के साथ मिलकर बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत बाल विवाह के खिलाफ किया जागरूक

समाज जागरण

संभल। मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा सम्पूर्ण जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में शनिवार को मिशन शक्ति टीम ने बाल विवाह के खिलाफ कार्यरत प्रयत्न संस्था के साथ ब्रजरतन कन्या इंटर कॉलेज सम्भल में एक कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें मिशन शक्ति टीम की प्रभारी सब इंस्पेक्टर राखी चौधरी ने बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी एवं गुड़ टच बैड टच के वारे मे बताते हुए कहा की अगर कोई भी व्यक्ति आपको गलत तरीके से छुए या गलत नजरिये से देखे तो तुरंत पुलिस हेल्पलाइन 112 पर सूचना दें किसी भी आपात स्थिति में पुलिस

हमेशा मदद को तैयार है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन की सहयोगी प्रयत्न संस्था के प्रभारी गौरीशंकर चौधरी ने बच्चों को बाल अपराधों के विषय में जानकारी देते हुए बाल विवाह के खिलाफ जागरूक किया और बताया की हमारे आसपास हो रहे किसी भी बाल अपराध की जानकारी संबंधित नंबरों जिसमें चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, पुलिस 112 पर देनी है। महिला हेल्पलाइन 1090 की जानकारी दी इस अवसर पर मिशन शक्ति टीम के साथ प्रयत्न संस्था के फील्ड कोर्डिनेटर सिराज अहमद सहित स्कूली स्टाफ उपस्थित रहा।

श्री अक्रूर जी महाराज के जन्मोत्सव पर नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

समाज जागरण

चंदौसी। नगर में श्री अक्रूर जी महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर श्री वार्ष्णेय यूथ संगठन के तत्वावधान में एक भव्य शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े और पूरा नगर भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा।
यात्रा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण और अक्रूर जी महाराज के जीवन पर आधारित मनमोहक झांकियां प्रदर्शित की गईं, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं।
अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने बताया इस वर्ष की शोभायात्रा में एक कुंतल 20 किलो की पीतल की प्रतिमा विशेष रूप से शामिल की गई, नगर के विभिन्न मार्गों पर स्थानीय निवासियों और व्यापारियों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया।
आयोजन को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन और पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

धार्मिक आयोजन और समापन

शोभायात्रा से पूर्व हवन-पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने आहुति दी। यात्रा का समापन आरती और विशेष महाप्रसाद वितरण के साथ हुआ।
शोभायात्रा में मुख्य रूप से लता वार्ष्णेय प्रतिभा चौधरी विनेश वार्ष्णेय मौसम गुप्ता अमित के एस ओमी लाला अखिलेश खिलाड़ी रवि अमित चौधरी देवेंद्र मोनू प्रभात कृष्णा राहुल चौधरी लकी वार्ष्णेय मयंक वार्ष्णेय चिंकल पवन भट्टा विमल वार्ष्णेय सोनू धर्मशाला मंतेश वार्ष्णेय रतन मेडिकल रितिक बृजेश कपिल ओ एल एफ सिशांक वार्ष्णेय बृजेश पवन वार्ष्णेय आशीष गुप्ता चिराग फैंसी निक्कू किट्टू रोमिल दिव्या शर्मा मोनू लाला राकेश आर्या राजू मुंशी रजनीश मुकेश ब्रेड लकी रेशर राघव लोचन अनीश अजंता दीपांशु नारायण प्रमोद गुरु प्रतीक गर्वित कुणाल कृष्णा अंशुल टनाटन कार्तिक वर्ण आदि मौजूद रहे।

कालागढ़ की वृद्ध महिला का शव मिलने से फैली सनसनी

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर शेरकोट। नेशनल हाइवे (काशीपुर हरिद्वार मार्ग पर नगर स्थित सिंघाई की पुलिया के पास शनिवार सुबह एक वृद्ध महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी । सुबह खेतों की ओर जा रही महिलाओं और किसानों की नजर जब पुलिया के पास पड़े शव पर पड़ी तो वे घबरा गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना फैलते ही आसपास के ग्रामीण भी मौके पर एकत्र हो गये। पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। घटनास्थल पर शव के पास एक नया खाली बैग, कुछ दवाइयां और एक आधार कार्ड पड़ा मिला, जिससे पुलिस को वृद्ध महिला की पहचान में मदद मिल सकी। आधार कार्ड के हिसाब मृतका की पहचान कश्मीरी देवी पत्नी रामवीर सिंह निवासी नई बस्ती कालागढ, अफजलगढ़ बिजनौर के रूप में हुई। पुलिस द्वारा परिजनों को जानकारी दी गयी, पति रामवीर सिंह ने बताया कि उनकी धर्मपत्नी कश्मीरी देवी (70 वर्ष) शुक्रवार सुबह घर से आंख बनवाने के लिये धामपुर गयी थीं, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटीं। इसके बाद परिजन उनकी तलाश कर रहे थे। बताया गया कि मृतका अपने पीछे तीन पुत्र और दो पुत्रियां सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। महिला की अचानक मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। महिला की मोत किन कारणों से हुई फिलहाल यह अभी स्पष्ट नही हो पाया हैं, पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

थानाध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह राठी ने समाधान दिवस में लोगों की समस्याओं को सुना। तीन शिकायत का मौके पर ही किया निस्तारण

दैनिक समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। थानाध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह राठी ने कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में लोगों की समस्याओं को सुना। समाधान दिवस के दौरान सात शिकायतें दर्ज करायी गयी जिनमें से तीन शिकायत का मौके पर ही निस्तारण किया गया अन्य शिकायतों का निस्तारण कराने को लेकर लेखपाल व विभागीय अधिकारियों को मौके पर भेजा गया है। शनिवार को कोतवाली प्रांगण में आयोजित समाधान दिवस में थानाध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह राठी ने कहा कि पीड़ित को न्याय दिलाना प्रत्येक अधिकारी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि यदि किसी विवाद से कोई शांति व्यवस्था भंग होने का अंदेशा है, तो उसकी तत्काल सूचना पुलिस को दें। समाधान दिवस में फरियादियों द्वारा सात शिकायतें आयी तीन शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि अन्य शिकायतों का निस्तारण कराने को लेकर लेखपाल व विभागीय अधिकारियों को मौके पर भेजा गया है। वही अफजलगढ़ एसएसआई श्रीपाल ने कहा कि समाधान दिवस की शिकायतों का निस्तरण शीघ्र ही कराया जायेगा और पीड़ित की हर समस्या को निस्तारण कर समाधान कराया जायेगा। इस अवसर पर एसएसआई श्रीपाल सिंह के आलावा कस्बा इंचार्ज मनीष कुमार,एसआई हरवीर सिंह, उपनिरीक्षक राजीव कुमार,उप निरीक्षक जयवीर सिंह सहित कानूनगो अफजलगढ़ योगेन्द्र कुमार, कानूनगो कासमपुरगढ़ी नरेश कुमार, लेखपाल गौरव चौहान,लेखपाल अनिरुद्ध चौहान,जितेन्द्र प्रताप सिंह, ऋषिपाल सिंह,नागेन्द्र सिंह,राकेश कुमार,संजीव कुमार,जितेन्द्र कुमार, फूल सिंह, लेखपाल चंचल रानी, लेखपाल तेजपाल सिंह, लेखपाल दीपेन्दर कुमार तथा लेखपाल राखी चौहान सहित अधिकांश लेखपाल मौजूद थे।

बार काउंसलिंग उत्तर प्रदेश द्वारा नगर के तीन अधिवक्ताओं के लाइसेंस 5 वर्ष के लिए निरस्त किए

दैनिक समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर नजीबाबाद नगर में बार काउंसलिंग उत्तर प्रदेश द्वारा नजीबाबाद के तीन अधिवक्ताओं के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं आपको बता दे इन तीनों अधिवक्ताओं पर आरोप है कि 2024- 25 के नजीबाबाद बार काउंसलिंग चुनाव के दौरान नजीबाबाद के कई अधिवक्ताओं के वोट इनके द्वारा काटे गए थे। जिसमें फहीम अहमद एडवोकेट , पंकज बिश्नोई एडवोकेट, हरपाल सिंह एडवोकेट, पंकज बिश्नोई एडवोकेट आदि अधिवक्ताओं के वोटर लिस्ट में से नाम काट दिए गए थे, जिस कारण से बार काउंसिल चुनाव में यह सभी अधिवक्ता गण वोट नहीं डाल पाए थे। पीड़ित अधिवक्ताओं द्वारा बार काउंसलिंग उत्तर प्रदेश के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराई गई। बार काउंसलिंग उत्तर प्रदेश के तत्कालीन अध्यक्ष शिव किशोर गॉड द्वारा इस मामले में आदेश पारित किया गया की इन अधिवक्ताओं को बार काउंसलिंग के चुनाव में वोट डालने दिया जाए, लेकिन उस समय की बार काउंसलिंग चैयरमेन अजय गोयल एडवोकेट और अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह एडवोकेट, और जितेंद्र राजपूत एडवोकेट द्वारा इन आदेशों को नहीं माना गया। पीड़ित अधिवक्ता गण दोबारा से बार काउंसलिंग में अपनी शिकायत दर्ज कराने गए तो इस बार अध्यक्ष बार काउंसलिंग उत्तर प्रदेश द्वारा एक जांच कमेटी का गठन किया गया जिसमें जांच कमेटी का अध्यक्ष पूर्व चैयरमेन इमरान मजीद खान एडवोकेट को बनाया गया ।उनके द्वारा भी एक आदेश पारित किया गया कि इन सभी अधिवक्ताओं को वोट डालने दिया जाए और स्पष्टीकरण के लिए मेरे समक्ष उपस्थित हो का देश पारित किया गया। लेकिन इन तीनों अधिवक्ताओं द्वारा आदेशों की अवेहलना की गई और मन माने ढंग से इन तीनों अधिवक्ताओं नजीबाबाद बार संघ अधिकारियों द्वारा अपने पद का दुरुपयोग किया गया, ऐसा आरोप लगाया गया है, जिससे परेशान होकर पंकज विश्नोई एडवोकेट द्वारा एक मुकदमा संबंधित धाराओं में दायर किया गया। जिसके डेढ़ वर्ष तक जांच चली। पंकज विश्नोई एडवोकेट को भी इस दौरान सुना गया और तीनों अधिवक्ताओं को भी सुना गया और साक्ष्य एकत्रित किए गए इनके आधार पर आज 10 अप्रैल को डाक द्वारा इन अधिवक्ताओं के लाइसेंस निरस्तीकरण सूचना प्राप्त हुई।

ब्राह्मण महिला सभा की प्रथम जिलाध्यक्ष बनी रंजना शर्मा एडवोकेट

समाज जागरण

चंदौसी। ब्राह्मण महिला सभा जिला संभल की जिला कार्यकारणी का शपथग्रहण समारोह ब्राह्मण महिला सभा जिला संभल के तत्वाधान में चंदौसी नगर के सुप्रसिद्ध विद्यालय में ब्राह्मण महिला सभा जिला संभल की अध्यक्ष सहित सम्मानित कार्यकारणी का शपथग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्राह्मण महिला सभा की वरिष्ठ सदस्य उर्मिला शर्मा, सभा संयोजिका संगीता भार्गव ओर जिला अध्यक्ष रंजना शर्मा द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।जिला महासचिव आशा सारस्वत और कोषाध्यक्ष सुमन मिश्रा ने गायत्री मंत्र उच्चारण कर ईश्वर स्तुति की। तत्पश्चात सभा की संयोजिका संगीता भार्गव ने ब्राह्मण महिला सभा जिला संभल की प्रथम जिलाध्यक्ष के रूप में रंजना शर्मा एड को शपथ ग्रहण कराई। उन्होंने बताया कि रंजना शर्मा लगातार कई वर्षों से ब्राह्मण महिला सभा के लिए निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य कर रही है उनकी सभा के प्रति अनुशासन, निष्ठा, लगन,मेहनत को देखकर समस्त सदस्यों की सहमति से जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। इसके साथ ही जिला कार्यकारणी के जिला महासचिव पद पर आशा सारस्वत, कोषाध्यक्ष पद पर सुमन मिश्रा को शपथ ग्रहण कराई गई। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष रंजना शर्मा ने संगीता भार्गव सहित समस्त सम्मानित सदस्यों का आभार व्यक्त किया साथ उन्होंने बताया कि जो दायित्व उनको सभा द्वारा सौंपा गया है उस दायित्व को महत्वपूर्ण दायित्व हेतु हृदय से हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएँ। पूर्ण विश्वास है कि आपके सक्षम, दूरदर्शी, समर्पित एवं अच्छे से निभाएगी। ओर ये प्रयास रहेगा ब्राह्मण महिला सभा जिला संभल नई ऊँचाइयों को प्राप्त करे।इस अवसर पर नगर अध्यक्ष रानी शर्मा, नगर सचिव नीलम राय, नगर कोषाध्यक्ष अंशु नागर , उपाध्यक्ष सुनीता शर्मा, सुधा शर्मा, सपना शर्मा, साधना पाठक, आशा गोस्वामी, बबिता शर्मा, अनीता शर्मा, सुलेखा नागर, निर्मला मिश्रा, ममता नागर, कुमकुम मिश्रा आदि सदस्यों की उपस्थित रही।

ज्योतिबा फुले जी शिक्षा को समाज सुधार का सबसे प्रभावी माध्यम मानते थे

समाज जागरण

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने महान समाज सुधारक एवं शिक्षाविद् महात्मा ज्योतिबा फुले जी को उनकी जयंती पर सादर नमन किया।
प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा ह्लमहान समाज सुधारक एवं शिक्षाविद् महात्मा ज्योतिबा फुले जी को उनकी जयंती पर सादर नमन। ज्योतिबा फुले जी शिक्षा को समाज सुधार का सबसे प्रभावी माध्यम मानते थे। उन्होंने महिलाओं की शिक्षा के लिए अभूतपूर्व कार्य किए तथा सत्यशोधक समाज की स्थापना कर समाज में समानता और न्याय की दिशा में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

कांधला देहात में नवनिर्मित सीसी सड़क का एमएलसी ने किया लोकार्पण

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) कांधला देहात में नवनिर्मित सीसी सड़क का शनिवार को भव्य उद्घाटन किया गया। एमएलसी किरणपाल कश्यप ने फीता काटकर सड़क का लोकार्पण किया, जिससे क्षेत्र के लोगों को जलभराव और टूटी सडकों से निजात मिल सकेगी।

शनिवार को एमएलसी किरणपाल कश्यप ने कार्यक्रम के दौरान कैम्प कार्यालय पर समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती भी श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके जीवन, सामाजिक सुधारों और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को याद किया। अपने संबोधन में एमएलसी किरणपाल कश्यप ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास और आमजन की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों का तेजी से विकास हो सके। इसके बाद उन्होने कांधला देहात में नवनिर्मित सीसी सड़क का शनिवार को भव्य उद्घाटन किया गया। एमएलसी किरणपाल कश्यप ने फीता काटकर सड़क का लोकार्पण किया, जिससे क्षेत्र के लोगों को जलभराव और टूटी सडकों से निजात मिल सकेगी। इस मौके पर गौरव कश्यप सहित सुरेन्द्र कश्यप, चन्द्रपाल कश्यप, संजीव राठी, धीरज प्रधान, दीपक कश्यप मौजूद रहे।

हर्षोल्लास के साथ फेयरवेल पार्टी का आयोजन

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) शहर के हिन्दू महिला महाविद्यालय में शनिवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अंतिम वर्ष की छात्राओं को विदाई देना और नवप्रवेशित छात्राओं का स्वागत करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्या डॉ. मंजू गर्ग द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद छात्राओं ने शास्त्रीय, फ्यूजन व आधुनिक नृत्य, गीत, समूहगान, नाटिका, कविता पाठ, प्रश्नोत्तरी राउंड एवं परिचय कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के आधार पर मिस फ्रेसर का खिताब अक्षा, मिस फेयरवेल पायल भारद्वाज, मिस ब्यूटी दिव्यांशी चंद्रा, मिस यूनिक अभिशा गोयल तथा मिस परफेक्ट का चयन कर उन्हें पुरस्कृत किया गया। अंतिम वर्ष की छात्राओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए महाविद्यालय से जुड़ी यादों को ताजा किया। नवप्रवेशित छात्राओं का वरिष्ठ छात्राओं द्वारा फूलों से स्वागत किया गया और उन्हें कॉलेज की परंपराओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में छात्राओं का आत्मविश्वास और रचनात्मकता साफ झलकी। समापन अवसर पर प्राचार्या डॉ. मंजू गर्ग ने कहा कि छात्राओं के प्रस्तुत कार्यक्रमों और भावनात्मक संदेशों में प्रेम, आभार और नई शुरूआत की उम्मीद दिखाई देती है। उन्होंने सभी छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों का संस्था को मजबूत बनाने में योगदान के लिए आभार जताया।

15 अप्रैल से मिल बंदी का प्रथम नोटिस जारी

समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)

त्रिवेणी ग्रुप की अपर दोआब शुगर मिल्स ने पेराई सत्र 2025-26 की समाप्ति को लेकर 15 अप्रैल से मिल बन्दी का प्रथम नोटिस जारी कर दिया है। मिल प्रबंधन के अनुसार गन्ने की लगातार घटती आवक के चलते मिल को नो केन की स्थिति या कम क्षमता पर संचालित करना पड़ रहा है।

महाप्रबन्धक गन्ना सतीश बालियान ने बताया कि 10 अप्रैल तक मिल में 78 लाख 58 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई की जा चुकी है। वर्तमान में 28 क्रय केन्द्रों में से 10 केन्द्र बन्द हो चुके हैं, जबकि शेष 18 केन्द्र भी आगामी तीन दिनों में बन्द कर दिए जाएंगे। मिल प्रशासन के अनुसार सभी क्रय केन्द्रों के लिए पर्ची इंडेन्ट जारी कर दिए गए हैं और किसानों की सुविधा के लिए फ्री पर्ची भी उपलब्ध कराई जा रही है। जिन किसानों के पास पर्ची की कमी है, वे मिल अधिकारियों से संपर्क कर पर्ची प्राप्त कर सकते हैं और समय से गन्ना आपूर्ति सुनिश्चित करें। साथ ही किसानों से साफ-सुथरा, छिला हुआ तथा जड़, पत्ती, अगोला और घूंघ रहित गन्ना आपूर्ति करने की अपील की गई है। पेराई सत्र के दौरान सहयोग के लिए मिल प्रबंधन ने किसानों का आभार भी व्यक्त किया है।

श्री बालाजी की भव्य शोभायात्रा का आयोजन

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) शहर के जैन मोहल्ला नौकुआ रोड स्थित श्री बाबा दयालदास मंदिर से शनिवार को श्रीबालाजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर विभिन्न स्थानों से होकर गुजरी, जिसका अनेकों स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया।

शनिवार को शहर के नौकुआ रोड स्थित श्री बाबा दयालदास मंदिर से श्री बालाजी शोभायात्रा सेवा समिति द्वारा श्री बालाजी शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 7 बजे संगीतमय सुंदरकांड पाठ से हुई। सके पश्चात प्रातः 10 बजे संकट मोचन कष्ट निवारण महायज्ञ आयोजित किया गया। प्रातः 11 बजे 108 दीप प्रज्वलन के साथ बाबा को छप्पन भोग अर्पित किए गए। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होकर धर्मलाभ उठाया। दोपहर तीन बजे श्री बालाजी महाराज की भव्य शोभायात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से निकाली जाएगी। शोभायात्रा का शुभारंभ सदर विधायक प्रसन्न चौधरी ने किया। जो फव्वारा चौक, कबाडी बाजार, नया बाजार, गांधी चौक, शिव चौक, रेलवे रोड, हनुमान रोड और वीवी इंटर कालेज रोड से होते हुए संपन्न हुई। शोभायात्रा के दौरान भक्तजन भजन-कीर्तन करते हुए पूरे नगर को भक्तिमय बना दिया था। देर रात महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान जगह जगह विशाल भंडारों का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर पूज्य गुरु चन्द्रकिरण महाराज का सान्निध्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर राजीव कुमार, दीपक गर्ग, दिनेश गोयल, संजय पंडित, कंवरपाल, दीपक गर्ग, दीपक मित्तल, प्रवीन गर्ग, समय सिंह हलवाई, रवि कुमार मौजूद रहे।

रिक्शा को लेकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट, थाने पर शिकायत

समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)

रेलवे स्टेशन पर रिक्शा को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

कैराना क्षेत्र के मोहल्ला आल कला निवासी संदीप कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 9 अप्रैल को अपनी पत्नी व बच्चों के साथ दिल्ली से ट्रेन द्वारा शाम करीब 4 बजे शामली रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। स्टेशन से बाहर निकलने के बाद वह एक रिक्शा में बैठ गए, लेकिन चालक अन्य सवारियां लेने के लिए वापस स्टेशन की ओर चला गया। जल्दबाजी के चलते संदीप अपने परिवार सहित दूसरे रिक्शा में बैठ गए। इसी दौरान पहले वाला रिक्शा चालक सुमित वहां पहुंच गया और उन्हें अपने रिक्शा में बैठने के लिए दबाव बनाने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने संदीप के साथ मारपीट शुरू कर दी और घूंसे मारकर घायल कर दिया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि बीच-बचाव करने आई उसकी पत्नी के साथ भी गाली-गलौज की गई। पीड़ित के अनुसार कुछ ही देर में रिक्शा मालिक शिवम भी मौके पर पहुंच गया और उसने भी मारपीट में साथ देते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना में संदीप के नाक व माथे पर चोटें आई हैं। पुलिस ने पीडित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों की ठगी

समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)

थाना गढ़ीपुख्ता क्षेत्र में रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवक से ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव औरंगाबाद उर्फ गंदेवड़ा निवासी राहुल पुत्र बिरम सिंह ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसके मोबाइल पर दो अलग-अलग नंबरों से कॉल आई थी। कॉल करने वाले अज्ञात व्यक्ति ने उसे रेलवे में सरकारी नौकरी दिलाने का लालच दिया। आरोप है कि झांसे में आकर उसने रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर 1,05,500 रुपये आरोपी के बताए अनुसार जमा कर दिए। कुछ समय बाद जब उसे ठगी का अहसास हुआ तो पीड़ित ने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित की शिकायत पर थानाध्यक्ष के आदेश से अज्ञात आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

थाना समाधान दिवस मे तहसीलदार ने सुनी समस्याएं

समाज जागरण

झिंझाना कोतवाली में समाधान दिवस पर तहसीलदार ऊन ललिता चौधरी एवं कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कसाना ने क्षेत्र के लोगों की समस्या को सुना। जिसमें दो प्रार्थना पत्र राजस्व विभाग संबंधित आये। जिसमें एक का मौके पर ही समाधान कराया। जबकि दूसरे के समाधान हेतु संबंधित अधिकारी को आदेशित किया। इस मौके पर समस्त कानूनगो एवं लेखपाल मौजूद रहे।

शनिवार को कोतवाली झिंझाना में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें ललिता चौधरी तहसीलदार ऊन व कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कसाना ने क्षेत्र के लोगों की समस्या सुनी। समाधान दिवस में दो प्रार्थना पत्र आये जिसमें पहला प्रार्थना पत्र नरेश कुमार निवासी काका नगर शामली ने बताया उसने सींगरा निवासी महेंद्र से जमीन खरीदी थी और उसी को ठेके पर दिया था। लेकिन महेंद्र जमीन छोड़ने के लिए तैयार नहीं था। मामले में मौके पर ही दोनों पक्षों को बुलाया और निपटारा कराकर कब्जा मुक्त कराया। दूसरा प्रार्थना पत्र लोकेन्द्र सिंह निवासी काका नगर शामली ने ऊन रोड झिंझाना में भूमि पर गाड़ी खड़ा करने का अजय बंसल पर आरोप लगाया। भूमि पर कब्जा हटाने की मांग की, जिसके समाधान हेतु संबंधित अधिकारी को आदेशित किया।इस मौके पर सीनियर उपनिरीक्षक सुभाष कुमार सहित राजस्व टीम में कानूनगो एवं लेखपाल मौजूद रहे। कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कसाना ने बताया समाधान दिवस पर दो प्रार्थना पत्र मिले जिसमें एक का मौके पर समाधान कराया दूसरे को संबंधित अधिकारी को समाधान हेतु भेजा गया है।

समाधान दिवस में पहुंची तीन शिकायत मौके पर टीम भेजकर कराया निस्तारण

समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)

शासन के निदेशानुसार शनिवार को थाना परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें नगर एवं क्षेत्र से पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। अधिकारियों ने शिकायतों पर टीम भेजकर निस्तारण कराया।समाधान दिवस मे हाजीपुर दुग्गड्डा निवासी फूल हसन ने शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि उसके पड़ोसी उसकी जमीन पर अवैध कब्जा कर मकान निर्माण कर रहे हैं।

वहीं गांव हुरमुजपुर निवासी भूरो देवी ने भी शिकायत करते हुए बताया कि उसका देवर उसकी जमीन पर जबरन कब्जा कर खेती कर रहा है। पीड़िता ने प्रशासन से भूमि को कब्जा मुक्त कराने की गुहार लगाई इसके अलावा कस्बा निवासी अनीश ने जन्नत कॉलोनी स्थित अपने प्लांट पर कुछ लोगों द्वारा जबरन निर्माण कार्य किए जाने की शिकायत दर्ज कराई और प्रशासन से हस्तक्षेप कर निर्माण कार्य रुकवाने की मांग की।समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे उप निरीक्षक अमित कुमार ने सभी शिकायतों पर राजस्व विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीमों को मौके पर भेजा। उन्होंने निर्देश दिए कि पीड़ितों की शिकायत सुनकर निस्तारण किया जाए। इस दौरान राजस्व विभाग के अधिकारी व पुलिस टीम मौजूद रही।

चेकिंग के दौरान एक करोड़ तेरह लाख की हीरोइन संग तस्कर गिरफ्तार

-कांधला थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार और नारकोटिक्स टीम को मिली कामयाबी

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

क्षेत्र में अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सक्रिय थाना पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। नारकोटिक्स टीम और थाना कांधला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में भारसी मोड़ से एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब एक करोड़ तेरह लाख रुपये कीमत की 565 ग्राम हीरोइन, एक मोबाइल फोन तथा नकदी बरामद की गई है।

पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के सख्त निदेशों के अनुपालन में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार अपनी टीम के साथ क्षेत्र में लगातार गश्त और चेकिंग अभियान चला रहे हैं। इसी क्रम में भारसी मोड़ पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की जांच के दौरान पुलिस को एक युवक संदिग्ध अवस्था में आता दिखाई दिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवक को रोककर पूछताछ की, लेकिन वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इसके बाद पुलिस ने सघन तलाशी अभियान चलाया, जिसमें युवक के कब्जे से 565 ग्राम अवैध हीरोइन, एक मोबाइल फोन तथा 1800 रुपये की नकदी बरामद हुई। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ तेरह लाख रुपये आंकी जा रही है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि आरोपी बड़े नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है।पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम वसीबू पुत्र जब्बार निवासी दहरा थाना धौलाना जनपद हापुड़ बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार की सक्रिय कार्यशैली और कुशल नेतृत्व के चलते यह कार्रवाई संभव हो सकी। क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ उनकी सख्त नीति और निरंतर निगरानी के कारण तस्करों में भय का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगेगा।पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

महिला ने पति सहित ससुराल पक्ष पर लगाया मारपीट का आरोप

समाज जागरण
झिंझाना। (फुरकान जंग)

क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपने पति, सास अन्य ससुराल पक्ष के लोगों पर मारपीट, दहेज उत्पीड़न और जान से मारने की नीयत से जहर देकर मारने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मामले की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच की बात कही है।

शनिवार को कोतवाली पहुंचीं पीड़िता महिला पूनम पत्नी धर्मेंद्र निवासी गांव गुज्जरपुर के अनुसार उसकी शादी करीब 18 वर्ष पूर्व थाना झिंझाना क्षेत्र के गांव गुज्जरपुर निवासी धर्मेंद्र पुत्र नकली के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग उसे दहेज के लिए परेशान करने लगे। आरोप है पूनम के लगातार चार बेटी होने पर उसको प्रताड़ित किया जाता था। लेकिन अब चार बेटी और एक बेटा होने के बाद भी कि उसके पति धर्मेंद्र, सास व अन्य परिजन आए दिन उसके साथ मारपीट करते थे। पीड़िता का कहना है कि उससे 2 लाख रुपये की मांग की गई और मांग पूरी न करने पर जान से मारने की धमकी दी गई।महिला ने आरोप लगाया कि 3 अप्रैल 2026 को करीब 11 बजे उसके पति ने धर्मेंद्र व सास ने उसके साथ मारपीट की और उसे जहर दे दिया जिससे उसकी हालत बिगड गयी।मामले की सूचना पर उसके परिजन मौके पर पहुंचे और गम्भीर हालत में उपचार हेतु हरियाणा करनाल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़िता ने पुलिस से मांग की है कि उसकी तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कसाना का कहना है कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

साधु की कुटी में आग लगाने में मुकदमा

समाज जागरण

कैराना। साधु की कुटी में आग लगाने के मामले में पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है। गांव झाड़खेड़ी में स्थित खाटू श्याम मंदिर परिसर में साधु राहुल नाथ गत छह अप्रैल की रात करीब साढ़े 11 बजे अपनी कुटी में विश्राम कर रहे थे। तभी संदिग्ध परिस्थितियों में कुटी में आग लग गई थी, जिसमें साधु ने किसी तरह अपनी जान बचाई थी। वहीं, कुटी जलने से नुकसान हो गया था। साधु ने अज्ञात पर आग लगाने का आरोप लगाया था। इस संबंध में साधु की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज करने के साथ ही अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

शराब के साथ एक दबोचा

समाज जागरण

कैराना। पुलिस ने एक आरोपी को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया।

एसआई विनोद राघव टीम के साथ गश्त कर रहे थे। जब वह मायापुर रोड पर पहुंचे, तो उन्हें एक संदिग्ध दिखाई दिया, जिसके कब्जे से 20 पव्वे टेट्रा पाउच बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम तसव्वर निवासी कांधला रोड कैराना बताया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी का चालान कर दिया है।

केन्द्रीय मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह ने नई दिल्ली में समुद्री खाद्य निर्यातकों की बैठक 2026 की अध्यक्षता की; वैश्विक बाजार तक पहुंच बढ़ाने की रणनीति तैयार की

मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के अंतर्गत मत्स्य पालन विभाग ने नई दिल्ली के अंबेडकर भवन में सीफूड एक्सपोर्टर्स मीट 2026 का आयोजन किया। इस बैठक में मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय तथा पंचायती राज मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय और पंचायती राज मंत्रालय के राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल तथा मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय और अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री जॉर्ज कुरियन ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से शोभा बढ़ाई। इस बैठक का उद्देश्य सरकार और उद्योग से जुड़े हितधारकों के बीच संवाद के लिए एक व्यवस्थित मंच प्रदान करना था, साथ ही निर्यातकों से बाजार तक पहुंच, मूल्य निर्धारण के दबाव और अनुपालन आवश्यकताओं से संबंधित वर्तमान चुनौतियों पर प्रतिक्रिया प्राप्त करना तथा द्वीपों, ईईजेड(विशेष आर्थिक क्षेत्र) और खुले समुद्र से मूल्य संवर्धन, बाजार विविधीकरण और समुद्री निर्यात के विस्तार के लिए आवश्यक उपायों पर विचार-विमर्श करना था।

न केंद्रीय मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह ने समुद्री खाद्य निर्यात को बढ़ाने में निर्यातकों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद, उन्होंने बताया कि भारत के समुद्री खाद्य निर्यात में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है, जिसका मुख्य कारण अमेरिका के अलावा अन्य बाजारों में बेहतर प्रदर्शन रहा है। बाजार और उत्पाद विविधीकरण की निरंतर आवश्यकता पर जोर देते हुए, केंद्रीय मंत्री ने कड़े नियामकीय अनुपालन के महत्व को रेखांकित किया, जिसमें एंटीबायोटिक प्रतिबंधों का पालन और ट्रेसबिलिटी प्रणाली को मजबूत करना शामिल है। विशेष आर्थिक क्षेत्र(ईईजेड) नियमों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इस ढांचे को एक्सेस पास के माध्यम से लागू किया जा रहा है, जिसमें सहकारी समितियों को प्राथमिकता दी जा रही है ताकि समावेशी विकास को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, ईईजेड और खुले समुद्र से टूना जैसी उच्च मूल्य वाली प्रजातियों के निर्यात की संभावनाओं को रेखांकित किया और बेहतर ऑनबोर्ड हैंडलिंग, मजबूत कोल्ड चेन अवसंरचना, बेहतर पैकेजिंग, मूल्य संवर्धन तथा फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने और निर्यात तंत्र को मजबूत करने के लिए वैकल्पिक बाजारों की खोज पर बल दिया। निर्यातकों से 1 लाख करोड़ के निर्यात लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में कार्य करने और ओपन मार्केट दृष्टिकोण अपनाने का भी आग्रह किया गया। उन्होंने आश्वासन दिया कि ईआईसी, एनसीडीसी, नाबार्ड और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय जैसी संस्थाओं का पूरा सहयोग मिलेगा। उन्होंने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में आयोजित निवेशक बैठक का भी उल्लेख किया, जिसके परिणामस्वरूप मत्स्य क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए निवेश हुए हैं, विशेष रूप से समुद्री केज कल्चर, मोती की खेती और गहरे समुद्र में मछली पकड़ने वाले जहाजों के क्षेत्रों में निवेश में तेजी आई है।

मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी तथा अल्पसंख्यक कार्य राज्य मंत्री श्री जॉर्ज कुरियन ने कहा कि बजट 2026 के बाद आयोजित वेबिनार के अनुरूप, मत्स्य क्षेत्र को उच्च मूल्य और उच्च मांग वाले क्षेत्र के रूप में स्थापित करने के समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं। समुद्री खाद्य निर्यात में उत्साहजनक वृद्धि को देखते हुए उन्होंने निर्यातकों के निरंतर प्रयासों की सराहना की और जोर दिया कि निर्यात वृद्धि को बनाए रखने के लिए कड़े नियामकीय अनुपालन–जिसमें पता लगाने की क्षमता और प्रमाणन शामिल हैं–के साथ-साथ मजबूत लॉजिस्टिक्स और मूल्य श्रृंखला का विकास अत्यंत आवश्यक है।

केंद्रीय मत्स्य पालन विभाग के सचिव डॉ. अभिलक्ष लिखी ने बताया कि एमपीईडीए, ईआईसी और वाणिज्य विभाग के समन्वय से एक केंद्रित बाजार विविधीकरण रणनीति तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि लगभग चालीस देशों के राजदूतों के साथ कूटनीतिक संवाद से उत्साहजनक प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई हैं और इस बात पर जोर दिया कि बाजार विविधीकरण को लक्षित उत्पादों–विशेष रूप से रेडी-टू-ईट, रेडी-टू-कुक और मूल्यवर्धित समुद्री खाद्य खंड–के साथ जोड़ना आवश्यक है। विभाग द्वारा समुद्री खाद्य निर्यात को बढ़ावा देने के लिए निर्यातकों और विदेशों में भारतीय मिशनों के बीच प्रत्यक्ष संपर्क स्थापित करने में सुविधा प्रदान की जाएगी। साथ ही, एमपीईडीए से आग्रह किया गया कि वह निर्यातकों के समर्थन के लिए क्षमता निर्माण पहलों को सुदृढ़ करे, ताकि अनुपालन, प्रतिस्पर्धात्मकता और निर्यात तैयारी को बढ़ाया जा सके।

बैठक में हितधारकों ने भारत सरकार के सक्रिय सहयोग की सराहना की और समुद्री खाद्य निर्यात को बढ़ावा देने से जुड़ी प्रमुख चुनौतियों और अवसरों को रेखांकित किया। इनमें कैच सर्टिफिकेट जारी करने की प्रक्रियाओं को सरल बनाने, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में समुद्री शैवाल की खेती के लिए परमिट सुविधा प्रदान करने तथा उच्च गुणवत्ता वाले फिश फीड मील के वैज्ञानिक विकास और उत्पादन विस्तार के लिए मछली आहार निमार्ताओं को लक्षित समर्थन देने की आवश्यकता शामिल है। उन्होंने यह भी बताया कि पश्चिमी तट पर अंतदेर्शीय मत्स्य पालन और समुद्री कृषि के निर्यात संभावनाओं का पता लगाने और उन्हें मजबूत करने की जरूरत है। हितधारकों ने समुद्री खाद्य निर्यात को प्रभावित करने वाली कई व्यापक चुनौतियों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया, जिनमें टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं के कारण सीमित बाजार पहुंच, उच्च अनुपालन लागत, मूल्यवर्धित प्रसंस्करण क्षमता में कमी, कोल्ड चेन और लॉजिस्टिक्स से जुड़ी बाधाएं, तथा मजबूत पता लगाने योग्य और गुणवत्ता आश्वासन प्रणालियों की आवश्यकता शामिल हैं।

इस बैठक में समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए), राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड(एनएफडीबी), निर्यात निरीक्षण परिषद(ईआईसी), राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक(नाबार्ड), राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम(एनसीडीसी), राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड(एनसीईएल), खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, और अन्य संबंधित मंत्रालयों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। निर्यात संघों के प्रतिनिधियों ने भी इसमें भाग लिया, जिनमें भारत समुद्री खाद्य निर्यातक संघ, भारतीय समुद्री सामग्री संघ और भारत समुद्री शैवाल संघ शामिल थे; साथ ही सी6 एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, साशिमी फूड्स प्राइवेट लिमिटे, एक्वाग्री प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड, एनेमको प्राइवेट लिमिटेड, सागरीय क्षितिज जैसी कंपनियों के उद्योग प्रतिनिधियों, सहकारी समितियों और निर्यातकों ने भी शिरकत की। इस कार्यक्रम में भारत सरकार के मत्स्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ ओडिशा, गुजरात, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव, गोवा, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप के मत्स्य विभागों के अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया।

भारत के समुद्री खाद्य निर्यात में पिछले 11 वर्षों के दौरान औसतन 7% वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है, जो मजबूत और निरंतर विकास को दशार्ती है। इस अवधि में समुद्री उत्पादों का निर्यात दोगुने से अधिक हो गया है, जो 2013-14 में 30,213 करोड़ से बढ़कर 2024-25 में 62,408 करोड़ हो गया। इस वृद्धि में प्रमुख योगदान झींगा निर्यात का रहा है, जिसका मूल्य 43,334 करोड़ रहा।

भारत का समुद्री खाद्य निर्यात एक व्यापक और विविधतापूर्ण श्रेणी में फैला हुआ है, जिसमें 350 से अधिक प्रकार के उत्पाद लगभग 130 वैश्विक बाजारों में भेजे जाते हैं। अमेरिका सबसे बड़ा बाजार बना हुआ है, जहां 2024-25 में कुल एक्सपोर्ट मूल्य का 36.42% हिस्सा गया; इसके बाद चीन, यूरोपीय संघ, दक्षिण-पूर्व एशिया, जापान और मध्य-पूर्व का नंबर आता है, जबकि बाकी बाजारों का कुल हिस्सा लगभग 9% है। कुछ चुनिंदा वस्तुओं पर अत्यधिक निर्भरता को कम करने और वैश्विक समुद्री खाद्य बाजारों में भारत की उपस्थिति को मजबूत करने के लिए सरकार निर्यात टोकरी के विविधीकरण पर सक्रिय रूप से काम कर रही है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के तहत, मत्स्य पालन विभाग पूरी मूल्य श्रृंखला में कई तरह के उपायों को बढ़ावा देता है, जिनमें गुणवत्तापूर्ण मछली बीज उत्पादन, खारे पानी की जलीय कृषि का विस्तार और विविधीकरण, निर्यात-उन्मुख प्रजातियों को बढ़ावा, प्रौद्योगिकी अपनाना, रोग प्रबंधन, ट्रेसबिलिटी सिस्टम और क्षमता निर्माण शामिल हैं। इसके अलावा, फसल कटाई के बाद के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, निर्बाध कोल्ड चेन नेटवर्क, आधुनिक मछली पकड़ने के बंदरगाहों और मछली उतारने के केंद्रों के विकास में भी निवेश किया जा रहा है।

भाजाइयों ने चलाया गांव चलो, वार्ड चलों अभियान

समाज जागरण

बागपत। भारतीय जनता पार्टी के 47 वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना दिवस के अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय गांव व वार्ड चलो अभियान के अंतर्गत नगर के वार्ड नम्बर 14 के सभासद सहदेव कश्यप के निवास पर कार्यक्रम

हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुदेश चौहान ने भारतीय जनता पार्टी के विकास कार्यों एवं पार्टी की विचारधारा के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और एकात्म मानववाद के सिद्धांत पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है। कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है और सभी वर्गों के बारे में सोचती है। कार्यक्रम में बागपत नगर मंडल अध्यक्ष संदीप वशिष्ट, नगर महामंत्री अक्षय तोमर, मंडल मंत्री जयदीप, धन्नो कश्यप, श्रीपाल, विजेंद्र, ललित, राकेश त्यागी सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करने का आह्वान

समाज जागरण

बड़ौत। जागौश गांव में समाजसेविका अनीता कौशिक ने लोगों से अपील की है कि वे अपने मकानों की छतों पर मिट्टी के बर्तनों में पक्षियों के लिए दाना और पानी रखें। उन्होंने कहा कि बढ़ती गर्मी में पक्षियों को प्यास लगती है और उन्हें बचाने के लिए हमें उनकी मदद करनी चाहिए। अनीता कौशिक ने कहा कि पक्षियों की सेवा करना भाग्यवान मनुष्य को मिलता है। उन्होंने लोगों से

आह्वान किया कि वे अपने मकान की छत पर सुबह दिन निकलते ही मिट्टी के बर्तनों में दाना रखें और फिर पानी रखें। उन्होंने यह भी कहा कि पशुओं के लिए भी पानी की व्यवस्था करनी चाहिए। अनीता कौशिक ने अपने मकान की छत पर दाना-पानी रखा, जिसे देखकर कबूतरों ने उसका आनंद लिया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भी ऐसा करें और पक्षियों की सेवा करें।

सीडीएस पब्लिक स्कूल में बालिकाओं को शिक्षा के प्रति किया जागरूक

समाज जागरण

बागपत। सीडीएस पब्लिक स्कूल हसनपुर मसूरी में नवोदय लोक चेतना कल्याण समिति बागपत के सचिव देवेंद्र कुमार धामा के द्वारा बालिका शिक्षा को प्रेरित करने के लिए कैंप लगाया गया। इस कैम्प में उन्होंने बालिकाओं

की शिक्षा को जरूरी बताया तथा ऐसी बालिकाएं जो अल्पायु में अपनी पढ़ाई छोड़कर घर पर ही हैं, उन्हें स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ऐसी बालिकाओं के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि देश-समाज तथा परिवार के उत्थान के लिए महिला शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। जब तक महिला शिक्षित नहीं होगी तब तक वह देश खुशहाल एवं शक्तिशाली नहीं बन सकता। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संत कुमार धामा ईश्वर चौधरी कविता धामा अलका श्वेता शर्मा सतेंद्र शर्मा आदि अध्यापक व सैकड़ो छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

भाजपा का जिला अध्यक्ष बनने पर नीरज शर्मा का किया अभिनंदन

समाज जागरण

बागपत। भू दृष्टि फाउंडेशन के कार्यकर्ता फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष एवं सुप्रसिद्ध समाजसेविका कुसुम चौहान के नेतृत्व में नीरज शर्मा के आवास पर पहुंचे। उनसे शिष्टाचार भेंट कर उन्हें भारतीय जनता पार्टी का जिला

अध्यक्ष बनने पर बधाई दी और उनका अभिनंदन किया। उन्होंने नीरज शर्मा को पटका पहनाकर एवं मोमेंटों भेंट कर बधाई दी। इस मौके पर नीरज शर्मा ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और कहा कि मुझ जैसे छोटे से कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी देकर भाजपा पार्टी ने फिर सिद्ध कर दिया है कि वह सभी का सम्मान करने वाली पार्टी है और अपने कार्यकर्ता को सदैव आगे बढ़ाती रहती है। इस दौरान कुसुम चौहान ने समाज की प्रगति एवम् महिला उत्थान पर भी विचार-विमर्श किया। इस मौके पर मधु धामा व गीता शर्मा भी उपस्थित रही।

अंतर्राज्यीय गिरोह के 8 साइबर ठगों को जनपद पुलिस ने किया गिरफ्तार, एक करोड़ रुपये से अधिक की कर चुके ठगी

समाज जागरण

बागपत। जनपद के साइबर क्राइम थाना पुलिस द्वारा अंतर्राज्यीय गिरोह के 8 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है, जिन पर एक करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने का आरोप है। पुलिस ने आरोपियों के पास से हथियार, मोबाइल, लैपटॉप व सिम कार्ड आदि बरामद किए हैं। पकड़े गए सभी आरोपी बीसीए, बीबीए, एमबीए जैसी उच्च शैक्षणिक योग्यता हासिल कर रहे हैं तथा प्रदेश के विभिन्न जनपदों के रहने वाले हैं। बता दें कि, पुलिस को यह सफलता वादी संदीप अग्रवाल पुत्र दुलीचंद अग्रवाल निवासी बली की शिकायत पर मिली है। उसने पुलिस को बताया था कि, जस्ट डायल के माध्यम से सामान का लालच देकर उनके साथ दो लाख पंद्रह हजार रुपये से अधिक की ठगी की गई है। पुलिस ने इस मामले में आदित्य पुत्र नागेंद्र थाना जलालाबाद, शाहजहांपुर, बीएससी द्वितीय वर्ष का छात्र है, उत्कर्ष पुत्र उदयवीर, जिला फरुर्खाबाद, एमबीए द्वितीय वर्ष का छात्र है, अंकुर पुत्र ईतेंदर निवासी फरुर्खाबाद, एमबीए

प्रथम वर्ष का छात्र है और आकाश सिंह पुत्र पुष्पेंद्र भी फरुर्खाबाद का हाई स्कूल पास है इन सबको गिरफ्तार किया है। जबकि अन्य गिरफ्तार आरोपियों में अश्विनी पुत्र प्रमोद भी शाहजहांपुर, बीबीए प्रथम वर्ष का छात्र, आयुष पुत्र संजय बस्ती जिले का है तथा बीसीए पास , अतुल पुत्र उदय अयोध्या का रहने वाला एमबीए प्रथम वर्ष का छात्र है व सुमित पुत्र उमेश सीतापुर, बीबीए पास शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, अश्वनी इस गैंग का सरगना है। पुलिस ने बताया कि,गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ विभिन्न राज्यों में 20 से अधिक मामले दर्ज हैं तथा आरोपितों ने अलग-अलग मामलों में कुल मिलाकर लगभग 1 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की वारदातों को अंजाम दिया है।

जनपद के अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण सिंह चौहान ने बताया कि, पकड़े गए अभियुक्तों के पास से एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस, एक पिस्टल, एक ऑरा गाड़ी, 11 मोबाइल फोन, 4 लैपटॉप, 24 सिम कार्ड, एक टैबलेट और 2 डेबिट कार्ड भी बरामद किए हैं। एएसपी चौहान ने प्रेस वार्ता कर बताया कि, गिरफ्तारी करने वाली साइबर टीम को 25 हजार रुपये के ईनाम की घोषणा भी की गई है।

मेवाधी छात्रों को लाखों की स्कालरशिप वितरित

समाज जागरण

चांदीनगर। रटौल के सलमा पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल के मौके पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मेधावी छात्र छात्राओं को लाखों की स्कालरशिप, स्कूल बैग सहित अन्य उपहार वितरित किये गये ।किलयर वाटर टीम के लोगो ने बच्चों को प्रोत्साहन करने के लिए गिफ्ट और स्कालरशिप वितरित की। अनुराग सिंह ने कहा कि मेहनत और लगन से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। हर्ष लोहित ने कहा कि लक्ष्य बनाकर मेहनत करे

और एक दिन वह लक्ष्य आप प्राप्त करोगे। स्कूल के प्रबंधक रहे मरहूम जहूर अहमद सिददकी याद में 40 मेधावी बच्चो को तीन हजार वार्षिक स्कालरशिप देकर सम्मानित किया गया। वही 300 बच्चों को बैग, किताबें, कीट, देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानध्यापक शीबा सुल्ताना, वंदना, महबूब, शबनम, महबूब, सुबबूल, सोफिया, समरीन अरीबा, अनाबिया, आदि मौजूद रहे।

गेरो पे सितम, अपनो पे करम

-गोसपुर गांव में विपक्ष में वोट देने वालों की गली निर्माण रोका
-पीड़ितों ने कई बार आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत

समाज जागरण

अमीनगर सराय। गौसपुर गांव में प्रधानी की धनक का एक मामला सामने आया जहां एक गली में रहने वाले तीन लोगों के लिए सीसी रोड बनवा दी गई वही गली में दूसरी ओर रहने वाले विपक्षियों के सामने रास्ता नहीं बनाया गया। पीड़ितों ने प्रशासन से शिकायत कर गली निर्माण पूरा करने की मांग की है। गौसपुर गांव निवासी सैय्यद त्यागी, मनव्वर, जुबेद, इलियास, मुशाहिद ने बताया की पिछली बार चुनाव में उनके परिवार में मौजूदा प्रधान को

वोट नहीं किया था। जिसका खामियाजा उन्हें देखने को मिल रहा है। सैय्यद त्यागी ने बताया उनकी गली में करीब छ परिवार रहते है। गली में चौदह फीट चौड़ा और करीब 75 फीट लंबा रास्ता है। मौजूदा प्रधान ने इसी वर्ष 11 जनवरी को उस रस्ते पर सीसी रोड बना दिया ओर रस्ते को शाहिद, आसिफ ओर मस्जिद के आंगन तक बनवा दिया गया जबकि ताहिर, सैय्यद बाबू से लगता हुआ चार फीट चौड़ा और करीब 75 फीट लंबा रास्ता अधूरा छोड़ दिया। जिसमें आए दिन सड़क का पानी कच्चे में बहता रहता है। कई बार आईजीआरएस पोर्टल पर मामले की शिकायत की जा चुकी है लेकिन केवल आश्वासन के अलावा कोई कार्य नहीं किया गया। पीड़ितों ने प्रशासन से जल्द अधूरी गली के निर्माण की मांग की है।

महात्मा गांधी बालिका पीजी कॉलेज में 2023-26 बैच का भव्य विदाई समारोह आयोजित

समाज जागरण

फिरोजाबाद। शनिवार को महात्मा गांधी बालिका पीजी कॉलेज में 2023-26 बैच के छात्राओं के लिए धूमधाम से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। लगभग 350 छात्राओं ने इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो कॉलेज परिसर में हर्षोल्लास की लहर दौड़ा गया। एंकरिंग मिस इकरा और अलशीफा ने बखूबी निभाई, जिसने कार्यक्रम को और भी जीवंत बना दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती माता के मलयार्पण से हुई, जिसमें प्राचार्या प्रो. प्रियदर्शिनी उपाध्याय, मुख्य अतिथि मिसेज मंजरी गुप्ता तथा मिसेज पुष्पा गुप्ता ने भाग लिया। छात्राओं ने सुंदर डांस परफॉर्मेंस और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जूरी सदस्यों प्रोफेसर पूनम, प्रो.

राजयश्री, प्रो. फराह तथा डॉ. निष्ठा शर्मा ने मिस फेयरवेल का चयन किया। इस प्रतियोगिता में गार्गी तिवारी को मिस फेयरवेल का खिताब प्रदान किया गया, जिस पर पूरे सभागार में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी।

कार्यक्रम के आयोजन में सभी शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही, खास तौर पर पूजा जादौन,अकांक्षा यादव, डॉ. प्रीति सिंह पटेल, डॉ. दीप कन्नोजिया तथा लैब सहायक मिसेज ममता गुप्ता, मिसेज फूलमाला, मिसेज शैलजा और मिसेज अरुणा भट्ट का योगदान सराहनीय रहा। छात्राओं में उत्साह और उमंग की लहर दौड़ पड़ी। अंत में प्राचार्या ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उपहार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। यह समारोह छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ सम्पन्न हुआ।

महात्मा ज्योतिबाराव फुले जयंती पर सपा का शक्ति प्रदर्शन, PDA से 2027 का संदेश

समाज जागरण

फिरोजाबाद। महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती पर समाजवादी पार्टी ने "PDA व समाज जोड़ो अभियान" के तहत जिला मुख्यालय पर बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में भारी भीड़ जुटी, जिसे सपा का शक्ति प्रदर्शन माना जा रहा है। कार्यक्रम में रामगोपाल यादव (राष्ट्रीय महासचिव, राज्यसभा सांसद), देवेश शाक्य, बाबू सिंह कुशवाहा सहित कई जनप्रतिनिधि और पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। नेताओं की मौजूदगी और कार्यकर्ताओं की भीड़ से साफ संकेत

मिला कि सपा 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर सक्रिय हो चुकी है। सभा को संबोधित करते हुए रामगोपाल यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश और आने वाली पीढ़ी के भविष्य के लिए बदलाव जरूरी है। उन्होंने कार्यकताओं से एकजुट होकर भाजपा को सत्ता से बाहर करने का आह्वान किया।

वहीं बाबू सिंह कुशवाहा ने कहा कि देश संविधान के अनुसार चलना चाहिए और जनता के अधिकारों की रक्षा सर्वोपरि है। उन्होंने सपा और सहयोगी दलों के गठबंधन को मजबूत बताते हुए संयुक्त रूप से चुनाव लड़ने की बात कही।

कार्यक्रम में PDA (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के तहत समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने पर जोर दिया गया। नेताओं ने दावा किया कि समाज जोड़ो अभियान 2027 में सत्ता का रास्ता तैयार करेगा।

कार्यक्रम में युवाओं का खास उत्साह देखने को मिला। कई युवा अपने शरीर पर सपा का झंडा और अखिलेश यादव के समर्थन में नारे लिखकर पहुंचे। कार्यक्रम के बाद जिले में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है और इसे सपा की चुनावी रणनीति का अहम हिस्सा माना जा रहा है।

स्क्रीन टाइम पर नियंत्रण आवश्यक : डॉ सुशील वत्स

समाज जागरण

बागपत। आज का युग डिजिटल युग है, जहाँ मोबाइल, इंटरनेट और स्मार्ट डिवाइस बच्चों के जीवन का हिस्सा बन चुके हैं। तकनीक ने शिक्षा को आसान और सुलभ बनाया है, लेकिन इसके अत्यधिक उपयोग ने कई नई चुनौतियाँ भी खड़ी कर दी हैं। डॉ सुशील वत्स ने कहा कि बच्चों का स्क्रीन टाइम नियंत्रित करना बहुत जरूरी है, ताकि वे तकनीक का सही उपयोग कर सकें

और उनका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य सुरक्षित रहे। बच्चे अब पढ़ाई के साथ-साथ मनोरंजन के लिए भी घंटों मोबाइल और टीवी का उपयोग कर रहे हैं। इससे उनकी आँखों पर असर पड़ता है, शारीरिक गतिविधियाँ कम हो जाती हैं और मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। तकनीक का सही उपयोग ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। अभिभावकों और शिक्षकों को मिलकर बच्चों के स्क्रीन टाइम को नियंत्रित करना चाहिए और उन्हें खेल-कूद, पढ़ाई और अन्य रचनात्मक गतिविधियों के लिए प्रेरित करना चाहिए।

जिला रेड क्रॉस समिति की प्रबंध समिति की बैठक संपन्न

समाज जागरण

बागपत। रेड क्रॉस भवन, जिला संयुक्त अस्पताल में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जनपद बागपत की प्रबंध समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सभापति पंकज गुप्ता ने की, जबकि महासचिव अभिमन्यु गुप्ता ने संचालन किया। बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कई निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए। महासचिव ने जानकारी दी कि 8 मई को 100 टीबी रोगियों को पोषण सामग्री पोटली वितरित की जाएगी, साथ ही रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, प्राथमिक उपचार फ्रास्ट ऐड प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से

पारित किया गया। दीपक गोयल द्वारा पक्षियों के लिए छतों पर पानी हेतु मिट्टी के पात्र रखने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की। कोषाध्यक्ष डॉ. मयंक गोयल द्वारा विगत वर्षों का वित्तीय विवरण प्रस्तुत किया गया, जिसे समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। दीपक गोयल को जिला आपदा न्यूनीकरण समिति का प्रभारी, अमन गोयल को जिला युवा समिति का प्रभारी, आशुतोष मित्तल को जिला पर्यावरण समिति की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में मूलचंद, डॉ. जे.एस. शर्मा, डॉ. विनोद कुमार (निवर्तमान अध्यक्ष, नगर पंचायत, अग्रवाल मंडी) एवं डॉ कमला अग्रवाल सहित अन्य प्रबंध समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

महात्मा ज्योतिबा फुले को जयंती पर नमन

समाज जागरण

बागपत। जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित सभा में महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले की जयंती पर उनको श्रद्धा से याद किया गया। जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले एक महान समाज सुधारक, विचारक, और दार्शनिक थे। उन्होंने जीवन भर महिलाओं, पिछड़ों, और अछूतों के उत्थान के लिए कार्य किया। बैठक में 14 अप्रैल को भारत-रत्न बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जनपद भर में कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। जनपद बागपत में बाबा साहेब की जयंती के अवसर पर आयोजित किए जाने कार्यक्रमों को लेकर जनपद के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र को सेक्टरो में विभाजित किया गया और प्रत्येक

विधानसभा क्षेत्र में कम से कम 10-10 स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बैठक में शोएब अली को सपा नगर अध्यक्ष बड़ौत, दीपक कसाना को खेकड़ा ब्लॉक अध्यक्ष, मोनू सैनी को जिला सचिव, अफजल चौधरी को रटौल नगर अध्यक्ष, और सोमपाल को छपरौली ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सपा संगठन में दी गई है। बैठक में प्रदेश सचिव संजीव त्यागी, राजपाल शर्मा, नगेंद्र सिंह, डॉ शालिनी राकेश, रवि बैसला, इस्लाम प्रधान, चिराग चौधरी, रामफल उपाध्याय, तरुण यादव, गुलजार मनव्वर, ललित चौधरी, शरीफ मलिक, रवि शंकर शर्मा, राहुल यादव, डा०अमन, कविता गिरि, एड०इरफान राणा, नरेंद्र प्रधान, मेहंदी हसन, कृष्ण पाल गुर्जर, रक्षक यादव, समेत सैकड़ो की संख्या में समाजवादी पार्टी की संगठन पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एस डी मेमोरियल ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट कार्यक्रम पालीवाल ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित किया गया।

समाज जागरण ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। शनिवार को एस डी मेमोरियल ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट परशुराम कॉलोनी रहना ,झील की पुलिया जलेसर रोड फिरोजाबाद का वार्षिकोत्सव व प्राइज डिसटीब्यूशन कार्यक्रम पालीवाल ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां पर माल्यार्पण कर व गणेश वंदना कर किया गया। दीप प्रज्वलन विद्यालय के प्रबंधक विजयपाल लहरी व प्रधानाचार्य मिथलेश दीक्षित,कमलेश दीक्षित व दिनेश दीक्षित जी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बॉलीवुड के लाइन प्रोड्यूसर और अभिनेता मनोज शर्मा जी व महिमा शर्मा रहे ।वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भानु उपाध्यया विकास लहरी अनिल परिहार नरेश शर्मा नीटू आशीष दिवाकर मनीष शर्मा उग्रसेन पांडे तरुण उपाध्याय संकल्प शर्मा धर्मेंद्र शर्मा दर्शन पांडे अनुपम शर्मा राजेश दुबे कौशल किशोर उपाध्याय शिवाकांत पलिया आदि उपस्थित रहे ।छोटे-छोटे बच्चों द्वारा शिक्षा, संस्कार ,सभ्यता , अनुशासन के तहत कई मैसेज दिए गए । जैसे वृद्धाआश्रम, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नरसिम्हा अवतार, लव कुश एक्ट ,केसरी के लाल , शिव सती एक्ट, मोबाइल एडिशन थीम, ऑपरेशन सिंदूर, फैमिली थीम, हंगर

थीम,नारी शक्ति, चाइल्ड लेबर, सेव ट्री, जैसे बच्चों के द्वारा समाज को व देश को कई संदेश दिए गए।

सत्र 2025 26 में जिन बच्चों ने कक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया उन सभी का मंच से शील्ड देकर सम्मानित करते हुए मानोवल बढ़ाया गया।

विद्यालय की हमेशा कोशिश रही है,एक अच्छा माहौल बच्चों में सुधार,समाज में सुधार लाने का प्रयास कार्यक्रम के माध्यम से किया गया है। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों ने बच्चों की व विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की।

विद्यालय के संचालक सौरभ लहरी व मोहित लहरी ने आए हुए सभी अतिथियों , पत्रकारों, अभिभावकों व कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का पट्टीका व मोमेंटो से सम्मान कर आभार प्रकट किया।

पार्षदों ने महापौर प्रतिनिधि के खिलाफ खोला मोर्चा

समाज जागरण

फिरोजाबाद। नगर निगम में पार्षदों के काम की अनदेखी को लेकर पार्षदों ने महापौर प्रतिनिधि के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए मोर्चा खोल दिया है

नगर निगम के पार्षद उषा शखवार मुनेंद्र यादव देशदीपक यादव शारिक सलीम मनोज शंखवार इमरान मंसूरी मनोज सहित कई पार्षदों ने महापौर प्रतिनिधि पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि नगर निगम में मेयर प्रतिनिधि की चलती है वह अपने ही चहेते पार्षदों के क्षेत्र में काम करते हैं जबकि हमारे क्षेत्र में काम नहीं कराया जा रहा है जबकि हमने कई बार अपने क्षेत्र की समस्याओं को लिखित में महापौर को अवगत

कराया है उषाशंखवार ने कहां की हमारे क्षेत्र में पानी की बड़ी परेशानी है यहां पानी नहीं आ रहा जब भीषण गर्मी पड़ेगी तब क्या हाल होगा सभी पार्षदों ने कहा की महापौर प्रतिनिधि खुद ठेकेदार हैं उन्हीं के आदमी काम करते हैं इसीलिए हमारे क्षेत्र को वंचित रखा गया है जबकि क्षेत्र वाले लोग हमें परेशान करते हैं की क्षेत्र में काम नहीं कराया जा रहा है उन्होंने चेतावनी दी 2 दिन तक हमारी समस्याओं का समाधान नहीं होगा तो अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा।

गोकलपुरा गांव की बेटी ज्योति श्योराण बनी सफलता की मिसाल

स्व-अध्ययन से एसएससी सीजीएल परीक्षा उत्तीर्ण कर केंद्रीय सचिवालय में सहायक अनुभाग अधिकारी पद पर चयन

दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। (महेन्द्र जावला बहल)

बहल। बहल के निकटवर्ती गांव गोकलपुरा की होनहार बेटी ज्योति उर्फ पिंकी श्योराण ने कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। ज्योति ने कर्मचारी चयन आयोग की संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा (एसएससी सीजीएल) को घर पर रहकर स्व-अध्ययन के माध्यम से उत्तीर्ण किया और केंद्रीय सचिवालय सेवा में सहायक अनुभाग अधिकारी पद पर चयनित हुई हैं।



ज्योति ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा बीआरसीएम बहल पब्लिक स्कूल, ज्ञान कुंज से बारहवीं कक्षा (गैर-चिकित्सा, विज्ञान वर्ग) में पूरी की। इसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के गार्गी महाविद्यालय से गणित ऑनर्स में स्नातक की डिग्री प्राप्त की।

ज्योति के पिता रामफल श्योराण पूर्व सरपंच रह चुके हैं, जबकि उनकी माता गृहिणी हैं। उनकी इस सफलता पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

इस उपलब्धि पर पूर्व कैबिनेट मंत्री जेपी दलाल ने फोन पर ज्योति और उनके परिवार को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस मौके पर ज्योति के चाचा महेंद्र श्योराण, पूर्व बीडीसी कर्मवीर कटारिया, सुखबीर मास्टर, अनपाल मास्टर, सचिव सुरेंद्र श्योराण, महेंद्र,रतन सिंह श्योराण, वीर सिंह नंबरदार सहित अन्य ग्रामीणों ने भी बधाई दी और इसे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया।

रसोई गैस की जमाखोरी,कालाबाजारी को रोकने के लिए खाद्य एवं पूर्ति विभागीय की पैनी नजर

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) रसोई गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए खाद्य एवं पूर्ति विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई तेज कर दी है। विभाग के निरीक्षक महेश कुमार ने अपनी टीम के साथ शहर के विभिन्न भोजनालयों, ढाबों और टी-स्टालों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गैस सिलेंडरों के उपयोग और उनके स्रोत की जांच की।

निरीक्षण के दौरान महेश कुमार ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि घरेलू रसोई गैस सिलेंडर का उपयोग व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में करना नियमों के खिलाफ है। यदि किसी भी होटल, ढाबे या चाय की दुकान पर घरेलू गैस सिलेंडर का प्रयोग करते हुए पाया गया, तो संबंधित संचालक के खिलाफ कड़ी विभागीय कार्रवाई

की जाएगी।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के मामलों में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया जाएगा और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। विभाग का उद्देश्य आम उपभोक्ताओं को रसोई गैस की उचित उपलब्धता सुनिश्चित करना और कालाबाजारी पर पूर्ण रूप से रोक लगाना है।

महेश कुमार ने होटल ,टाबा व चाय की दुकान करने वाले दुकानदारों को अपील करते हुए कहा कि वे नियमों का पालन करें और व्यावसायिक उपयोग के लिए निर्धारित गैस सिलेंडरों का ही इस्तेमाल करें। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में इस प्रकार के निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

खाद्य एवं पूर्ति विभाग की इस सख्ती से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और कई दुकानदारों ने तुरंत नियमों का पालन शुरू कर दिया है।

बीआरसीएम इंजीनियरिंग कॉलेज में तकनीकी, खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव "फ्यूजन 2K26" की धूम

समाज जागरण, जिला संवाददाता। (महेन्द्र जावला बहल)

बीआरसीएम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी बहल में आयोजित तीन दिवसीय तकनीकी, खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव "फ्यूजन 2K26" का आज समापन स्वामी विवेकानंद सभागार में हुआ। इस अवसर पर अंतिम दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ एस के सिन्हा, निदेशक बीआरसीएम शिक्षण समिति रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ अनुज शर्मा, प्राचार्य बीआरसीएम इंजीनियरिंग कॉलेज ने की। डॉ. एस. के. सिन्हा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्रों को तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. अनुज कुमार शर्मा ने सभी प्रतिभागियों एवं आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना का विकास करते हैं, जो उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है।

इस तीन दिवसीय महोत्सव के दौरान विभिन्न तकनीकी प्रतियोगिताएं जैसे एक्सटेम्पोर, ग्रुप डिस्कशन, टूल रिकग्निशन, पोस्टर मेकिंग, पीपीटी प्रस्तुति आदि का आयोजन किया गया। इसके साथ ही खेल प्रतियोगिताओं में आरसी कार रेसिंग, रस्साकशी, शतरंज, कैरम, पिट्ठू, रंगोली, ट्रिपल लेग रेस, सैक रेस एवं आर्म रेसलिंग जैसी गतिविधियां आयोजित हुईं।

अंतिम दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में ग्रुप डांस, सोलो डांस, सोलो सिंगिंग एवं स्टैंड-अप कॉमेडी ने दर्शकों का मन मोह लिया। सांस्कृतिक प्रतिभागियों में स्टैंडअप कॉमेडी में दीपेश, सोलो सिंगिंग में आरजू एवं अवनी, सोलो डांस में हिमानी, संजना, रवीना, काशिश एवं नाशवी ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संयोजक डॉ जितेंद्र गौड, का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर डॉ सुनील शुक्ला, प्राचार्य बीआरसीएम लॉ कॉलेज , डॉ अनुज शर्मा, प्राचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज, डॉ विवेक कुमार , डॉ जीतेन्द्र गौड, अमित फोगला , सुरेश जांगड़ा, अमित रंजन, पवन पंघाल रजिस्ट्रार , रजनीश मित्तड, रविंद्र श्योराण , डॉ अंजू शर्मा , डॉ मनीषा , डॉ पूनम सांगवान, भारती सहित सभी स्टाफ सदस्य एवं छात्र उपस्थित रहे।

बीआरसीएम शिक्षण संस्थान में सुरक्षित मातृत्व दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

यौन उत्पीड़न के खिलाफ जागरूकता, छात्रों को अधिकार और कानून की दी जानकारी

समाज जागरण, जिला संवाददाता। (महेन्द्र जावला बहल)

बहल, 11 अप्रैल । बीआरसीएम शिक्षण संस्थान के जीडीसी, विधि एवं इंजीनियरिंग महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ एवं गतिविधि जागरूकता क्लब के तत्वावधान में ह्यराष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवसह्न के अवसर पर यौन उत्पीड़न विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एम.के. चौधरी सेमिनार हॉल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बाह्य सदस्य के रूप में मिस पूजा पांचाल का सहयोग रहा। इस दौरान विद्यार्थियों को यौन उत्पीड़न से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी वृत्तचित्र फिल्म के माध्यम से दी गई।

मुख्य वक्ता अंकुर अग्रवाल ने अपने संबोधन में बताया कि यौन उत्पीड़न एक गंभीर अपराध और मानव अधिकारों का उल्लंघन है, जो कार्यस्थल, विद्यालय, महाविद्यालय या सार्वजनिक स्थानों पर किसी के साथ भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह अवांछित शारीरिक संपर्क, अभद्र टिप्पणियों, इशारों या ऑनलाइन व्यवहार के रूप में सामने

आता है।

उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए बताया कि यदि कोई व्यक्ति बिना अनुमति के छूता है, अश्लील संदेश भेजता है या किसी प्रकार का दबाव बनाता है, तो यह यौन उत्पीड़न की श्रेणी में आता है। ऐसे मामलों में आवाज उठाना और शिकायत दर्ज करना बेहद जरूरी है।

कार्यक्रम में कार्यस्थलों पर यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रत्येक संस्थान में आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है। साथ ही विद्यार्थियों को पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 व 1091 सहित अन्य सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई।

डॉ. एस. के. सिन्हा, निदेशक बीआरसीएम शिक्षण संस्थान एवं महाविद्यालय प्राचार्य ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा भी देते हैं। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. पूनम सांगवान तथा सह-संयोजक भारती मैम ने सफल संचालन सुनिश्चित किया। मंच संचालन डॉ. अशोक कुमार पिलानिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में तीनों महाविद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने से समाज में आएगा क्रांतिकारी बदलाव: श्रुति चौधरी

- महिलाएं हर तरह से सक्षम हैं: श्रुति चौधरी
- महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने पत्रकारों को किया संबोधित

समाज जागरण, जिला संवाददाता। (महेन्द्र जावला बहल)

भिवानी, 11 अप्रैल। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी सोच के चलते महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने का बिल पारित होने जा रहा है, इससे देश की आबादी का जो 50 प्रतिशत हिस्सा महिलाओं का है, वह सशक्त होगा। महिलाओं के नेतृत्व में समाज और अधिक समृद्धि तथा खुशहाल होगा।

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी शनिवार को स्थानीय चित्रकूट रेस्ट हाउस में पत्रकारों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देना एक ऐतिहासिक कदम है। इससे समाज में बड़ा ही सकारात्मक

क्रांतिकारी बदलाव आएगा।

उन्होंने कहा कि महिलाएं हर तरह से मजबूत हैं। महिलाओं ने हर मुकाम हासिल किया है। नासा में भी अपना परचम फहराया आया है।

उन्होंने कहा कि विपक्ष को भी इस बिल का समर्थन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे पहले महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के नाम पर केवल बातें होती रही, लेकिन प्रधानमंत्री श्री मोदी इसको वास्तविक स्वरूप दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में केंद्र और प्रदेश सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक तरह की योजनाएं लेकर आई है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान से न केवल देश में लिंगानुपात में रचनात्मक सुधार हुआ है बल्कि समाज में भी महिलाओं को उचित स्थान मिल रहा है। आज महिलाएं पंचायत से लेकर लोकसभा तक जनता का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। देश की बुलंद आवाज बन रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के प्रति मान और सम्मान हर जगह जरूरी है। उन्होंने कहा कि जागरूकता अभियान का लोगों के मानसिक पटल पर बड़ा सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

इस मौके पर रेखा राघव, सोनू परमार, संतोष परमार, मधु तंवर, शालू अरोड़ा, पिंकी नागर, सुनीता भारद्वाज, मीनू अग्रवाल, जिला महामंत्री रमेश पचेरवाल, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप प्रजापति, अंकित पालवास, जिला मीडिया प्रभारी नितिन भारद्वाज, जिला मीडिया प्रभारी राकेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

सिवानी में किसानों का बड़ा प्रदर्शन, नेशनल हाईवे 52 चार घंटे रहा जाम

गेहूं-सरसों खरीद की शर्तों के विरोध में सैकड़ो किसान सड़कों पर उतरे

दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। (महेन्द्र जावला बहल)

सिवानी। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर शनिवार को सिवानी में अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले सैकड़ो किसानों ने नेशनल हाईवे-52 को

करीब चार घंटे तक जाम रखा। यह विरोध प्रदर्शन हरियाणा सरकार द्वारा गेहूं और सरसों की खरीद में लगाई गई अनावश्यक शर्तों के खिलाफ किया गया। सुबह किसान सिवानी स्थित किसान भवन में एकत्रित हुए, जिसके बाद जुलूस के रूप में तोशाम मोड़ पहुंचे और नेशनल हाईवे को जाम कर दिया। प्रदर्शन की अध्यक्षता किसान सभा के प्रधान रामकिशन भाकर, कर्ण सिंह जैना वास, मेवा सिंह आर्य और दिलबाग श्योराण ने की, जबकि संचालन किसान नेता दयानंद पूनिया ने किया।

धरने को संबोधित करते हुए किसान नेताओं ने केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों को किसान और मजदूर विरोधी बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा मंडियों में लागू की जा रही शर्तों से किसान परेशान हैं और सरकार मंडी व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास कर रही है।

वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में महंगाई लगातार बढ़ रही है, गैस ब्लैक में मिल रही है और वर्ष 2023 का फसल बीमा मुआवजा भी किसानों को नहीं मिला है। इसके अलावा हाल ही में हुई ओलावृष्टि की गिरदावरी भी नहीं करवाई गई, जिससे किसानों में रोष है।

प्रदर्शन के दौरान मार्केट कमेटी के सचिव मौके पर पहुंचे और किसानों से मांग पत्र प्राप्त किया। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शर्तें वापस नहीं लीं तो आगामी आह्वान पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

धरने में मास्टर जगरोशन, मास्टर उमराव सिंह, आजाद सिंह मिरान, विक्रम सिवाच, कुलदीप सिंह बड़वा, सुकर्म जागलान, अंतर कस्वां, रमेश कोठारी, राजबीर सिंधु, राजबीर सिहाग, धर्मवीर दुहन, राजबीर गुढ़ा, सुभाष श्योराण एडवोकेट, राजमल देहडू, रामचंद्र फौजी, रणधीर सांगवान, दलबीर श्योराण, मंदरूप यादव, हवासिंह जांगड़ा, दलबीर चहड़ कलां, विनोद जांगड़ा हरियावास सहित सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

कतार से लेकर क्यूआर कोड तक : भारत की भुगतान क्रांति

कुछ समय पहले तक, एक साधारण वित्तीय लेन-देन के लिए समय, मेहनत और धैर्य जरूरी होता था। बिलों का भुगतान करने के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता था। पैसे भेजने के लिए बैंक जाना, फॉर्म भरना और पुष्टि के लिए कई दिनों तक इंतजार करना पड़ता था। भारत में उन लाखों लोगों के लिए जिनके पास बैंकिंग सुविधा नहीं थी, इसका मतलब था वित्तीय प्रणाली से बाहर रहना। हालांकि, ऐसा भारत अब अतीत बन चुका है।

भारत की वित्तीय यात्रा सदियों में विकसित हुई है—वस्तु विनिमय प्रणाली और कौड़ी सीप से लेकर सिक्कों, कागजी मुद्रा और चेक तक। अपने आधुनिक इतिहास के अधिकांश समय, लेन-देन का प्रमुख माध्यम नकदी बना रहा। हालांकि चेक और डिमांड ड्राफ्ट ने भुगतान को औपचारिक रूप दिया, वे धीमे थे और केवल सीमित वर्ग तक ही सुलभ थे। बैंकिंग ढांचा मुख्यतः शहरी क्षेत्रों तक सीमित थी, जिससे ग्रामीण और दूरदराज की आबादी वंचित रह गई। 2000 के शुरूआती दशक ने भुगतान प्रणाली में डिजिटल परिवर्तन की शुरूआत की। भारतीय रिजर्व बैंक ने 2004 में रियल-टाइम ग्रॉस सेटलमेंट (आरटीजीएस) और 2010 में इमीडिएट पेमेंट सर्विस (आईएमपीएस) जैसी प्रणालियाँ शुरू कीं, जिससे तेज और चौबीस घंटे धन का हस्तांतरण संभव हुआ। ये महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ थीं, लेकिन इनकी पहुँच मुख्यतः उन्हीं लोगों तक सीमित रही जो पहले से ही बैंकिंग प्रणाली का हिस्सा थे, और अभी भी अनेक लोगों के लिए औपचारिक वित्तीय सेवाओं की पहुंच सीमित रही।

नीति निमार्ता और वैश्विक फार्मा क्षेत्र के अग्रणी एक महत्वपूर्ण जीवन विज्ञान संवाद के लिए एकत्रित होंगे

समाज जागरण

औषध विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार इंडिया फार्मा 2026 के 9वें संस्करण का आयोजन कर रहा है। यह आयोजन फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) और इंडियन फार्मास्युटिकल एलायंस (आईपीए) के सहयोग से 13-14 अप्रैल, 2026 को नई दिल्ली स्थित फिक्की के फेडरेशन हाउस में किया जा रहा है।

रायसेन में उन्नत कृषि महोत्सव का आगाज, हजारों किसानों का महासंगम

दशहरा मैदान, रायसेन (मध्य प्रदेश) में शनिवार से शुरू हुए तीन दिवसीय उन्नत कृषि महोत्सव, प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण का भव्य शुभारंभ रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने किया, जहाँ मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हजारों किसान, कृषि वैज्ञानिक, विशेषज्ञ और कृषि व संबद्ध क्षेत्रों के प्रतिनिधि एक मंच पर जुटे।

किसान की मेहनत और संघर्ष को दिल से समझते हैं- राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने मंच से सबसे पहले रायसेन की धरती पर उपस्थित अन्नदाता बहनोंझभाइयों को सिर झुकाकर नमन करते हुए कहा कि वे स्वयं किसान परिवार से आते हैं और गाँव की मिट्टी में पलेझबढ़े हैं, इसलिए किसान की मेहनत और संघर्ष को दिल से समझते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि रायसेन में आयोजित यह उन्नत कृषि महोत्सव हमारे किसान भाइयोंझबहनों के लिए केवल लाभदायक ही नहीं, बल्कि उनके जीवन की तस्वीर बदलने वाला सिद्ध होगा। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजक केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का अभिनंदन करते हुए कहा कि किसान के हित में इतना केंद्रित और विषयगत आयोजन वास्तव में सराहनीय है। राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी हमेशा किसानों को देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हैं, और यह केवल कहने की बात नहीं, बल्कि पिछले वर्षों में जमीन पर हुए बेमिसाल कार्यों से साबित तथ्य है। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले अगर किसान के नाम पर पैसा निकलता था तो आधा रास्ते में ही दूसरों की जेब में चला जाता था, जबकि अब सरकार ने ऐसा सिस्टम बनाया है कि दिल्ली से जितना पैसा निकलता है, वह पूरा का पूरा सीधे किसान के खाते में पहुँचता है- बिना बिचौलिया, बिना कट, बिना झंझट। उन्होंने कहा कि यह आर्थिक सहायता कोई दान नहीं, बल्कि किसान के पसीने और परिश्रम का सम्मान है जिससे वह बीज, खाद और खेत के जरूरी खर्च पूरे कर पाते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को जोखिम भरी खेती के लिए अनमोल सुरक्षा कवच बताते हुए कहा कि अब ओलावृष्टि, बाढ़, सूखा या कीटझप्रकोप जैसी विपदाओं में फसल खराब होने पर सीधा मुआवजा किसान के खाते में जाता है, जिससे उनकी कमर न टूटे, हताशाझनिराशा की जगह फिर से खड़े होने का हौसला मिले। उन्होंने मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना का जिक्र करते हुए कहा कि अब किसान अपनी मिट्टी की जांच कर जमीन की जरूरत के हिसाब से ही खाद डालते हैं, जिससे उत्पादन बढ़ता है और लागत घटती है।

अगर किसान गेहूँ ही न उगाए तो पूरी चेन डगमगा जाएगी

रक्षा मंत्री ने कहा कि किसान केवल अन्न नहीं उगाता, वह पूरी अर्थव्यवस्था, रोजगार और उद्योगझधंधों को उगाता है, क्योंकि अर्थव्यवस्था के प्राथमिक (खेतीझपशुपालन), द्वितीयक (उद्योग) और तृतीयक (सेवाएँ) तीनों क्षेत्रों की जड़ें किसान की जमीन से जुड़ी हैं। उन्होंने उदाहरण दिया कि किसान गेहूँ उगाता है, वही गेहूँ ट्रक से मंडी तक जाता है, आटा मिल में प्रोसेस होकर बिस्कुटझब्रेड फैक्ट्रियों तक पहुँचता है, वहाँ मजदूर और मशीनें काम करते हैं, फिर पैकेजिंग, ट्रांसपोर्ट और दुकानों के जरिए वह उत्पाद उपभोक्ता तक पहुँचता है- यानी अगर किसान गेहूँ ही न उगाए तो पूरी चेन डगमगा जाएगी। उन्होंने कहा कि इसीलिए वे आत्मविश्वास के साथ कहते हैं कि किसान पूरी अर्थव्यवस्था को चलाता है और सरकार खेती को गर्व का विषय बनाने तथा किसान को पूरी आनझबानझशान के साथ जीवन जीने योग्य बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे ड्रोन, सेंसर, मोबाइल तकनीक, स्मार्ट फार्मिंग, बिना मिट्टी की खेती, संरक्षित खेती, बागवानी और फूड प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों में स्टार्टअप और नवाचार के साथ कृषि से जुड़ें, क्योंकि कृषि क्षेत्र में अपार संभावनाएँ हैं और गाँव का नौजवान जितना जुड़ता जाएगा, उतनी ही नई तकनीक और अधिक आमदनी के रास्ते खुलते जाएँगे। उन्होंने यह भी बताया कि रक्षा मंत्रालय ने कैंटोनमेंट क्षेत्रों में आसपास के किसानों से ही जैविक सब्जियाँ और श्री अन्न (ज्वार, बाजरा, रागी) खरीदने की पहल की है, जिससे किसानों की आय बढ़ रही है और जवानों को ताजा, पौष्टिक भोजन मिल रहा है, और इस तरह ह्यजय जवान, जय किसानह्न के नारे को नए अर्थ के साथ चरितार्थ किया जा रहा है।

रायसेन की रीति, नीति, प्रीति, पहचान, शान और यहाँ की जनता की मुस्कान तक निराली है

केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि रायसेन की इस पवित्र धरा पर आज केवल सभा या रैली नहीं, बल्कि ज्ञान, विज्ञान, अनुसंधान और किसान का महासंगम हो रहा है, जहाँ आधुनिक तकनीक, आधुनिक ज्ञान, आधुनिक विज्ञान, आधुनिक अनुसंधान और आधुनिक कृषि पद्धतियों को देखनेझ समझने और सीखने का अनोखा अवसर मिलेगा। उन्होंने रायसेन को अद्भुत बताते हुए कहा कि रायसेन की रीति, नीति, प्रीति, पहचान, शान और यहाँ की जनता की मुस्कान तक निराली है, यहाँ के धान और गेहूँ ने विश्वझस्तर पर अलग पहचान बनाई है और सांचीझभीमबेटका जैसे दो विश्व धरोहर स्थल, भोजपुर का विशाल शिवलिंग और नर्मदाझबेतवा की पावन धाराएँ इस जिले की गरिमा बढ़ाती हैं।

आत्मनिर्भर भारत बनाने के महायज्ञ में रक्षा और कृषि दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण स्तंभ हैं

श्री शिवराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित, समृद्ध, गौरवशाली और आत्मनिर्भर भारत बनाने का महायज्ञ चल रहा है, जिसमें रक्षा और कृषि दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। उन्होंने रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में मजबूत हुई देश की सुरक्षा व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि आज भारत की स्पष्ट नीति है- हम किसी को छेड़ते नहीं, लेकिन यदि कोई हमें छेड़ेगा तो उसे छोड़ा भी नहीं जाएगा और इसी मजबूत रक्षाझनीति के साथ किसान और कृषि के विकास का बड़ा अभियान भी पूरी शिद्दत से चल रहा है।

किसान ही भगवान और जनता ही जनार्दन है

उन्होंने भावुक अंदाज में कहा कि वे जिस क्षेत्र से आते हैं, वहाँ की जनता ने उन्हें छह विधानसभा और छह लोकसभा सहित कुल 12 चुनाव जिताए हैं, इसलिए उनके लिए किसान ही भगवान और जनता ही जनार्दन है, जिनकी सेवा ही उनके लिए भगवान की पूजा के समान है। केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह ने कहा कि देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना, 140 करोड़ भारतीयों के हर पेट तक पोषणझयुक्त अनाज, फलझसब्जियाँ पहुँचाना और विदेशों पर निर्भरता कम करना सरकार की स्पष्ट प्राथमिकता है। इसलिए कृषि में उत्पादन बढ़ाना, लागत घटाना और कृषि का विविधीकरण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

किसान केवल पारंपरिक अनाजझप्रधान खेती से आगे बढ़कर एकीकृत कृषि प्रणाली अपनाएँ

उन्होंने रायसेन, विदिशा, सीहोर और देवास के किसानों से आग्रह किया कि वे केवल पारंपरिक अनाजझप्रधान खेती से आगे बढ़कर एकीकृत कृषि प्रणाली (इंटीग्रेटेड फार्मिंग) अपनाएँ, क्योंकि जमीन के छोटेझ छोटे टुकड़ों- एक, दो या तीन एकड़ पर भी अगर अनाज के साथ फल, सब्जी, पशुपालन, मधुमक्खी पालन, बकरी पालन और मुर्गी पालन जोड़ा जाए, तो वास्तविक रूप से लाभकारी खेती संभव है। उन्होंने बताया कि इस उन्नत कृषि महोत्सव में एक एकड़ के सम्पूर्ण इंटीग्रेटेड फार्मिंग मॉडल का लाइव डेमो लगाया गया है, और वैज्ञानिक मार्गदर्शन में इस मॉडल को अपनाने पर किसान एक एकड़ में भी दो लाख रुपये से अधिक की आमदनी कमा सकते हैं।

इस मेले को मात्र भाषणझकार्यक्रम की बजाय पाठशाला के रूप में तैयार किया गया है

श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इस मेले को मात्र भाषणझकार्यक्रम की बजाय पाठशाला के रूप में तैयार किया गया है जहाँ देश के शीर्ष वैज्ञानिक, कृषि विशेषज्ञ और उन्नतशील किसान अलगझअलग हॉलों में लगभग 20 विषयों पर सत्र लेंगे- हॉर्टिकल्चर, बागवानी, इंटीग्रेटेड फार्मिंग, मशीनों के उपयोग से लागत घटाने, ड्रोन के बहुआयामी उपयोग, बाजार से जुड़ाव और मिट्टी परीक्षण जैसे विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि करीब 4000 किसानों ने इन सत्रों के लिए पंजीकरण कराया है, जहाँ वैज्ञानिक पहले प्रेजेंटेशन देंगे, फिर किसान खुलकर सवाल पूछ सकेंगे, और यही इस मेले की विशेषता है कि यह तमाशा नहीं, खेती की दशाझ दिशा बदलने का ठोस प्रयास है।

केंद्र सरकार हर राज्य का कृषि रोडमैप तैयार कर रही है

केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने आगे बताया कि प्रधानमंत्री के निर्देश पर केंद्र सरकार हर राज्य का कृषि रोडमैप तैयार कर रही है, क्योंकि हर राज्य की परिस्थितियाँ और एग्रोझक्लाइमेटिक कंडीशंस अलग हैं। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के लिए भी राज्य सरकार के साथ मिलकर एक समग्र कृषि रोडमैप बनाया जाएगा, जबकि रायसेन, विदिशा, सीहोर और देवास इन चार जिलों के लिए वैज्ञानिकों की टीम ने विशेष कृषि रोडमैप तैयार किया है, जिसे कल दोपहर 1 बजे यहाँ औपचारिक रूप से घोषित किया जाएगा। इस रोडमैप में किस क्षेत्र में कौनझसी फसल, कौनझसा हॉर्टिकल्चर, कौनझसी दलहनझफसल, कौनझसी बीज किस्म और यदि किसान बागवानी करना चाहें तो कौनझसे पौधे लगाने चाहिए; इसका पूरा वैज्ञानिक खाका दिया गया है।

रोडमैप को जमीन पर लागू करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी

श्री शिवराज सिंह ने आश्वस्त किया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार की योजनाओं के समन्वय से इस रोडमैप को जमीन पर लागू करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी, क्योंकि यह कार्यक्रम केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि किसानों की जिंदगी बदलने का वास्तविक प्रयास है।

म.प्र. में 55 दाल मिलें खोलने का निर्णय भारत सरकार ने लिया है

केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा इस क्षेत्र को हॉर्टिकल्चर हब बनाने की है, जहाँ अनेक किसान फलझसब्जी की खेती के साथझ साथ फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स से भी जुड़ें, ताकि कच्चे माल से प्रोसेस्ड प्रोडक्ट बनाकर अधिक मूल्य प्राप्त किया जा सके, जैसे बासमती के उदाहरण में एक यूनिट लगने के बाद क्षेत्र में बासमती की खेती का विस्तार हुआ और किसानों की आय बढ़ी। उन्होंने बताया कि यहाँ दलहन मिशन को पूरी ताकत से लागू किया जाएगा और मध्य प्रदेश में 55 दाल मिलें खोलने का निर्णय भारत सरकार ने लिया है, ताकि चना, मसूर, उड़द और तुअर जैसी दालों की खेती को मजबूत बाजार मिले। उन्होंने स्पष्ट घोषणा की कि किसान जितनी मसूर, उड़द और तुअर पैदा करेंगे और बेचना चाहेंगे, उतनी पूरी मात्रा भारत सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदने का काम करेगी और खेती से लेकर बाजार तक की सभी कड़ियों पर चल रही योजनाओं को इस क्षेत्र में प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा।

एचएमएस का संगठन विस्तार: अक्षय कुमार तिवारी को चार प्रमुख क्षेत्रों की बड़ी जिम्मेदारी

जमुना कोतमा, हसदेव, सोहागपुर व जोहिला क्षेत्रों में संगठन सुदृढ़ करने का दायित्व, अन्य क्षेत्रों में भी प्रभारी नियुक्त

समाज जागरण जमुना कोतमा

कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) ने संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों के लिए नए प्रभारियों की नियुक्ति की है। इस संबंध में एसईसीएल के महामंत्री श्री नाथूलाल पांडेय द्वारा विधिवत कार्यालय आदेश जारी किया गया है जारी आदेश के अनुसार, जमुना कोतमा क्षेत्र में पदस्थ श्री अक्षय कुमार तिवारी को चार महत्वपूर्ण क्षेत्रों–जमुना कोतमा, हसदेव, सोहागपुर एवं जोहिला–का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उन्हें इन क्षेत्रों में संगठन को सुदृढ़ करने, श्रमिकों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने तथा कोयला मजदूर सभा की गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालित करने की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है।

संघ द्वारा की गई इस नियुक्ति को संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक रणनीतिक कदम माना जा रहा है, जिससे क्षेत्रीय स्तर पर श्रमिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान एवं बेहतर समन्वय संभव हो सकेगा। इसी क्रम में, श्री केदार नाथ अग्रवाल को गेवरा, दीपका, कुसमुंडा, कोरबा, सीईडब्ल्यूएस गेवरा.एवं सीडब्ल्यूएस कोरबा क्षेत्रों का प्रभारी बनाया गया है। वहीं श्री योगेन्द्र मिश्रा को चिरमिरी, भटगांव, बैकुण्ठपुर एवं विश्रामपुर क्षेत्रों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही श्री अरुण कुमार झा को रायगढ़ क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया गया है

कार्यालय आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी नियुक्त प्रभारी संबंधित क्षेत्रीय एवं शाखा समितियों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करेंगे। उन्हें क्षेत्रीय एवं यूनिट स्तर पर बैठक आयोजित करने तथा उसका संचालन करने का अधिकार भी रहेगा। साथ ही, संगठन के हित में दिए गए उनके सुझावों को तथ्यात्मक आधार पर केंद्रीय मुख्यालय को भेजा जाएगा, जिस पर गंभीरता से विचार किया जाएगा

कोयला मजदूर सभा ने सभी क्षेत्रीय एवं इकाई समितियों से अपेक्षा की है कि वे अपने-अपने प्रभारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करें तथा बैठकों में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करें, जिससे संगठन को और अधिक सक्रिय, सशक्त एवं प्रभावी बनाया जा सके

प्रभारी नियुक्त किए जाने पर श्री अक्षय कुमार तिवारी ने एसईसीएल के महामंत्री श्री नाथूलाल पांडेय, अध्यक्ष श्री बजरंगी साही तथा उपाध्यक्ष श्री श्रीकांत शुक्ला के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से श्रीकांत शुक्ला के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे और श्रमिक हितों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे एचएमएस द्वारा की गई ये नई नियुक्तियां संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होंगी, जिससे श्रमिकों की आवाज को मजबूती मिलेगी और उनकी समस्याओं के समाधान में तेजी आएगी।

ऐतिहासिक उत्पादन दक्षता और राष्ट्रीय सम्मान

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी ने रचा स्वर्णिम ऊर्जा वर्ष 2025-26; 81.45% पीएएफ के साथ 26,582.75 मिलियन यूनिट उत्पादन

समाज जागरण

जबलपुर, । मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड (MPPGCL) ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का समापन अभूतपूर्व उपलब्धियों और उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ करते हुए विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कंपनी के चारों ताप विद्युत गृहों अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई, सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी, संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर व श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया ने सामूहिक रूप से वित्तीय वर्ष 2025-26 में 26,582.7 मिलियन यूनिट ताप विद्युत उत्पादन कर प्रदेश को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की। इस दौरान चारों ताप विद्युत गृह ने 81.45 % प्लांट उपलब्धता फैक्टर (PAF) बनाए रखते हुए परिचालन दक्षता के उच्चतम मानक स्थापित किए। विद्युत गृहों की सभी इकाइयों ने निर्धारित मानकों के अनुरूप हीट रेट, विशिष्ट तेल खपत (Specific Oil Consumption) व ऑक्जलरी पावर कंजम्पशन हासिल करते हुए उत्कृष्ट तकनीकी प्रदर्शन प्रदर्शित किया।

एमपीईआरसी के मानकों से बेहतर रहा प्रदर्शन- परिचालन मानकों के संदर्भ में इस वर्ष अमरकंटक ताप विद्युत गृह फेज-III, सतपुड़ा ताप विद्युत गृह फेज-IV, श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह फेज-कने मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग (MPERC) द्वारा निर्धारित PAF मानकों से अधिक प्रदर्शन किया। सतपुड़ा ताप विद्युत गृह यूनिट-10 ने 98.29%, श्री सिंगाजी सुपर ताप विद्युत परियोजना यूनिट-1 ने 94.55%, यूनिट-3 ने 88.77% व संजय गांधी ताप विद्युत गृह यूनिट-3 ने 85.92% PAF हासिल करते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। विशिष्ट तेल खपत में भी कंपनी के अधिकांश विद्युत गृहों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए MPERC मानकों से कम खपत दर्ज की। वहीं अमरकंटक ताप विद्युत गृह फेज-III एवं सतपुड़ा ताप विद्युत गृह फेज-क्ष का हीट रेट निर्धारित मानकों से बेहतर रहा जबकि संजय गांधी ताप विद्युत गृह फेज-III का हीट रेट MPERC मानकों के लगभग समतुल्य रहा।

कंपनी कार्मिकों की कर्मठता को दिया श्रेय - प्रबंध संचालक श्री मनजीत सिंह ने कंपनी के इस वार्षिक उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय कार्मिकों और ठेका श्रमिकों को देते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य न केवल प्रदेश की ऊर्जा आवश्यकताओं की सतत पूर्ति सुनिश्चित करता है, बल्कि तकनीकी दक्षता, पर्यावरणीय जिम्मेदारी और परिचालन उत्कृष्टता के क्षेत्र में राज्य की उत्पादन क्षमता को राष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत पहचान स्थापित करना भी है। कंपनी अपनी विभिन्न परियोजनाओं और नीतियों के विस्तार के साथ भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता के साथ ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए सतत प्रयासरत रहेगी।

ओरिएंट पेपर मिल का जनसंपर्क विभाग हुआ लुप्त।

जन समस्या और जनता से कोई सरोकार नहीं।

समाज जागरण

शहडोल। उद्योग देता है अपने उत्पादन को महत्व आसपास के प्रभावित ग्राम और वहां रहने वाली जनमानस की समस्याओं से इनका दूर-दूर तक कोई सरोकार नहीं कहां गया एशिया का ख्याति प्राप्त उद्योग ओरिएंट पेपर मिल कागज कारखाना एवं इसका सह उद्योग सोडा कास्टिक यूनिट जहां पर आज की स्थिति में जनसंपर्क विभाग लुप्त हो गया।

इनके उद्योग से निकलने वाली प्रदूषण एवं गंदगी का कई दशकों से प्रभावित एवं कई प्रकार की बीमारियों का सामना कर रहे प्रभावित ग्राम के नागरिक और जनमानस क्या शासन के द्वारा निर्धारित मापदडों एवं नियमों को दरकिनार करते हुए मूलभूत एवं बुनियादी सुविधाओं जैसे चिकित्सा, शिक्षा, जल, वाहन सुविधा, एम्बुलेंस सभी से प्रभावित एवं वंचित कर दिया गया।

आज उद्योग के आसपास रहने वाले ग्रामीण जनता इनके द्वारा किसी भी सुविधा न मिलने के कारण अपनी चाल जंगल और जमीन को भी उद्योग हित में उनके हवाले कर दिया गया और उसके बदले में उद्योग के द्वारा भूमिहीन सुविधा विहीन एवं रोजगार के अवसर से वंचित कर दिया गया।

40 वर्षों पूर्व आसपास किए गए विकास के कार्य एवं सुविधाओं को देखा जाए तो आज की स्थिति में सड़क दुर्दशाहीन पेयजल की व्यवस्था नहीं विद्यालयों में मुक्त शिक्षा के नाम पर अवैध वसूली वाहन सुविधा के नाम पर स्कूल जाने आने वाले छात्रों से लिए जाते हैं वाहन शुल्क जबकि उद्योग उत्पादन का 2% राशि आसपास के प्रभावित ग्राम एवं जनहित में किया जाना सुनिश्चित किया गया किंतु वर्तमान में उद्योग में कार्यरत अधिकारी सिर्फ उद्योग के अंदर की गतिविधियों में अपनी रुचि दिखाते हैं उन्हें प्रभावित ग्राम एवं वहां रहने वाली आबादी जनमानस से उनकी समस्याओं से दूर-दूर तक कोई वास्ता नहीं है ऐसे में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि उद्योग पूर्व की भांति सक्रिय और संवेदन सील ना होकर निष्क्रिय हो गया जनसंपर्क विभाग

कहां गया ओरिएंट पेपर मिल कागज कारखाना का जनसंपर्क कार्यालय एवं संबंधित विभाग ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या उद्योग को इस क्षेत्र के लोगों से कोई रुचि नहीं सिर्फ अपने उत्पादन से मतलब है। जनहित में मानवीय संवेदनाओं एवं विकास की राह में अपनी सहभागिता से नजरे छुपा रहे हैं।

वृद्ध महिला की फरियाद पर उमरिया पुलिस की तत्परता, 10 वर्षीय पोता 3 घंटे में सकुशल मिला

समाज जागरण

उमरिया, 10 अप्रैल 2026। मध्य प्रदेश के उमरिया जिले में पुलिस की संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई का एक सराहनीय उदाहरण सामने आया है। एक 65 वर्षीय वृद्ध महिला की फरियाद पर थाना कोतवाली पुलिस टीम ने महज 2 से 3 घंटे के भीतर उनके 10 वर्षीय पोते को सकुशल खोजकर परिवार के सुपुर्द कर दिया। इस कार्रवाई से न केवल परिजनों को राहत मिली, बल्कि पुलिस की कार्यप्रणाली पर आमजन का विश्वास भी मजबूत हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 09 अप्रैल 2026 की शाम को मोहनपुरी निवासी उमा देवी रजक (65 वर्ष) काफी परेशान अवस्था में थाना कोतवाली पहुंचीं। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनका 10 वर्षीय पोता ओम रजक सुबह घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने आस-पड़ोस और संभावित स्थानों पर काफी तलाश की, किंतु बच्चे का कोई सुराग नहीं मिला।

वृद्ध महिला की सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना कोतवाली पुलिस ने तत्काल शहर में गश्त कर रही पेट्रोलिंग टीम को बच्चे के हुलिये और अन्य आवश्यक विवरण उपलब्ध कराए। पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए आसपास के क्षेत्रों में सघन खोजबीन शुरू की। इस दौरान स्थानीय लोगों से पूछताछ कर सूचनाएं एकत्रित की गईं और संभावित स्थानों की लगातार निगरानी की गई।

लगातार करीब 2 से 3 घंटे तक चले प्रयासों के बाद पुलिस टीम को सफलता मिली और लापता बालक जेल बिल्डिंग के पीछे सुरक्षित अवस्था में मिल गया। आवश्यक औपचारिकताओं के बाद बच्चे को उसकी दादी के सुपुर्द कर दिया गया। बच्चे के सकुशल मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

उमा देवी रजक ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई और संवेदनशील व्यवहार की सराहना करते हुए कहा कि समय पर की गई इस मदद से उनका परिवार बड़ी चिंता से बच गया।

उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक उमरिया श्री विजय भागवानी के निर्देशन में जिले की पुलिस लगातार जनसेवा के ध्येय वाक्य को सार्थक करने के लिए सक्रिय प्रयास कर रही है। वर्ष 2025-26 के दौरान जिले में लापता बच्चों की खोज के मामलों में त्वरित कार्रवाई की दर में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है, जिससे आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत हो रही है।

इस घटना ने एक बार फिर यह साबित किया है कि पुलिस और नागरिकों के बीच समन्वय और विश्वास से किसी भी संकट का समाधान तेजी से संभव हो सकता है।

अवैध मुरूम(खनिज) उत्खन्न परिवहन करने वाले एक ट्रेक्टर एवं आरोपीयो के विरुध्द की गई कार्यवाही।

समाज जागरण

जैतहरी पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान द्वारा अवैध खनिज उत्खन्न करने वाले माफिया के विरूद्ध लगातार चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम, एसडीओ(पी.) नवीन तिवारी के निर्देशन एवं थाना प्रभारी जैतहरी निरीक्षक अमर वर्मा के नेतृत्व में की गई कार्यवाही।

दिनांक 10/04/2026 को वेंकटनगर चौकी पुलिस को दौरान भ्रमण ग्राम कदमसरा में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मुण्डा का राजेश राठौर आमाडांड की पहाडी किनारे से अवैध खनिज मुरूम का चोरी से उत्खन्न कर अपने नीले रंग के ट्रेक्टर ट्राली में ट्रेक्टर चालक से मुरूम लोड करवाकर ग्राम कदमसरा रानी तालाब तरफ मुरूम बेंचने आने वाला हैं मुखबिर के बताये स्थान ग्राम कदमसरा रानी तालाब के पास पहुंचे तो मुण्डा तरफ से एक ट्रेक्टर आते दिखे जो उक्त ट्रेक्टर को रूकवाकर चेक किया गया तो ट्रेक्टर की ट्राली में मुरूम लोड थी जो ट्रेक्टर चालक से पूछतांछ की गई तो चालक अपना अपना नाम बबलू सिंह भैना पिता लाल सिंह भैना उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम मुण्डा गढ़ियाटोला थाना जैतहरी जिला अनूपपुर का होना बताया एवं उक्त ट्रेक्टर राजेश राठौर निवासी गढ़ियाटोला मुण्डा का होना बताया एवं राजेश राठौर के कहने पर अवैध रूप से आमाडांड की पहाडी किनारे से मुरूम लोड करके लाना बताया एवं उक्त मुरूम की कोई टी.पी. या वैध दस्ताबेज नही होना बताया जो मौके से ट्रेक्टर चालक बबलू सिंह भैना एवं वाहन स्वामी राजेश राठौर का कृत्य धारा 303(2), 317(5), 305(ई) बीएनएस एवं 4/21 खान एवं खान खनिज विकास अधिनियम 1957 के तहत दण्डनीय पाये जाने से चालक बबलू सिंह भैना के कब्जे से बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के स्वराज कंपनी का ट्रेक्टर मय ट्राली में लोड 03 घन मीटर अवैध मुरूम (खनिज) वाहन एवं मुरूम कुल कीमती 503000/- रुपए की जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया जप्त शुदा सम्पत्ति को चौकी वेंकटनगर चौकी परिसर में खड़ा कराया गया है । आरोपी वाहन चालक बबलू सिंह भैना एवं वाहन स्वामी राजेश राठौर के विरूद्ध धारा 303(2),305(E), 317(5) BNS, 4/21 खनिज अधिनियम का अपराध पंजीबध्द किया गया है ।

उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी वेंकटनगर उप निरीक्षक प्रवीण कुमार साहू, सउनि. सुरेश कुमार अहिरवार एवं 288 विजय टाटू की सराहनीय भूमिका रही है।

शॉर्ट सर्किट से गेहूं की फसल में लगी आग, किसानों ने समय रहते पाया काबू

समाज जागरण संवाददाता लखनऊ

लखनऊ निगोहां क्षेत्र के हरिहरपुर पटिसा गांव के पास शनिवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब हाइटेंशन विद्युत लाइन में शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी ने गेहूं की खड़ी फसल को अपनी चपेट में ले लिया। तेज हवाओं के चलते आग तेजी से फैलने लगी, लेकिन आसपास मौजूद किसानों की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया।जानकारी के मुताबिक निगोहां गांव निवासी किसान रामजतन के खेत के ऊपर से गुजर रही हाइटेंशन लाइन के ढीले तार तेज हवा के झोंके से आपस में टकरा गए, जिससे शॉर्ट सर्किट हुआ और चिंगारी नीचे गेहूं की फसल पर गिर गई। देखते ही देखते फसल में आग लग गई और लपटें उठने लगीं।आग की लपटें देख आसपास खेतों में काम कर रहे किसान तुरंत मौके पर पहुंचे और मिट्टी, पानी व खेतों में मौजूद खरपतवार की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया। इस आगजनी में करीब 4 से 5 बिस्वा गेहूं की फसल जलकर

राख हो गई।

किसानों का कहना है कि घटना के समय बड़ी संख्या में लोग गेहूं की कटाई कर रहे थे, जिससे आग पर समय रहते काबू पा लिया गया। यदि थोड़ी भी देर हो जाती तो सैकड़ों बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो सकती थी।

घटना की सूचना मिलते ही विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ढीले तारों को कसने का काम किया। हालांकि, किसानों ने विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। किसान पुपुन तिवारी, किशनलाल, भुईयांदीन, बाबूलाल और सूरज सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में कई दशकों पुराने जर्जर तार और टूटे-फूटे विद्युत पोल लगे हुए हैं, जिनकी समय-समय पर मरम्मत या बदलाव नहीं किया जाता।किसानों का कहना है कि हल्की हवा चलने पर भी तार आपस में टकराते हैं, जिससे अक्सर शॉर्ट सर्किट की घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने मांग की है कि विद्युत विभाग जल्द से जल्द पुराने तारों और पोलों को बदलकर इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े नुकसान से बचा जा सके।

जमशेदपुर के सुंदरनगर में चिप्स-कुरकुरे के गोदाम में भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख

समाज जागरण 11.04.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर

जमशेदपुर के सुंदरनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत माईका मोड़ स्थित कृष्णा ढाबा के समीप रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया, जब चिप्स और कुरकुरे के गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और गोदाम में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गोदाम के बाहर कचरा जलाया जा रहा था। इसी दौरान तेज हवा के झोंके के साथ एक चिंगारी उड़कर गोदाम के अंदर रखे चिप्स और कुरकुरे के पैकेटों पर जा गिरी। पैकेटों में प्लास्टिक और ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण आग ने कुछ ही मिनटों में पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया।

घटना के समय गोदाम में मौजूद कर्मचारियों ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए तत्काल वहां खड़ी एक इलेक्ट्रिक बाइक को बाहर निकाल लिया। अगर बाइक समय रहते नहीं हटाई जाती, तो उसकी बैटरी फटने से बड़ा विस्फोट हो सकता था, जिससे नुकसान और भी बढ़ सकता था।

आग लगने की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग को सूचित किया गया। आग की भयावहता को देखते हुए एक के बाद एक कुल पांच दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। इनमें

यूसीआईएल की दो, सीआरपीएफ की एक और झारखंड अग्निशमन विभाग की दो गाड़ियां शामिल थीं। दमकल कर्मियों ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार आग पर काबू पाया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैल रही थी कि कर्मचारियों द्वारा बाल्टियों से पानी डालकर बुझाने की कोशिश नाकाफी साबित हुई। कुछ ही देर में लपटें आसमान छूने लगीं और आसपास के लोग भी दहशत में आ गए।

गोदाम का संचालन करने वाली फर्म ह्यसौरभ एंटरप्राइजेजह्न के कर्मचारी वीराज ने बताया कि गोदाम पूरी तरह माल से भरा हुआ था। उन्होंने कहा कि एक दिन पहले ही करीब 7 लाख रुपये का नया स्टॉक कंटेनर से आया था, जो पूरी तरह जलकर खाक हो गया। इसके अलावा पहले से मौजूद लेज और कुरकुरे के पैकेट भी बड़ी मात्रा में नष्ट हो गए। हालांकि कुल नुकसान का आकलन अभी तक नहीं हो सका है, लेकिन इसे काफी बड़ा बताया जा रहा है।

गोदाम के मालिक गुरप्रीत सिंह ने बताया कि उन्हें किसी अज्ञात व्यक्ति से फोन पर आग लगने की सूचना मिली थी। जब तक वे मौके पर पहुंचे, तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। उन्होंने कहा कि चिप्स जैसे ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण आग तेजी से फैल गई और कर्मचारियों के प्रयासों के बावजूद उस पर काबू पाना संभव नहीं हो सका।

फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि बाहर कचरे में आग किसने लगाई थी और क्या इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बरती गई थी। साथ ही सुरक्षा मानकों की भी जांच की जा रही है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि रिहायशी और व्यावसायिक इलाकों में सुरक्षा मानकों का कितना पालन किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे गोदामों की नियमित जांच हो और अग्नि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

समाहरणालय में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक, कमजोर प्रदर्शन वाले प्रखंडों पर विशेष फोकस

समाज जागरण 11.04.2026
चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)
पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर

जमशेदपुर के समाहरणालय सभागार में उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। इस दौरान सर्व शिक्षा अभियान, ह्लमेरा विद्यालय निपुण, मैं भी निपुणह्व कार्यक्रम, विद्यालयों में आधारभूत संरचना निर्माण तथा अन्य विभागीय योजनाओं की स्थिति पर गहन चर्चा हुई।

उपायुक्त ने ह्लमेरा विद्यालय निपुण, मैं भी निपुणह्व कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि विद्यालयवार आंकड़ों का सूक्ष्म विश्लेषण किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से बोड़ाम, धालभूमगढ़ एवं डुमरिया प्रखंडों में छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धि जिला औसत से कम पाए जाने पर चिंता व्यक्त की। इन क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए कारणों का गहन अध्ययन कर त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में विद्यालयों में चल रहे निर्माण कार्यों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने डीएमएफटी, अनाबद्ध निधि सहित विभिन्न मदों से संचालित निर्माण कार्यों की प्रगति पर असंतोष जताते हुए निर्देश दिया कि सभी अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। साथ ही जो योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, उनकी फोटोग्राफ सहित विस्तृत रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय में जमा करने को कहा गया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वर्षों से लंबित निर्माण कार्य, जिन्हें पूर्व की बैठकों में प्रस्तुत नहीं किया गया है, उन्हें अगली बैठक में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जाए।

उपायुक्त ने जर्जर विद्यालय भवनों की स्थिति पर भी गंभीरता दिखाई। उन्होंने निर्देश दिया कि ऐसे सभी भवनों की सूची तत्काल तैयार कर भवन निर्माण विभाग को उपलब्ध कराई जाए, ताकि नए भवनों या अतिरिक्त कक्षों के निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जा सके। उनका कहना था कि बेहतर आधारभूत संरचना ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की नींव है।

बैठक में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के आधार पंजीकरण में आ रही समस्याओं पर भी चर्चा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि ऐसी स्थिति में तुरंत डीपीओ (यूआईडी) से समन्वय स्थापित कर बच्चों का आधार कार्ड बनवाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही बीआरसी स्तर पर संचालित आधार केंद्रों के व्यापक प्रचार-प्रसार का निर्देश दिया गया, ताकि अधिक से अधिक बच्चों का पंजीकरण हो सके।

इसके अतिरिक्त, उपायुक्त ने लीड बैंक मैनेजर (एलडीएम) को निर्देश दिया कि शिक्षा विभाग द्वारा भेजी गई सूची के आधार पर छूटे हुए सभी स्कूली बच्चों के बैंक खाते शीघ्र खोले जाएं। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाने के लिए बैंक खाते अनिवार्य हैं, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

बैठक में विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति, मिड-डे मील योजना के संचालन, उसकी गुणवत्ता और नियमितता की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि मिड-डे मील में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही छात्रों को पाठ्यपुस्तक, पोशाक एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री समय पर उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि नियमित बैठकें आयोजित कर अभिभावकों की सहभागिता बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सामुदायिक भागीदारी बेहद आवश्यक है।

बैठक के अंत में उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, आधारभूत संरचना को मजबूत करने और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा।

इस बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री मनोज कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक श्री आशीष पांडेय, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (बीईईओ), सीआरपी एवं अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

कोषागार का औचक निरीक्षण: उपायुक्त ने वित्तीय प्रक्रियाओं में पारदर्शिता व सख्ती सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

समाज जागरण 11.04.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर

जमशेदपुर जिला उपयुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा कोषागार का औचक निरीक्षण करते हुए सरकारी वित्तीय प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और नियमों के सख्त अनुपालन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोषागार के माध्यम से सरकारी विभागों एवं निकासी एवं व्ययन पदाधिकारियों (DDO) द्वारा राशि की निकासी एवं भुगतान प्रक्रिया की विस्तृत समीक्षा की और कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए।

उपायुक्त ने कहा कि कोषागार जिला की वित्तीय व्यवस्था का ब्रेन होता है, इसलिए इसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि कोषागार पदाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि डीडीओ द्वारा प्रस्तुत प्रत्येक विपत्र कोषागार संहिता के नियमों के अनुरूप हो और किसी भी प्रकार की अनियमितता की गुंजाइश न रहे। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि निकासी केवल उसी आवंटन के अंतर्गत हो, जिसमें सरकार द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देश स्पष्ट रूप से दिए गए हों।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कोषागार पदाधिकारी को निर्देश दिया कि प्रत्येक डीडीओ बिल की गहन जांच अनिवार्य रूप से की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का भुगतान बिना पूर्ण सत्यापन के नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से वेतन और मानदेय भुगतान की प्रक्रिया पर कड़ी निगरानी रखने पर बल दिया।

कर्मचारियों के वेतन भुगतान के संदर्भ में उपायुक्त ने कहा कि स्थापना कर्मियों के नाम, पदनाम, जन्म तिथि एवं अन्य आवश्यक विवरणों का मिलान ऑनलाइन रिकॉर्ड अथवा सर्विस बुक से अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि वेतन भुगतान से पहले यह सुनिश्चित किया जाए कि संबंधित कर्मचारी वास्तव में अपने पद पर कार्यरत है या नहीं। केवल वास्तविक और कार्यरत कर्मियों को ही वेतन जारी किया जाए।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी कर्मचारियों का वेतन या पेंशन भुगतान केवल वैध पे-स्लिप अथवा सर्विस बुक में अंकित लेखा सत्यापन के आधार पर ही किया जाए। इसके साथ ही बैंक खाता संख्या का सत्यापन भी पासबुक या चेक के माध्यम से अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि या धोखाधड़ी की संभावना समाप्त हो सके।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कोषागार में प्रतिनियुक्त कर्मियों की उपस्थिति की जानकारी ली और क्लर्क से उनकी प्रतिनियुक्ति अवधि के बारे में पूछताछ की। साथ ही उन्होंने बुक ट्रांसफर, सब-अलॉटमेंट, अनयूज्ड अलॉटमेंट और फ्रेश अलॉटमेंट से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जिले में पीएल (Personal Ledger) खाते और पीएल सबहेड की पूरी सूची एवं विवरण शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। उपायुक्त ने कहा कि जो भी राशि खर्च नहीं हो पा रही है, उसे संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र सरेंडर कराया जाए, ताकि वित्तीय संसाधनों का उचित और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित हो सके। उन्होंने निर्देश दिया कि एसी/डीसी विपत्र के समायोजन और पीएल खातों की समीक्षा प्रत्येक सप्ताह नियमित रूप से की जाए, जिससे वित्तीय अनुशासन बना रहे और किसी भी प्रकार की लंबितता न रहे। निरीक्षण के दौरान सीताराम प्रसाद, पंचानन उरांव एवं कोषागार के अन्य कर्मी उपस्थित थे। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वित्तीय प्रक्रियाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कार्य निर्धारित नियमों एवं समयसीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं।

इस औचक निरीक्षण का उद्देश्य सरकारी वित्तीय व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी एवं प्रभावी बनाना है, ताकि सार्वजनिक धन का उपयोग पूरी तरह से नियमानुसार और जनहित में हो

डाला में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 350 मरीजों का हुआ इलाज

डाला/सोनभद्र (समाज जागरण): नगर पंचायत क्षेत्र के रामलीला मैदान, डाला बाजार में शनिवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ उठाया। शिविर में करीब 350 मरीजों की जांच कर उन्हें उपचार और दवाएं उपलब्ध कराई गईं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूपेश चौबे ने शिविर का निरीक्षण करते हुए चिकित्सकों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सोनभद्र आदिवासी बहुल क्षेत्र है और डाला जैसे खनन क्षेत्र में ऐसे शिविरों की विशेष आवश्यकता है। उन्होंने प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का भी उल्लेख किया।

विशेषज्ञ डॉक्टरों ने दी सेवाएं

शिविर में दंत, हड्डी, स्त्री रोग, बाल रोग और फिजिशियन सहित विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। डॉ. ए.के. गुप्ता (मीडिया हाउस संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष) ने बताया कि शिविर में मलेरिया, शुगर, टीबी, कुष्ठ, डेंगू और नेत्र रोगों की जांच की गई, साथ ही संपूर्ण टीकाकरण और निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया।

ई-श्रम और आयुष्मान कार्ड भी बने

शिविर में मजदूरों के लिए ई-श्रम कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। इस्के अलावा ह्यरक्तदान महादानह्ल अभियान के तहत रक्तदान कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

आयोजन में जनसहभागिता

कार्यक्रम में अल्ट्राटेक के प्रतिनिधि पीयूष शुक्ला और क्रशर एसोसिएशन अध्यक्ष अजय सिंह ने भी भाग लिया और ऐसे शिविरों को नियमित रूप से आयोजित करने की बात कही।

इस अवसर पर हनुमान सिंह, डॉ. सुभाष चंद्रा, डॉ. हिमांशु यादव, डॉ. तान्या आनंद सहित कई चिकित्सक और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सर्वेश पटेल ने किया।

सोनभद्र में सवारियों से भरी पिकअप पलटी, दर्जनभर से अधिक घायल, एक की हालत गंभीर

सोनभद्र (समाज जागरण): म्योरपुर थाना क्षेत्र के पड़री ग्राम पंचायत के कमरीडाड़ टोला में शनिवार दोपहर करीब 12 बजे एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। सवारियों से भरी एक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिकअप वाहन पड़री गांव से सवारियां लेकर म्योरपुर के साप्ताहिक बाजार जा रहा था। कमरीडाड़ के पास चढ़ाई पर अधिक भार होने के कारण वाहन ऊपर नहीं चढ़ सका और अचानक पीछे की ओर लुढ़ककर सड़क किनारे पलट गया। बताया जा रहा है कि वाहन में तीन दर्जन से अधिक लोग सवार थे।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म्योरपुर पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जा रहा है। डॉक्टरों के अनुसार एक घायल की हालत गंभीर बनी हुई है।

घायलों में जमुनी देवी, मंगल कुमारी, शिलोचनी, पनीता, सुशीला, धमंर्ती, मोहरमनियां, चंचला, सुधापति, उकमत, रामाशीष, रूइली देवी और फूलमती सहित अन्य लोग शामिल हैं।

हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और चालक की तलाश की जा रही है।

एसपी अभिषेक वर्मा ने ओबरा थाना का किया निरीक्षण, कार्यप्रणाली सुधारने के दिए निर्देश

सोनभद्र (समाज जागरण): पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने शनिवार

को थाना ओबरा में अर्दली रूम आयोजित कर सर्किल ओबरा की कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की। इस दौरान क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार सहित सभी थानों के प्रभारी निरीक्षक एवं विवेचक उपस्थित रहे।

अर्दली रूम के दौरान एसपी ने लंबित विवेचनाओं की प्रकरणवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सभी मामलों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं विधिसम्मत निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने आरोप पत्र निर्धारित समयसीमा के भीतर न्यायालय भेजने पर विशेष जोर दिया। आईजीआर-एस पोर्टल पर लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी प्रकरणों का तथ्यपरक एवं संतोषजनक निस्तारण तय समय में करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई से जुड़े मामलों में शिकायतकताओं से संवाद स्थापित कर निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

महिला अपराधों के मामलों की समीक्षा करते हुए एसपी ने संबंधित पोर्टल के माध्यम से संवेदनशीलता बरतते हुए प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए और पीड़ित पक्ष से नियमित संपर्क बनाए रखने पर बल दिया।

अर्दली रूम के बाद एसपी ने थाना ओबरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान थाना कार्यालय के अभिलेख, रजिस्टर, हवालात, मालखाना, मेस और बैरक का निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं रखरखाव की स्थिति का जायजा लिया।

इसके अतिरिक्त मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण कर महिला सहायता एवं परामर्श सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करने के लिए प्रेरित किया।

दुद्धी में विश्व हिंदू महासंघ का विस्तार, नई जिला व नगर कार्यकारिणी घोषित

सोनभद्र (समाज जागरण): विश्व हिंदू महासंघ के विस्तार और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने के उद्देश्य से दुद्धी नगर पंचायत के शिवाजी पार्क में मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की गतिविधियों, सामाजिक भूमिका और आगामी रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री नागेश्वर प्रसाद गोंड मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजय यादव ने की। बैठक के बाद सर्वसम्मति से नई जिला एवं नगर कार्यकारिणी का गठन किया गया।

महिलाओं की भागीदारी पर जोर

बैठक में संगठन में मातृशक्ति की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया और कई महिलाओं को

महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

नवनियुक्त पदाधिकारी

नई कार्यकारिणी में उर्मिला सोनी (जिला मंत्री), चंचला देवी (जिला प्रभारी), पुष्पा रानी उपाध्याय और रेणु दुबे ह्यदीप शिखाह्ल (जिला उपाध्यक्ष), देवन्ती देवी, सुषमा देवी एवं अनिता देवी (जिला कार्यकारिणी सदस्य) शामिल हैं।

इसके अलावा पहले से कार्यरत पदाधिकारियों में विजेंद्र मिश्रा (जिला अध्यक्ष, गौरक्षा प्रकोष्ठ), किरण किन्नर (जिला अध्यक्ष, किन्नर प्रकोष्ठ), ममता सोनी (जिला अध्यक्ष, मातृशक्ति) और बसंती देवी (नगर अध्यक्ष, दुद्धी) का उल्लेख किया गया।

संकल्प और स्वागत

बैठक के अंत में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। उपस्थित सदस्यों ने संगठन के सिद्धांतों के प्रति निष्ठा रखते हुए राष्ट्रहित, धर्म रक्षा और समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चोपन एरिया में 103 कोयला रैक लदान का रिकॉर्ड, धनबाद मंडल देश में अव्वल

चोपन/सोनभद्र (समाज जागरण): ईस्ट सेंट्रल रेलवे के धनबाद मंडल अंतर्गत चोपन एरिया ने 31 मार्च को 103 कोयला रैक का लदान कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह अब तक का सर्वाधिक लदान है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते वित्तीय वर्ष 2025-26 में धनबाद मंडल भारतीय रेलवे में सर्वाधिक लदान करने वाला मंडल बन गया है।

इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में शनिवार को कंट्रोल ऑफिस में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता डीटीएम चोपन ने की। कार्यक्रम में रेलवे कर्मचारियों के उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।

कर्मचारियों की मेहनत का परिणाम

डीटीएम रंजीत कुमार ने कहा कि चोपन क्षेत्र के कर्मचारियों ने दिन-रात मेहनत कर यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने टीमवर्क, समर्पण और लगन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कर्मचारियों के साथ काम करना गर्व की बात है।

नेतृत्व और सहयोग की सराहना

सीआईटी चोपन सह शाखा सचिव ईसीआरकेयू उमेश कुमार सिंह ने कर्मचारियों के योगदान और मंडल यातायात प्रबंधन के कुशल नेतृत्व के लिए आभार जताया। कपिल देव ने भी अधिकारियों और कर्मचारियों के संयुक्त प्रयासों की प्रशंसा की।

उत्साह का माहौल

इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और कर्मचारियों का उत्साह बढ़ा है। कार्यक्रम में रमेश कुमार गुप्ता, राकेश कुमार चौरसिया, महेंद्र प्रसाद, धीरेन्द्र कुमार, अमरेंद्र कुमार, आनंद कुमार चौरसिया सहित सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

गुमशुदा बच्चे को चाइल्ड हेल्पलाइन ने परिवार से मिलाया, परिजन हुए भावुक

सोनभद्र (समाज जागरण): चाइल्ड हेल्पलाइन की तत्परता और प्रयासों से एक गुमशुदा बच्चे को सकुशल उसके परिजनों से मिला दिया गया, जिससे परिवार में खुशी का माहौल है। जानकारी के अनुसार 10 अप्रैल 2026 की रात करीब 8 बजे ग्राम पथरहा से बच्चे को पन्नूगंज थाने और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की टीम के सहयोग से सुरक्षित किया गया था। इसके बाद टीम ने बच्चे के परिजनों की तलाश शुरू की।

स्थानीय मीडिया और ग्रामीणों से जानकारी जुटाने के बाद अगले दिन दोपहर करीब 11 बजे पता चला कि बच्चा ग्राम अरौली का निवासी

है। परियोजना समन्वयक मुकेश सिंह ने ग्राम प्रधान से संपर्क कर बच्चे के परिजनों को बुलाया और उसे सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया।

इस दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन टीम के अमन सोनकर, रविंद्र सिंह और सीमा शर्मा भी मौजूद रहे।

24 घंटे उपलब्ध आपातकालीन सेवा

चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एक निशुल्क 247 आपातकालीन सेवा है, जिसका उद्देश्य संकट में फंसे बच्चों को तत्काल सहायता प्रदान करना है।

हजरत सैय्यद मीरान शाह बाबा का उर्स स्थगित, 15 अप्रैल की तारीख टली

सोनभद्र (समाज जागरण): हिन्दू-मुस्लिम एकता के प्रतीक हजरत सैय्यद मीरान शाह बाबा के सालाना उर्स को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। पूर्व में निर्धारित 15 अप्रैल 2026 की तारीख को अब स्थगित कर दिया गया है।

उर्स इंतजामिया कमेटी के अनुसार प्रशासनिक अनुमति (परमिशन) प्राप्त न होने के कारण यह निर्णय लिया गया है। कमेटी ने स्पष्ट किया है कि उर्स की नई तिथि बाद में अनुमति मिलने के पश्चात घोषित की जाएगी।

कमेटी की ओर से लोगों से अपील की गई है कि इस जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जाए, ताकि सभी श्रद्धालुओं को सही सूचना मिल सके।

गौ सेवा को बढ़ावा दे रही प्रदेश सरकार, निराश्रित गोवंश संरक्षण में सकारात्मक परिणाम

सोनभद्र (समाज जागरण): उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा गौ सेवा और निराश्रित गोवंश संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जहां गोवंश को सुरक्षित आश्रय मिल रहा है, वहीं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है।

प्रदेश में 7700 से अधिक गौ-आश्रय स्थल संचालित

उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश कुमार शुक्ल ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में 7,700 से अधिक गौ-आश्रय स्थल संचालित हैं, जिनमें 16 लाख से अधिक निराश्रित गोवंश संरक्षित हैं। इन आश्रय स्थलों पर भोजन, स्वच्छ पेयजल और चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

सरकार द्वारा प्रति गोवंश 50 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से भरण-पोषण की धनराशि डीबीटी के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए 5,446 से अधिक स्थलों पर 7,592 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

सहभागिता योजना से बढ़ी जनभागीदारी

ह्यमुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजनाह्ल के तहत अब तक 1,67,065 गोवंश गोपालकों को सौंपे जा चुके हैं, जिससे लोगों की भागीदारी बढ़ी है और उनकी आय में भी वृद्धि हुई है।

सोनभद्र में भी बेहतर कार्य

जनपद सोनभद्र में 8 गौ-आश्रय स्थलों में 2,814 गोवंश संरक्षित हैं, जबकि 368 गोपालकों ने 1,057 गोवंश को अपनाया है, जिससे योजना को स्थानीय स्तर पर भी सफलता मिल रही है।

कड़े कानून और जनअपील

सरकार द्वारा गोवंश संरक्षण के लिए कड़े प्रावधान लागू किए गए हैं और अधिकारियों को नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही आमजन से अपील की गई है कि वे गोवंश को सड़कों पर न छोड़ें और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।

समग्र विकास पर फोकस

सरकार का उद्देश्य गौ सेवा के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संतुलन को मजबूत करना है।

इफको ने शुरू किया नैनो उर्वरक जागरूकता महाभियान

सोनभद्र (समाज जागरण): भारत की सबसे बड़ी उर्वरक सहकारी संस्था इफको द्वारा देशव्यापी नैनो उर्वरक जागरूकता महाभियान की शुरूआत की गई है। संस्था के अध्यक्ष दिलीप संघाणी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य किसानों को नैनो उर्वरकों के उपयोग के प्रति जागरूक कर कम लागत में अधिक उत्पादन सुनिश्चित करना है।

यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की प्रेरणा से ह्यआत्मनिर्भर भारतह्ल और ह्यसहकार से समृद्धिह्ल मिशन के अनुरूप संचालित किया जा रहा है। इफको सोनभद्र के क्षेत्राधिकारी अभिजीत मौर्य ने बताया कि जनपद के सभी विकासखंडों में कृषि एवं सहकारिता विभाग के सहयोग से यह अभियान किसानों तक पहुंचाया जाएगा।

अमूल्य पूँजी है देश के जागरूक किसान: अभिजीत मौर्य

परसौना में किसान कारवां कार्यक्रम संपन्न

सोनभद्र (समाज जागरण): घोरावल विकासखंड के परसौना ग्राम में शनिवार को किसान कारवां कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक सभागार में किया गया, जिसमें कृषि, पशुपालन, पोषण एवं आधुनिक खेती से संबंधित विषयों पर विशेषज्ञों ने किसानों को जानकारी दी।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र, सोनभद्र के पशुपालन विशेषज्ञ डॉ. ए.के. यादव ने पशुओं के स्वास्थ्य एवं टीकाकरण के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने एफएमडी (मुंहपका-खुरपका) और थनैला जैसी बीमारियों के लक्षण, बचाव और उपचार पर किसानों को जागरूक किया।

कृषि विज्ञान केंद्र की एसएमएस डॉ. रश्मि सिंह ने संतुलित पोषण एवं स्वास्थ्य पर चर्चा करते हुए दैनिक जीवन में पौष्टिक आहार अपनाने की सलाह दी। इफको के क्षेत्रीय अधिकारी अभिजीत मौर्य ने नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के उपयोग की विधि समझाते हुए कहा कि जागरूक किसान ही देश की अमूल्य पूँजी है। उन्होंने नैनो उर्वरकों के सही उपयोग और सागरिका उत्पाद की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला।

कृषि विभाग के एडीओ तेजराम गंगवार ने फार्मर रजिस्ट्री के महत्व पर जानकारी देते हुए कहा कि भविष्य में योजनाओं और खाद वितरण का लाभ केवल पंजीकृत किसानों को ही मिलेगा।

इफको एमसी के क्षेत्रीय अधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने फसल सुरक्षा से जुड़े उत्पादों की जानकारी दी, जबकि प्रगतिशील किसान नेहा सिंह ने अपनी सफलता की कहानी साझा कर महिलाओं और युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र, इफको, कृषि विभाग और अन्य संस्थाओं के अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया।

अनपरा पुलिस की कार्रवाई, 9.63 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

सोनभद्र (समाज जागरण): जनपद में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना अनपरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में पुलिस टीम ने 9.63 ग्राम अवैध हेरोइन के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर जीएम ऑफिस ककरी

के पास छापेमारी कर सोनू कुमार पुत्र संतोष कुमार निवासी ककरी कॉलोनी, थाना अनपरा को पकड़ा गया। उसके पास से 9.63 ग्राम हेरोइन, एक ओप्पो ऋ3 मोबाइल फोन, नकदी और एक पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की गई।

गिरफ्तारी के आधार पर थाना अनपरा में मु.अ.सं.-86/2026 धारा 8/21/27ए/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह हेरोइन सूरज कुमार उर्फ सूरज जैक्स निवासी रेहटा से प्राप्त करता था और इसे छोटे-छोटे पुड़िया बनाकर 500 प्रति पुड़िया के हिसाब से बेचता था। पुलिस के अनुसार इस नेटवर्क में बाहरी सप्लायरों की भूमिका भी सामने आई है।

इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक बृजेश कुमार दूबे, हेड कांस्टेबल विजय कुमार और कांस्टेबल सौरभ वर्मा की अहम भूमिका रही। पुलिस ने कहा कि अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने के लिए फार्मर आईडी अनिवार्य: देवेंद्र कुमार सिंह

सोनभद्र (समाज जागरण): सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अप्रैल माह से गेहूं खरीद प्रारंभ हो चुकी है। अब क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने से पहले किसानों के लिए फार्मर रजिस्ट्री और फार्मर आईडी अनिवार्य कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार के किसान कल्याण मंत्रालय के निदेर्शों के अनुसार भविष्य में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किस्तें केवल उन्हीं किसानों को दी जाएंगी जिनके पास किसान पहचान पत्र होगा।

इसी क्रम में राज्य सरकार ने भी निर्णय लिया है कि कृषि विभाग सहित उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता और लघु सिंचाई विभाग की सभी लाभार्थी योजनाओं में फार्मर आईडी अनिवार्य होगी।

गेहूं, धान, दालें और सरसों जैसी फसलों की एमएसपी खरीद के लिए भी किसान पहचान पत्र जरूरी होगा। खरीद केंद्रों पर सत्यापन के बाद ही

किसानों से फसल खरीदी जाएगी।

अधिकारियों के अनुसार उर्वरक, बीज और कीटनाशक जैसे कृषि इनपुट का वितरण भी अब फार्मर आईडी से जोड़ा जा रहा है। खाद्य एवं रसद विभाग तथा कृषि विभाग द्वारा एमएसपी खरीद प्रक्रिया में इसे तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे शीघ्र फार्मर रजिस्ट्री कराकर सरकारी योजनाओं और गेहूं खरीद का लाभ प्राप्त करें।

सपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन, भाजपा सरकार के 9 साल पर उठाए सवाल

सोनभद्र (समाज जागरण): समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने शनिवार को जिला सचिव प्रमोद यादव के नेतृत्व में आरटीएस चौराहे पर एकत्र होकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकताओं ने भाजपा सरकार के 9 वर्षों के कार्यकाल को लेकर विरोध जताते हुए नारेबाजी की।

महंगाई और बेरोजगारी पर घेरा

प्रमोद यादव ने कहा कि सरकार ने ह्यअच्छे दिनह्ल का वादा किया था, लेकिन बीते वर्षों में महंगाई और बेरोजगारी बढ़ी है। उन्होंने आरोप लगाया कि खाद्य सामग्री, दवाइयों, गैस सिलेंडर, बिजली और निर्माण सामग्री के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आमजन प्रभावित हो रहा है।

स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल

सपा नेताओं ने कहा कि सोनभद्र में पूर्ववर्ती सरकार के दौरान बने ट्रामा सेंटर और बर्न यूनिट अभी तक संचालित नहीं हो सके हैं, जिससे गंभीर मरीजों को अन्य जिलों में जाना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति को भी उन्होंने चिंताजनक बताया।

अन्य मुद्दों को भी उठाया

प्रदर्शन के दौरान स्मार्ट मीटर से बढ़े बिजली बिल, जल जीवन मिशन में कथित अनियमितताएं और पेयजल संकट जैसे मुद्दों को भी उठाया गया। कार्यकताओं का कहना था कि किसान, व्यापारी, युवा और महिलाएं सभी वर्ग सरकार की नीतियों से प्रभावित हैं।

इस दौरान सुरेंद्र भारती, अनिल विश्वकर्मा, सरजू प्रसाद, सुरेश अग्रहरी, रमाशंकर खरवार, अशोक केवट, जुनैद अंसारी, अरविंद कोल, रोहित शर्मा और राजू पासवान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गैंगस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, पिपरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई

सोनभद्र (समाज जागरण): जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पिपरी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने गैंगस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मु.अ.सं.-66/2026, धारा 3(1) उ.प्र. गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 से संबंधित अभियुक्त सूरज कुमार गुप्ता पुत्र रामनरेश गुप्ता निवासी डिबुलगंज, थाना अनपरा को 11 अप्रैल 2026 को लगभग 11:55 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि वह पूर्व में अवैध मादक पदार्थों के मामले में जेल जा चुका है और पुलिस से बचकर भागने का प्रयास कर रहा था, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक अपराध हरेन्द्र कुमार यादव, हेड कांस्टेबल प्रभूनारायण, हेड कांस्टेबल मोहन खरवार एवं चालक हेड कांस्टेबल राजेश कुमार पासवान की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

बीजपुर पुलिस की कार्रवाई, 10 लीटर कच्ची शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी

सोनभद्र। जनपद में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बीजपुर थाना पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी के पर्यवेक्षण में थाना बीजपुर पुलिस टीम ने एक अभियुक्त को अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार दिनांक 11 अप्रैल 2026 को उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह मय हमराह हेड कांस्टेबल भानुप्रताप सिंह यादव के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे।

स्कूल चलो जागरूकता रैली निकाली गई

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी।। सेवापुरी विकास खंड के ग्राम पंचायत बरेमा में स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाली गई। जिसके माध्यम से ग्रामीणों को अपने बच्चों को स्कूल भेजने के प्रति जागरूक किया।शनिवार को बरेमा गांव स्थित कंपोजिट विद्यालय परिसर से स्कूल चलो रैली का शुभारंभ समाजसेवी अजीत कुमार सिंह आजाद ने हरी झंडी दिखाते हुए किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा पाना हर किसी का अधिकार है। कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इसे लेकर सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसके लिए बच्चों के अभिभावकों को भी जागरूक किया जा रहा है। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं से कई तरह के स्लोगन और नारे के माध्यम से ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया।इस मौके पर प्रधानाध्यापक चंद्र भूषण सिंह ने कहा

कहा कि शिक्षा से ही बच्चों का चहुंमुखी विकास होता है। शिक्षक समाज और राष्ट्र का निर्माण कराता हैं। तीन वर्ष से अधिक के बच्चों का आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रवेश कराने को कहा। पांच वर्ष पूर्ण होने पर उनका प्रवेश प्राथमिक विद्यालय में कक्षा एक में कराया जा सकता है। शिक्षा बच्चों का अधिकार और माता-पिता का कर्तव्य है। सरकार बच्चों को शिक्षा के साथ सुपोषण के लिए मध्याह्न भोजन,यूनीफार्म, जूता मोजा,बैग, किताब, स्वेटर आदि निशुल्क प्रदान कर रही है।

रैली में शामिल बच्चों ने शिक्षा है अनमोल रतन,हम सबने ठाना है, सबको शिक्षित बनाना है,सब पढ़ें-सब बढें आदि स्लोगन और नारे के माध्यम से शिक्षा के महत्व को समाज में फैलाया।रैली में मुख्य रूप से शैलेन्द्र विक्रम सिंह,रानी, डॉ दीप्ति जैसवाल,कमलेश पांडेय,मीना, नागराज पाल सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल रहे।

ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात युवक की मौत

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी।। कपसेठी थाना क्षेत्र के घोषिला गांव के पास शनिवार सुबह एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं।सुबह में रेलवे ट्रैक की ओर गए लोगों ने करीब 35 वर्षीय युवक का क्षत-विक्षत शव देखा। शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। इसके बाद तत्काल कपसेठी पुलिस को सूचना दी गई।मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। युवक ने स्लेटी (ग्रे) रंग का लोअर पहना हुआ था, जिसके आधार पर उसकी पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।पुलिस का कहना है कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है। साथ ही आसपास के थानों को भी सूचना दी गई है, ताकि युवक की पहचान हो सके। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी को मृतक के बारे में जानकारी हो तो तत्काल कपसेठी थाने में सूचित करें।

पोषण पखवाड़ा में महिलाओं को संतुलित आहार का दिया गया संदेश

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी हरहुआ क्षेत्र के ग्राम पंचायत स्थित सभी आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषण पखवाड़ा के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अभियान 9 से 23 अप्रैल तक चलेगा।

सीडीपीओ हरहुआ दिलीप केसरी के अनुसार कार्यक्रम में गर्भवती व धात्री महिलाओं तथा किशोरियों को स्वच्छता और संतुलित आहार के महत्व की जानकारी दी गई। रसोई डेमो के माध्यम से पौष्टिक भोजन बनाने के तरीके बताए जा रहे हैं जिससे एनीमिया व कुपोषण से बचाव हो सके।

इस दौरान विटामिन, प्रोटीन सहित प्रमुख पोषक तत्वों की भूमिका पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य सेविका श्रीमती आभा त्रिपाठी,श्रीमती किरण लता भारती,श्रीमती चंदतारा देवी ,श्रीमती चिंता पाल ,नेहा संगीता, सरिता, बिंदु, अन्नू,श्रुति एवं केंद्र के लाभार्थी समेत आंगनबाड़ी कार्यकर्तियां उपस्थित रहीं।

फार्मर रजिस्ट्री के बगैर किसानों को नही मिलेगी कोई सुविधा: बी0 पी0 वर्मा

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। डीएम के निर्देश पर फार्मर रजिस्ट्री के बाबत समीक्षा बैठक ब्लाक हरहुआ पर सम्पन्न हुई।

बीडीओ हरहुआ बद्री प्रसाद वर्मा ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री के बगैर किसानों को कोई सुविधा नहीं मिलेगी। क्रय केंद्रों पर गेंहू भी नहीं बेच सकते। किसान सम्मान निधि की किश्तें भी रुक जाएगी। राज्य सरकार ने निर्णय लिया हैं कि कृषि विभाग सहित उद्यान ,पशुपालन, मत्स्य ,सहकारिता और लघु सिंचाई की सभी लाभार्थी योजनाओं में फार्मर आईडी को अनिवार्य किया गया है। उर्वरक ,बीज ,कीटनाशी एवम अन्य

कृषि इनपुट के वितरण तथा लाभार्थी के चयन में किसान पहचान को आधार बनाया गया है।

इसलिए त्वरित गति से सभी किसानों की रजिस्ट्री कार्य पूरी करने में अधिकारी ,कर्मचारी पूर्ण करने का कार्य करें।

बैठक में एडीओ आईएसबी रविप्रकाश सिंह,एडीओ पंचायत रवि सिंह ,एडीओ कृषि देवेंद्र कुमार पांडेय,प्राविधिक सहायक कृष्ण कुमार मौर्य व सचिव शामिल रहे।

संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी।। राजातालाब थाना क्षेत्र के गंभीरीपुर महगांव में एक 26 वर्षीय युवक का शव घर के सामने स्थित कुएं से बरामद किया गया ।युवक शुक्रवार देर रात पारिवारिक विवाद के बाद लापता हो गया था, जिसके बाद उसकी तलाश की जा रही थी।मृतक की पहचान आशीष पटेल (26) पुत्र तेज बलि पटेल के रूप में हुई है। आशीष पेशे से टाइल्स मिस्त्री था और अपने तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसके परिवार में पत्नी और दो छोटी बेटियां हैं। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 9 बजे घर में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके कुछ देर बाद आशीष घर से लापता हो गया। तलाश के दौरान घर के सामने स्थित पुराने कुएं में उसके गिरने की आशंका जताई गई। सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान चलाकर शव को कुएं से बाहर निकाला। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक की पत्नी थाने पहुंची और अपने सास, ससुर, ननद तथा नंदोई पर गंभीर आरोप लगाते हुए तहरीर दी। महिला ने आरोप लगाया कि घटना के समय उसे एक कमरे में बंद कर दिया गया था। उसने बताया कि ससुराल पक्ष लंबे समय से दहेज की मांग कर रहा था, जिसका उसके पति विरोध करते थे। इसी बात को लेकर पारिवारिक विवाद बढ़ा और उसके पति के साथ मारपीट कर उसे कुएं में फेंक दिया गया।

थाना प्रभारी ने मामले में मिली तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

आखिर कब लगेगी नशीली वस्तुओं व शोषण पर रोक : वी0के0 गुप्ता

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी।शासन की ओर से स्पष्ट निर्देश है कि शिक्षण संस्थानों के पास नशे की सामग्री नहीं बिकेंगी, लेकिन आज भी कई ऐसे स्कूल हैं जिनके आस पास के दुकानों में बेधड़क पान ,गुटका ,भांग गोली नशीली वस्तुएं बेची जा रही है। कुछ स्थान ऐसे ऐसे भी हैं जहाँ स्कूलों के आस पास शराब की दुकानें संचालित हो रही हैं। जिले में नशामुक्ति के खिलाफ अभियान चलाने वाले विभाग के कुछ अधिकारी अपना काम ठीक से नहीं कर रहे। नशे की कारोबार किसी से छिपा नहीं है।शिक्षण संस्थानों के आस पास नशे की बिक्री बन्द होनी चाहिए।

दूसरी बड़ी समस्या है महंगी किताबों और विद्यालयों में की जा रही मनमानी फीस बृद्धि बच्चों के एडमिशन के लिए जाने पर अभिभावकों को महंगी किताबों की सूची ,यूनिफार्म ,बैग ,वाटर बॉटल एक निर्धारित दुकान पर से क्रय के लिए थमा दी जाती है। सरकार ने एनसीईआरटी की किताबें पढ़ाने का आदेश जारी किया गया है ,फिर भी

विद्यालय संचालक अपने रवैये से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसे विद्यालय संचालकों के खिलाफ जांच कराकर कार्यवाही होनी चाहिए।

वैसे हर कार्य के लिए सरकार की ओर देखना ,उनकी जिम्मेदारी समझने से बेहतर है कि अब हर व्यक्ति इसके खिलाफ खड़े होकर अपनी आवाज उठाये और समाधान तक लड़ाई रखे तो एक न एक दिन इन सभी से निजात मिल सकती है। व्याप्त सामाजिक भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का कार्य कुछ लोग अपनी लाभ की पूर्ति तक संलिप्त हो जाते हैं लेकिन ! गरीब ,कमजोर ,निरीह की आवाज बनकर खड़े होने का समय आ गया है समाज का हर जिम्मेदार इस विरोध के यज्ञ में शामिल होकर समाज से नशीली वस्तुओं व शोषण से मुक्ति दिलाने का कार्य करें।

आज हरहुआ स्थित हनुमान मंदिर पर जय श्री राम सेवा संस्थान हरहुआ मन्दिर के अध्यक्ष,प्रदेश व्यापार मण्डल के महामंत्री वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने 'सामाजिक बुराइयों व बढ़ते भ्रष्टाचार'विषयक संगोष्ठी में व्यक्त किया। इसके पश्चात मन्दिर से हर शनिवार खिचड़ी प्रसाद भक्तजनों में वितरित किया। इस कार्य मे अभय मौर्य ,सचिन दुबे ,विशाल पटेल , राकेश कुमार गुप्त व सोनू मोदनवाल सहित व्यापार मंडल के पदाधिकारी व सक्रिय कार्यकर्ताओ का सराहनीय सहयोग रहा।

संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से दस किसानों का 22 बीघा गेंहू का बोझा जला

फायर बिग्रेड ने आग पर पाया काबू

समाज जागरण

मीरजापुर /हलिया थाना क्षेत्र के डोहर गांव के सिवान स्थित खेत में शनिवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से दस किसानों के बाइस बीघा दस विस्वा गेंहू का बोझ आग की चपेट में आकर जलकर राख हो गया मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने आग पर बाल्टी डब्बा के पानी से काबू पाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिल पायी आगजनी की घटना से गेंहू का बोझ चलकर राख हो गया है आग करीब आधा किलोमीटर तक फैल गई थी सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष व राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर आगजनी से हुई क्षति का आकलन करते हुए फायर बिग्रेड को सूचना दिया मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड कर्मियों ने आग पर पूरी तरह से काबू पाया है क्षेत्र के डोहर गांव निवासी किसान श्याम सुंदर की आठ बीघा की फसल के बोझ में संदिग्ध

परिस्थितियों में आग लग गई और सुरेश के चार बीघा व छोटेलाल का डेढ़ बीघा, गिरधारी का डेढ़ बीघा, महाजन का डेढ़ बीघा, लालचंद का डेढ़ बीघा, कमलाशंकर का डेढ़ बीघा, कृपा शंकर का डेढ़ बीघा, भाई लाल का एक बीघा, बसंन्तु का दस विस्वा गेंहू का बोझ जलकर राख हो गया आग बिकराल रूप धारण कर तेजी से आगे बढ़ने लगी की ग्रामीणों ने बाल्टी डब्बा में पानी लेकर आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिल पाई सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव व राजस्व निरीक्षक प्रमोद सिंह, क्षेत्रीय लेखपाल नवीन श्रीवास्तव, आशीष पाण्डेय व अमर बहादुर यादव ने मौके पर पहुंचकर आगजनी से हुई क्षति का आकलन करते हुए तत्काल फायर बिग्रेड को सूचना दिया जिला मुख्यालय से पहुंची फायर बिग्रेड वाहन के कर्मियों ने आग पर काबू पाया है आगजनी की घटना से किसानों की काफी क्षति हुई है आगजनी से हुई क्षति की क्षतिपूर्ति के लिए मांग किया है

एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने भाजपा स्थापना दिवस पर झाड़ू लगाकर ,वरिष्ठों को किया सम्मानित।

वाराणसी। शनिवार को रोहनिया विधानसभा के कर्दमेश्वर मंडल के वार्ड 33 करौदी के नासिरपुर दुर्गा मंदिर प्रांगण में पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के तहत स्वच्छता किया व गांव

चलो अभियान कार्यक्रम के तहत पार्टी के वरिष्ठ कार्यकताओं को अंगवस्त्र पहनाकर सदस्य विधान परिषद व भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ने सम्मानित किया।।

प्रमुख रूप से साथ में श्याम भूषण शर्मा,रामलाल पटेल,गोपाल जी पटेल, कमलेश पाल,अखिलेश उपाध्याय,विहारी पटेल,अजीत यादव,सुरेन्द्र प्रजापति, बाके लाल,विकाश डूबे,सवेश पटेल आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

शटर चाड़ कर दुकान में रखा लाखो रुपए मूल्य का आभूषण चोरी, पुलिस जांच में जुटी

समाज जागरण

मीरजापुर /लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर में बीती शुक्रवार/शनिवार को आधी रात के बाद चोरों ने दुकान का शटर चाड़ कर दुकान में रखा लाखो रुपए मूल्य का आभूषण चोरी कर लिए। घटना का पूरा वीडियो सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की बारीकी से जांच की और सीसीटीवी कैमरे में देखें जा रहे चोरों को शिनाख्त में जूट गई हैं।

लहंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत वाराणसी रीवा हाईवे के लहंगपुर ओवरब्रिज के पास बामी रोड पर शिवजी ज्वेलर्स की दुकान में बीते आधी रात के बाद करीब एक आसपास बजे शटर चाड़कर भीतर दाखिल हुए चोरों ने तीन लाख मूल्य के करीब सवा किलो चांदी के आभूषण उठा ले गए। इसकी जानकारी शनिवार को सुबह आभूषण की दुकान के बगल में दुकान खोलने पहुंचे अन्य दुकानदारों ने देखा शटर चाड़ा गया है,यह देख मीरजापुर के नकहरा नई बस्ती निवासी आभूषण व्यवसायी मोहन सेठ को सूचित किए। मोहन सेठ आनन फानन में मौके पर पहुंचे तो दुकान का शटर चाड़ा देख उनके होश उड़ गए। शटर उठाकर दुकान में देखा तो चांदी के आभूषण गायब था। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल की। आभूषण व्यवसायी मोहन सेठ ने सीसीटीवी कैमरे में देखा कि दो लोग मुंह बांधकर शटर चाड़ कर दुकान के अंदर घुसकर काउंटर में रखे लाखों रुपए मूल्य के चांदी के आभूषण उठा ले गए। वहीं एक व्यक्ति बाहर खड़ा नजर रखे रहा। उधर घटना की जानकारी मिलते ही बाजार के व्यापारी मौके पर पहुंचे और लहंगपुर में पीआरबी 112 की पुलिस हमेशा खड़ी रहती है फिर भी चोरी की घटना हो जा रही है। पीड़ित ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब सात बजे दुकान बंद कर अपने घर नई बस्ती नकहरा चले गए। लहंगपुर पुलिस चौकी प्रभारी सुजीत सेठ ने बताया की चोरों ने शटर चाड़ कर दुकान में घुसे थे, लेकिन गनिमत रहा की आलमारी का लाकर नहीं तोड़ पाए। रोड पर चोरों को किसी के आने की आहट मिलते ही वह भाग गए। उन्होंने बताया की पीड़ित की तहरीर मिलने के बाद चोरी की घटना दर्ज होगी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है।

बोल्डर लदी हाईवा को खनन विभाग व मैजिक वाहन को परिवहन विभाग ने पकडकर किया सीज

समाज जागरण

मीरजापुर /हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग से बोल्डर लदी हाईवा वाहन को शनिवार को खनन विभाग के खान मोहरिर दीपक राजभर ने हाईवा वाहन को रोककर बोल्डर से संबंधित कागजात की मांग किया लेकिन हाईवा चालक द्वारा कोई कागजात नहीं दिखा पाने पर हाईवा वाहन को सीज कर पुलिस अभिरक्षा में सौप दिया है इसी प्रकार परिवहन विभाग के पीटीओ महेंद्र पाण्डेय द्वारा मैजिक वाहन को रोककर वाहन का फिटनेस प्रमाण पत्र व बीमा कागजात की जांच किया लेकिन कागजात वैध नहीं मिलने पर मैजिक वाहन को सीज कर पुलिस अभिरक्षा में थाना परिसर में खड़ा कराया है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की खनन विभाग द्वारा बोल्डर लदी हाईवा वाहन व परिवहन विभाग के पीटीओ द्वारा मैजिक वाहन को सीज कर दोनों वाहनों को थाना परिसर में खड़ा कराया है

एनसीवीईटी और बीएओयू के बीच समझौता: कौशल विकास को मिलेगा नया आयाम, दोहरी मान्यता से बढ़ेगी रोजगार क्षमता

राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) ने 10 अप्रैल 2026 को डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर मुक्त विश्वविद्यालय (बीएओयू) के साथ एक समझौता किया है। इसके अंतर्गत बीएओयू को दोहरी श्रेणी के मान्यता प्राप्त संस्थान के रूप में मान्यता दी गई है।

इस समझौते के अंतर्गत, बीएओयू को राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचा (एनएसक्यूएफ) के अनुरूप योग्यताओं के लिए प्रशिक्षण, मूल्यांकन और प्रमाणन प्रदान करने का अधिकार प्राप्त है। दोहरी श्रेणी के मान्यता प्राप्त संस्थान के रूप में, विश्वविद्यालय अपने परिसरों और अनुमोदित केंद्रों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान कर सकता है, स्वतंत्र मूल्यांकन कर सकता है और आवश्यकतानुसार एनसीवीईटी द्वारा मान्यता प्राप्त मूल्यांकन एजेंसियों की सेवाएं ले सकता है। इस समझौते पर एमएसडीई की सचिव और एनसीवीईटी की अध्यक्ष श्रीमती देबाश्री मुखर्जी और एनसीवीईटी के कार्यकारी सदस्य प्रोफेसर (डॉ.) अशोक कुमार गाबा की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए।

यह मान्यता कौशल विकास में गुणवत्ता आश्वासन और उद्योग प्रासंगिकता के लिए एनसीवीईटी के नियामक ढांचे के अनुरूप है। अपनी मजबूत शैक्षणिक साख और समावेशी शिक्षण मॉडल का लाभ उठाते हुए, बीएओयू से कौशल विकास, पुनः कौशल विकास और उन्नत कौशल विकास की पहलों में महत्वपूर्ण योगदान देने, रोजगार क्षमता बढ़ाने और युवाओं, महिलाओं तथा वंचित समुदायों के लिए अवसरों का विस्तार करने की संभावना है।

बालश्रम कराना कानूनन अपराध है बच्चों को स्कूल भेजें

समाज जागरण
ओंकार नाथ चौधरी

जनपद बहराइच रेलवे परिसर में जीआरपी, आरपीएफ एवं प्रथम संस्था के संयुक्त तत्वावधान में एक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ट्रेन की चेकिंग में 8 बच्चे संदिग्ध अवस्था में मिले, जो बाल श्रम करने के उद्देश्य से सीतापुर से बलिया व मुम्बई जा रहे थे।

जांच के दौरान सभी बच्चों को सुरक्षित ट्रेन से उतारकर उनसे पूछताछ की गई तथा आवश्यक जानकारी एकत्र कर जीडी में प्रविष्टि कराकर स्टेशन अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया गया इसके बाद बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन के सहयोग से

संरक्षण में लिया गया और विधिक प्रक्रिया पूरी की गई।

बच्चों को चाइल्ड लाइन सपोर्ट के तहत देखरेख में रखते हुए काउंसलिंग कराई गई और उन्हें चाइल्ड वेलफेयर कमेटी (CWC) के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति के आदेशानुसार सभी बच्चों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

इस प्रकार संयुक्त प्रयास से बच्चों को बाल श्रम की स्थिति से सुरक्षित बचाया गया और उनके भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया।

क्रय केन्द्रो पर गेंहू बेचने के पहले फार्मर रजिस्ट्री करानी जरूरी : देवेंद्र कुमार सिंह

समाज जागरण

वाराणसी। सहायक आयुक्त एवं सहायकनिबंधक सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह ने कहा है कि अप्रैल माह से सभी केन्द्रो पर गेंहू खरीद प्रारंभ हो चुकी है ।लेकिन केंद्र पर गेंहू बेचने के पूर्व किसानो को फार्मर रजिस्टरी करानी आवश्यक होगी।

सहायक आयुक्त ने बताया कि किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किश्तें केवल उन्हीं किसानों को दी जाएंगी, जिनके पास किसान पहचान पत्र होगा।

इसी क्रम में राज्य सरकार ने भी निर्णय लिया है कि कृषि विभाग सहित उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता और लघु सिंचाई विभाग की सभी लाभार्थी योजनाओं में फार्मर

आईडी को अनिवार्य किया जाएगा।

प्रथम चरण में कृषि विभाग द्वारा उर्वरक, बीज, कीटनाशी एवं अन्य कृषि इनपुट के वितरण तथा लाभार्थियों के चयन में किसान पहचान पत्र को आधार बनाया जाएगा।

इसके साथ ही न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी पर गेहूं, धान, दालें, सरसों आदि की खरीद के लिए भी किसान पहचान पत्र अनिवार्य रहेगा। खरीद केंद्रों पर किसानों के पहचान पत्र का सत्यापन करने के बाद ही खरीद की जाएगी। सहायक आयुक्त ने कहा कि प्रदेश में अनुदानित उर्वरकों का वितरण फिलहाल पीओएस मशीनों के माध्यम से आईएफएमएस पोर्टल पर हो रहा है, जिसे मई से फार्मर आईडी और फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जाएगा।

वहीं खाद्य एवं रसद विभाग और कृषि विभाग द्वारा एमएसपी पर होने वाली सभी खरीद में तत्काल प्रभाव से किसान पहचान पत्र अनिवार्य कर दिया गया है।इस संबंध मे सभी किसान बंधुओ से अनुरोध है कि तत्काल फार्मर रजिस्ट्री कराकर गेंहू क्रय योजना का लाभ उठायें।

वैश्विक मान्यता सटीक निदान सुनिश्चित करती है और आयुष को गुणवत्तापूर्ण देखभाल के लिए एक मानदण्ड के रूप में स्थापित करती है: श्री प्रतापराव जाधव

आयुष मंत्रालय के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, बेंगलुरु की क्लिनिकल प्रयोगशाला को जैव रसायन और रुधिर-विज्ञान दोनों के लिए आईएसओ 15189:2022 मान्यता प्राप्त हुई है। इस प्रकार यह संस्थान केंद्रीय आयुवेर्दीय विज्ञान अनुसंधान परिषद् संस्थान के अंतर्गत यह उपलब्धि प्राप्त करने वाला पहला संस्थान बन गया है।

यह मान्यता रोगियों को आश्वस्त करती है कि प्रयोगशाला वैश्विक स्तर पर स्वीकृत गुणवत्ता मानकों के अनुरूप सटीक, विश्वसनीय और सुरक्षित नैदानिक परिणाम प्रदान करती है। यह उपलब्धि प्रयोगशाला के एक प्रारंभिक स्तर की एनएबीएल-प्रमाणित सुविधा से पूर्णतः स्थापित, मान्यता प्राप्त उत्कृष्टता केंद्र में परिवर्तन का प्रतीक है। श्री प्रतापराव जाधव, माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष मंत्रालय ने कहा, ह्लआईएसओ 15189:2022 जैसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप मान्यता प्राप्त होने से यह सुनिश्चित होता है कि रोगियों को विश्वसनीय और सटीक निदान सेवाएं मिलें। ये सेवाएं प्रभावी उपचार और बेहतर स्वास्थ्य परिणामों के लिए आवश्यक हैं। सीएआरआई बेंगलुरु की यह उपलब्धि दर्शाती है कि मंत्रालय किस प्रकार आयुष के बुनियादी ढांचे को गुणवत्ता और विश्वसनीयता के मानक में परिवर्तित कर रहा है। वैद्य राजेश कोटेचा, सचिव, आयुष मंत्रालय ने कहा, सीएआरआई बेंगलुरु का जैव रसायन और रुधिरविज्ञान दोनों में आईएसओ 15189:2022 मान्यता प्राप्त करने वाला पहला सीसीआरएएस संस्थान बनना, उच्च गुणवत्ता वाले निदान को पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों के साथ एक करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह प्रमाण-आधारित अभ्यास, अनुसंधान और रोगी-केंद्रित देखभाल पर हमारे ध्यान को और मजबूत करता है। सीसीआरएएस के महानिदेशक प्रोफेसर रबीनारायण आचार्य ने कहा, "सीएआरआई बेंगलुरु को हाल ही में प्राप्त एनएबीएल मान्यता, इसके पूर्व एनएबीएच और एनएबीएल के प्रारंभिक प्रमाणन और चल रही बीआईएस आ-ईएस/आईएसओ 9001:2015 प्रगति के आधार पर, साथ ही आयुष मंत्रालय के तहत एक आयुर्वेद विज्ञान इनक्यूबेशन सेंटर के रूप में इसकी भूमिका, गुणवत्ता मानकों को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाती है। इससे आयुर्वेद अनुसंधान और नवाचार को वैज्ञानिक श्रेष्ठता और उत्कृष्टता के उच्चतम स्तर पर स्थापित किया जा सकता है।" बेंगलुरु स्थित सीएआरआई की प्रमुख डॉ. सुलोचना भट ने कहा, आईएसओ 15189:2022 मान्यता प्राप्त करना हमारे संस्थान के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है। यह उच्च गुणवत्तापूर्ण, विश्वसनीय और रोगी-केंद्रित नैदानिक सेवाएं प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह उपलब्धि न केवल हमारी नैदानिक क्षमताओं को मजबूत करती है, बल्कि सीसीआरएएस के अंतर्गत एक अग्रणी संस्थान के रूप में हमारी भूमिका को भी सुदृढ़ करती है। यह उपलब्धि डॉ. विद्याश्री आंचन (रोग विज्ञान अनुसंधान अधिकारी) और सीएआरआई टीम के अथक प्रयासों के कारण संभव हो पाई है।

वर्तमान में इस प्रयोगशाला को जैव रसायन और रुधिरविज्ञान के अंतर्गत 50 परीक्षण मापदंडों के लिए एनएबीएल से मान्यता प्राप्त है। यह रक्त शर्करा, एचबीए1सी, यकृत और गुर्दे की कार्यक्षमता के परीक्षण, लिपिड और थायरॉइड प्रोफाइल, इलेक्ट्रोलाइट्स और संपूर्ण रक्त गणना सहित कई प्रकार की नैदानिक सेवाएं प्रदान करती है। इससे चयापचय, हार्मोन और रक्त संबंधी स्थितियों का सटीक मूल्यांकन संभव हो पाता है। 2025-26 के दौरान, प्रयोगशाला ने 1.52 लाख से अधिक जांचें कीं और 9,300 से अधिक रोगियों को सेवाएं प्रदान की। यह गुणवत्तापूर्ण निदान के प्रति इसकी बढ़ती क्षमता और प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्नत प्रणालियों और डिजिटल रिपोर्टिंग उपकरणों से सुसज्जित होने के कारण, रोगियों को त्वरित परिणाम, बेहतर सटीकता के साथ एसएमएस, ईमेल और व्हाट्सएप के माध्यम से रिपोर्ट मिलती है।

आयुर्वेद के मुताबिक एक साथ भूलकर भी नहीं खानी चाहिए ये चीजें

आयुर्वेद एक्सपर्ट किरण गुप्ता जी के मुताबिक, गलत फूड कॉम्बिनेशन को खाने से शरीर में टॉक्सिंस उत्पन्न हो सकते हैं जो पाचन क्रिया को बिगाड़ते हैं और कई तरह की बीमारियों का भी कारण बन सकते हैं. ऐसे में आपको पता होना चाहिए कि किन चीजों को एक साथ भूलकर भी नहीं खाना चाहिए. ताकि सेहत पर कोई गलत असर न पड़े.





आयुर्वेद एक्सपर्ट किरण गुप्ता जी के मुताबिक, गलत फूड कॉम्बिनेशन को खाने से शरीर में टॉक्सिंस उत्पन्न हो सकते हैं जो पाचन क्रिया को बिगाड़ते हैं और कई तरह की बीमारियों का भी कारण बन सकते हैं. ऐसे में आपको पता होना चाहिए कि किन चीजों को एक साथ भूलकर भी नहीं खाना चाहिए. ताकि सेहत पर कोई गलत असर न पड़े.

विरुद्ध आहार में दूध और नमक सबसे पहला नाम है. इन्हें एक साथ नहीं खाना चाहिए. क्योंकि दूध ठंडा और मीठे स्वभाव का होता है, जबकि नमक गर्म और तीखा होता है. इनका संयोजन ब्लड प्यूरिफिकेशन और त्वचा पर बुरा प्रभाव डाल सकता है. इससे एलर्जी, त्वचा रोग (फोड़े-फुंसी), पाचन गड़बड़ी जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

दूध और मछली का सेवन भी आयुर्वेद में सख्त मना किया गया है. दोनों का स्वाभाव अलग-अलग होता है . जैसे मछली गर्म तासीर वाली होती है और दूध ठंडी तासीर वाला. ऐसे में इनका साथ में सेवन करने पर यह शरीर में जहर तक पैदा कर सकता है. इससे त्वचा रोग, एलर्जी, एक्ज़िमा तक की शिकायत हो सकती है.

विरुद्ध आहार में दूध और नमक सबसे पहला नाम है. इन्हें एक साथ नहीं खाना चाहिए. क्योंकि दूध ठंडा और मीठे स्वभाव का होता है, जबकि नमक गर्म और तीखा होता है. इनका संयोजन ब्लड प्यूरिफिकेशन और त्वचा पर बुरा प्रभाव डाल सकता है. इससे एलर्जी, त्वचा रोग (फोड़े-फुंसी), पाचन गड़बड़ी जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

दूध और मछली का सेवन भी आयुर्वेद में सख्त मना किया गया है. दोनों का स्वाभाव अलग-अलग होता है . जैसे मछली गर्म तासीर वाली होती है और दूध ठंडी तासीर वाला. ऐसे में इनका साथ में सेवन करने पर यह शरीर में जहर तक पैदा कर सकता है. इससे त्वचा रोग, एलर्जी, एक्ज़िमा तक की शिकायत हो सकती है.

वैसे तो कई लोग फ्रूट स्मूदी और शेख बना कर पीते हैं लेकिन आयुर्वेद में फल और दूध का सेवन एक साथ नहीं करना चाहिए. खासतौर पर खट्टे फलों का सेवन तो बिल्कुल नहीं करना चाहिए. खट्टे फल दूध को फाड़ सकते हैं और पाचन में समस्या पैदा करते हैं, जिससे गैस, अपच, एसिडिटी जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं. हालांकि, अगर सही तरीके से लिया जाए तो मीठे फल जैसे आम या केले का मिल्कशेक बना सकते हैं.



अक्सर कुछ लोग पेट की कम करने के लिए गर्म पानी में शहद मिलाकर पीते हैं, जो एक विरुद्ध आहार है. जी हां, आयुर्वेद में गर्म पानी/चाय/दूध के साथ शहद सेवन मना किया गया है. आयुर्वेद के अनुसार, शहद को कभी भी गर्म नहीं करना चाहिए. गर्म करने पर यह जहर समान बन जाता है, जो पाचन तंत्र पर असर डालता है.

अक्सर कुछ लोग पेट की कम करने के लिए गर्म पानी में शहद मिलाकर पीते हैं, जो एक विरुद्ध आहार है. जी हां, आयुर्वेद में गर्म पानी/चाय/दूध के साथ शहद सेवन मना किया गया है. आयुर्वेद के अनुसार, शहद को कभी भी गर्म नहीं करना चाहिए. गर्म करने पर यह जहर समान बन जाता है, जो पाचन तंत्र पर असर डालता है.

शहद को घी के साथ भी नहीं खाना चाहिए. अगर घी और शहद को बराबर मात्रा में मिलाकर खाया जाए, तो यह शरीर के लिए जहरीला हो सकता है. जिससे टॉक्सिन बनना और शरीर में असंतुलन बन सकता है. ऐसे में इन विरुद्ध आहार का सेवन करने से बचें.

शहद को घी के साथ भी नहीं खाना चाहिए. अगर घी और शहद को बराबर मात्रा में मिलाकर खाया जाए, तो यह शरीर के लिए जहरीला हो सकता है. जिससे टॉक्सिन बनना और शरीर में असंतुलन बन सकता है. ऐसे में इन विरुद्ध आहार का सेवन करने से बचें.

महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती मनाई गई

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में शनिवार, 11 अप्रैल 2026 को अति पिछड़ा मोर्चा के बैनर तले महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती

श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।

समारोह की अध्यक्षता अति पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष नरेश कुमार गणेश ने की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन सिंह तथा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सोनी देवी मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने महात्मा ज्योतिबा फुले के समाज सुधार एवं जनहित में किए गए कार्यों को याद किया और उनके विचारों पर प्रकाश डाला।

इस मौके पर जिला महामंत्री पंकज कुमार साहा, सोशल मीडिया प्रभारी सुबोध माहेश्वरी, अति पिछड़ा मोर्चा के जिला महामंत्री अशोक कुमार गुप्ता, जिला सह-संयोजक शंकर गुप्ता, महिला मोर्चा महामंत्री दुर्गा स्वर्णकार, अंकुश कुमार, निरंजन सिंह, शक्ति केंद्र प्रमुख विशाल स्वर्णकार एवं विपता दास सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पटना जिले के पालीगंज में मनाया गया ज्योतिबा फुले का जन्म दिवस

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के पालीगंज बाजार स्थित बिहटा मोड़ पर पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया के कार्यकताओं ने ज्योतिबा फुले का 199 वीं जन्म दिवस मनाया।

जानकारी के अनुसार जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान ज्योतिबा फुले व भीम राव अंबेडकर के प्रतिमा पर फूल माला अर्पित

किया गया। मौके ओर वक्ताओं ने उन दोनों द्वारा किये गए जनहित कार्यो से लोगो को अवगत कराया। वक्ताओं ने कहा कि एक ओर ज्योतिबा फुले ने लोगो को जागरूक करने का काम किया तो दूसरी ओर बाबा साहेब ने लोगो को हक दिलाने का कार्य किया। मौके पर पिप्लस पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक)के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पटना जिला प्रभारी-मुलनिवासी रविन्द्र प्रसाद यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष रविन्द्र प्रसाद यादव, मु. नागेश्वर पाल एवं वरिष्ठ नेता मु. रमेश राय, हिमांशु, विजयनंदन यादव, जोगिंदर कुमार राजेश, सुरेश नट,नौलेश दास, धर्मेंद्र, अर्जुन पासवान ने अपना विचार व्यक्त किया।

पटना के दुल्हिन बाजार में किया गया विदाई समारोह का आयोजन

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ स्वच्छ भारत मिशन के प्रखंड कोऑर्डिनेटर राजेश कुमार नंदन के तबादले के अवसर पर पटना जिले के दुल्हिन बाजार प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शनिवार को भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन बीडीओ एवं सभी पर्यवेक्षकों के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ श्रीनिवास पांडे ने राजेश कुमार नंदन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत उनका कार्यकाल अत्यंत संतोषजनक रहा। उन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, लगन और जिम्मेदारी के साथ किया। उनके नेतृत्व में सभी पंचायतों में कार्य निरंतर प्रगतिशील रहा और पर्यवेक्षकों के साथ बेहतर समन्वय देखने को मिला।बीडीओ ने कहा कि राजेश कुमार का व्यवहार सहयोगात्मक रहा है, जिससे टीम भावना मजबूत हुई और मिशन के उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने में मदद मिली। विदाई के दौरान उपस्थित सभी स्वच्छता पर्यवेक्षकों को अनुभव प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रखंड सह अंचल कार्यालय के कर्मी ने स्थानांतरित कर्मी को फुल माला से सम्मानित कर उनके दीघार्यु की ईश्वर से कामना की। मौके पर स्वच्छता पर्यवेक्षक कुन्दन कुमार, अरविंद कुमार, सोनू, अनिल, मिथिलेश, बम बम, अर्जुन, भोला, पिंटू, संजय, धर्मवीर समेत दर्जनों की संख्या में ब्लॉक कर्मी उपस्थित रहे हैं।

पटना पुलिस ने किया पालीगंज में लूट गिरोह का भंडाफोड़

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के पालीगंज अनुमंडल में पिछले पखवाड़े भर से आतंक का पर्याय बने लुटेरा गिरोह का पुलिस ने पदार्फाश किया है। पुलिस ने गिरोह के मुख्य सरगना आरव सिंह उर्फ चोखा समेत पांच शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से भारी मात्रा में हथियार, कारतूस और लूटी गई नकदी बरामद हुई है। पटना पश्चिम सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह ने प्रेस वार्ता में बताया कि पिछले 10 से 15 दिनों के भीतर पालीगंज, सिगरौड़ी और बिक्रम इलाकों में हथियार के बल पर लूट की कई वारदातें हुई थीं। जांच के लिए गठित विशेष टीम और तकनीकी सेल की मदद से पुलिस ने अख्तियारपुर गांव में छापेमारी कर आरव सिंह को दबोचा। उसकी निशानदेही पर गिरोह के अन्य सदस्य–रवि शंकर, हरिकांत कुमार, राकेश कुमार (सभी पालीगंज निवासी) और रोशन कुमार (बिहटा निवासी) को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में खुलासा हुआ कि यह गिरोह पहले सीएसपी केंद्रों और पेट्रोल पंपों की रेकी करता था और फिर सुनसान पाकर हथियार के बल पर लूट को अंजाम देता था। पुलिस ने अपराधियों के पास से दो पिस्टल, एक देसी कट्टा, एक मैगजीन, 16 जिंदा कारतूस और 3 खोखे, लूटे गए 2,22,630 रुपये व घटना में प्रयुक्त 2 मोटरसाइकिल, 4 मोबाइल, 25 पासबुक, एक चेकबुक, एक लैपटॉप और अन्य उपकरण बरामद किया है। पुलिस फिलहाल गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में छापेमारी कर रही है। इस सफल कार्रवाई से क्षेत्र के व्यवसायियों ने राहत की सांस ली है।

पटना जिले के खिरिमोड पुलिस नद किया हथियार व गांजे के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के खिरिमोड थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में छापेमारी कर एक गांजा कारोबारी को भारी मात्रा में गांजे व हथियार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार बिहार में चल रहे नशामुक्ति अभियान के तहत पटना पुलिस की ओर से कड़ी व लगातार कार्यवाई की जा रही है। इसी क्रम में खिरिमोड थाने की पुलिस को गुप्त सूचना मिकी थी कि थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में गांजे का कारोबार धड़ल्ले से चल रही है। इसके बाद पुलिस ने मामले की सत्यता की जांच में जुट गई। जिसके बाद पुलिस ने शुक्रवार की रात रघुनाथपुर गांव में छापेमारी की। जिसके दौरान पुलिस ने रघुनाथपुर गांव निवासी रंगनाथ शर्मा के पुत्र कुंदन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार ब्यक्ति के पास से

दो जिंदा कारतूस युक्त एक मैगजीन, पांच खोखा, 1 केजी 526 ग्राम गांजा, एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू व दो चिलम बरामद हुई है। वही मामले कि पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने बताया कि गिरफ्तार गांजा कारोबारी को जेल भेज दी गयी है। आगे की कार्यवाई की जा रही है।

बिजली लाइन में शॉर्ट सर्किट से उठी चिंगारी, गेहूं की फसल जलकर राख

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के टंडवा गांव में बिजली लाइन में शॉर्ट सर्किट होने से उठी चिंगारी ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। लगभग 15 कठ्ठा में लगी गेहूं की फसल पूरी तरह जलकर राख हो गई।मिली जानकारी के अनुसार, गांव के किसान रक्ष्या मेहता और सुरेश मेहता के खेतों में आग लग गई। आग लगने का कारण बिजली लाइन में शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। चिंगारी गिरते ही गेहूं की सूखी फसल में आग तेजी से फैल गई। आस पास के लोगों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तबतक पूरी फसल जलकर खाक हो गई जिससे किसानों को हजारों रुपए की आर्थिक क्षति हुई है।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए और बिजली विभाग की लापरवाही की जांच हो।

पटना के पालीगंज में किया गया सम्मान समारोह का आयोजन

तकदीर खुद लिखी जाती है:- जर्नलिस्ट वेद प्रकाश

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ "तकदीर खुद लिखी जाती है, अपनी कर्मो के हिसाब से।" ये बातें शनिवार को जिले के पालीगंज प्रखण्ड अंतर्गत चंदोस बाजार स्थित विश्वनाथ 10+2 राजकीयकृत उच्च विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए जर्नलिस्ट वेद प्रकाश ने कहा।

जानकारी के अनुसार इस वर्ष इंटरमीडिएट व मैट्रिक की परीक्षा में पटना जिले के पालीगंज प्रखण्ड अंतर्गत चंदोस बाजार स्थित विश्वनाथ 10+2 राजकीयकृत उच्च विद्यालय के छात्रों ने अच्छे अंक प्राप्त कर बेहतर प्रदर्शन करते हुए विद्यालय व इलाके का नाम रौशन किया है। जिसे देख उत्साहित विद्यालय परिवार की ओर से शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक डॉ. एस. एम. जुनैद रिजवी व मंच संचालन शिक्षिका मधु कुमारी ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जर्नलिस्ट वेद प्रकाश ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि तकदीर खुद लिखी जाती है अपनी कर्मो के हिसाब से। यदि ईश्वर पर भरोसा है तो वह वही लिखेगा जो वह चाहता है, लेकिन भरोसा खुद पर हो तो ईश्वर वही लिखेगा जो आप चाहते है। इसलिए कर्म कीजिये तकदीर उसी के अनुसार लिखी जाएगी। वही नीतेश कुमार ने कहा कि परिश्रम के अलावे सफलता की कोई दूसरा रास्ता नही है। वही पूर्व शिक्षक सोहराई मिस्त्री ने गितवक माध्यम से बच्चों की हौसला बढ़ाया। जबकि शिक्षक सतेन्द्र कुमार ने कहा कि जिस तरह आप सभी ने मैट्रिक व इंटरमीडिएट में अच्छे अंक प्राप्त किये है उसय तरह आगे भी प्राप्त करें। इसके लिए प्रतिदिन विद्यालय में शिक्षा प्राप्त करने जरूर पहुंचे। जबकि प्रधान शिक्षक डॉ. एस. एम. जुनैद रिजवी ने कहा कि मेरी दुआ आप सभी बच्चों के साथ है। जितना भी हो सकेगा मैं अपनी ओर से आप सभी की सहायता करता रहूंगा। वही सभी शिक्षकों व अतिथियों ने सफल छात्रों की हौसला बढ़ाते हुए मेडल, मोमेंटो व कलमें देकर सम्मानित किया। साथ ही अपने वचनों से छात्रों का हौसला बढ़ाया।

मौके पर शिक्षक सतेन्द्र कुमार, अवनीश कुमार, अनुपम रानी, मुजत्वा जुनैत, सोनल सिंह, सुचित्रा कुमारी, सोनम प्रिया, स्नेहा शर्मा, निर्मला चौधरी, ज्योति कुमारी, कमल किशोर, कुंदन कुमार, विशाल कुमार व किरानी संजय कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

पदमा में पशुधन विकास योजना के तहत बकरा वितरण

पंकज कुमार पाठक,
दैनिक समाज जागरण

पदमा(हजारीबाग): प्रखंड पदमा स्थित जिला पशुपालन कार्यालय परिसर में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना (2022-23, 2023-24 एवं 2024-25) के अंतर्गत चयनित लाभुकों के बीच बकरा विकास योजना के तहत बकरों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कुल 6 लाभुकों को 4+1 यूनिट के तहत बकरा-बकरी प्रदान की गई। इस मौके पर जिला पशुपालन पदाधिकारी संजीव कुमार ,प्रभारी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ प्रिंस राज पदमा, विभागीय कर्मचारी एवं सभी लाभुक उपस्थित रहे।

जिला पशुपालन पदाधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार की यह योजना किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन का एक प्रभावी माध्यम साबित हो रही है। उन्होंने लाभुकों से पशुपालन को व्यवस्थित ढंग से अपनाने और योजना का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की।

रेलवे की लेटलतीफी के खिलाफ आंदोलन तेज करने की तैयारी, सरयू राय ने बुलाई अहम बैठक

समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर

जमशेदपुर पश्चिमी विधायक सरयू राय ने रेलवे की लगातार लेटलतीफी के मुद्दे को लेकर अपने आंदोलन को और धार देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने रविवार, 12 अप्रैल को एक अत्यावश्यक बैठक बुलाई है, जिसमें 7 अप्रैल को आयोजित धरना कार्यक्रम की समीक्षा के साथ-साथ आगे की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। यह बैठक बिष्टुपुर स्थित उनके आवास 42, जे रोड पर आयोजित होगी।

बताया गया है कि इस बैठक में रेलवे की समयपालन व्यवस्था में सुधार को लेकर अब तक किए गए प्रयासों का आकलन किया जाएगा। साथ ही यह भी तय किया जाएगा कि आने वाले दिनों में आंदोलन को किस दिशा में आगे बढ़ाया जाए ताकि आम यात्रियों को हो रही परेशानियों का समाधान हो सके। सरयू राय ने इस बैठक की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से साझा की है।

गौरतलब है कि 7 अप्रैल को आयोजित धरना कार्यक्रम के दौरान सरयू राय ने रेलवे की लेटलतीफी को लेकर कड़ा रुख अपनाया था। उन्होंने कहा था कि यह लड़ाई अब तक उनकी व्यक्तिगत लड़ाई थी, लेकिन जिस प्रकार से उन्हें आम जनता का समर्थन मिला है, उससे यह अब एक सामूहिक आंदोलन का रूप ले चुकी है। उन्होंने इस मुद्दे को जनहित से जुड़ा बताते हुए इसे व्यापक स्तर पर उठाने की बात कही थी।

धरना के दौरान उन्होंने यह भी संकेत दिया था कि इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए एक संगठित मंच की आवश्यकता है। इसी दिशा में उन्होंने नागरिक मंच या जनमोर्चा जैसे एक प्लेटफॉर्म के गठन का प्रस्ताव रखा था, जो सवारी ट्रेनों की लेटलतीफी के खिलाफ आवाज उठाएगा और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा। उन्होंने इस मंच के संचालन के लिए 20 या उससे अधिक लोगों की एक समिति बनाने की भी बात कही थी, जिसमें विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा।

रविवार को होने वाली बैठक को इसी प्रस्तावित मंच की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इसमें यह तय किया जा सकता है कि समिति का गठन कब और कैसे किया जाए तथा आंदोलन को किस रूप में आगे बढ़ाया जाए। साथ ही रेलवे प्रशासन पर दबाव बनाने के लिए भविष्य में धरना, ज्ञापन या अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की जा सकती है। स्थानीय लोगों और यात्रियों के लिए यह बैठक काफी अहम मानी जा रही है, क्योंकि रेलवे की लेटलतीफी लंबे समय से एक गंभीर समस्या बनी हुई है। ऐसे में यदि यह आंदोलन संगठित रूप लेता है, तो इससे रेलवे प्रशासन पर सुधार के लिए दबाव बन सकता है और यात्रियों को राहत मिलने की उम्मीद बढ़ सकती है।

हेमंता विश्व शर्मा के बयान के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, साकची थाना में दर्ज कराई FIR

समाज जागरण 11.04.2026
चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)
पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर

जमशेदपुर : पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में कांग्रेस पार्टी के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने असम के मुख्यमंत्री के खिलाफ कड़ी आपत्ति जताते हुए साकची थाना में ह्लक्षक दर्ज कराई। यह प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष परविंदर सिंह के नेतृत्व में थाना पहुंचा और आरोप लगाया कि असम के मुख्यमंत्री द्वारा कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता के खिलाफ अमर्यादित एवं स्तरहीन भाषा का प्रयोग किया गया है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है।

प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस को सौंपे गए आवेदन में कहा कि सार्वजनिक जीवन में इस प्रकार की भाषा न केवल राजनीतिक मयार्दाओं को ठेस पहुंचाती है, बल्कि समाज में गलत संदेश भी देती है। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि इस मामले में तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी जनप्रतिनिधि इस तरह की टिप्पणी करने से बचे।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष परविंदर सिंह ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता और असम के मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया बयान बेहद आपत्तिजनक और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सभी राजनीतिक दलों और नेताओं को एक-दूसरे के प्रति सम्मानजनक भाषा का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस प्रकार की बयानबाजी पर रोक नहीं लगाई गई, तो कांग्रेस पार्टी व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगी।

कार्यकारी अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने भी भाजपा नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि यह कोई पहला मामला नहीं है, जब विपक्षी नेताओं के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया हो। उन्होंने कहा कि भाजपा के कई नेता लगातार इस तरह की बयानबाजी करते रहे हैं, जिससे राजनीतिक माहौल दूषित हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि कानून सभी के लिए समान होना चाहिए।

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने यह भी कहा कि वे इस मुद्दे को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भी उठाएंगे, ताकि इस प्रकार की घटनाओं पर सख्त रोक लगाई जा सके। नेताओं ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यों और गरिमा की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करती रहेगी।

इस दौरान कार्यकारी अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह, बिजय यादव, कमलेश कुमार पाण्डेय, जसवंत सिंह जस्सी, राजकिशोर यादव, ब्रजेन्द्र तिवारी, गुरदीप सिंह, अतुल गुप्ता, सुखदेव सिंह मल्ली, राजीव मिश्रा, राजा सिंह राजपूत, संजय यादव, फिरोज खान, अमित श्रीवास्तव, बबलू नौशाद, परविंदर सिंह सोहल, लव कुमार निराला, सुल्तान अहमद, संतोष कुमार शर्मा, लखविंदर करुआ, मकसूद आलम, अजय कुमार शर्मा, विनोद यादव, रविंद्र मौर्या, रणजीत सिंह कल्लू, हरेकृष्ण लोहार, राजकुमार वर्मा, अखिलेश यादव, ईसान पात्रा और संजय सिंह आजाद समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल द्वारा सौंपे गए आवेदन की प्रति भी संलग्न की गई है, जिसमें विस्तृत रूप से पूरे मामले का उल्लेख करते हुए कार्रवाई की मांग की गई है।

एनआईटी जमशेदपुर में सामग्री इंजीनियरिंग पर सेमिनार, इंडियन सिरेमिक सोसाइटी छात्र चैप्टर का पुनरुद्धार

समाज जागरण 11.04.2026
चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)
पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर

जमशेदपुर : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) जमशेदपुर में इंडियन सिरेमिक सोसाइटी (आईसीएस) के छात्र चैप्टर ने सामग्री अभियांत्रिकी में नवाचार और नवीनतम रुझान विषय पर आधे दिन का सेमिनार आयोजित कर अपने आधिकारिक पुनरुद्धार का जश्न मनाया। यह कार्यक्रम डायमंड जुबली लेक्चर हॉल (डीजेएलएचसी 212) में सुबह 10:30 बजे से शुरू हुआ, जिसमें छात्रों और संकाय सदस्यों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली।

इस सेमिनार की खास बात यह रही कि इसमें शिक्षा जगत और उद्योग जगत के बीच मजबूत समन्वय देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद एमएमई विभाग के प्रमुख एवं आईसीएस एनआईटी जमशेदपुर चैप्टर के संरक्षक प्रोफेसर अशोक कुमार ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने अपने संबोधन में सामग्री अभियांत्रिकी के क्षेत्र में तेजी से हो रहे बदलावों और छात्रों के लिए इसके बढ़ते अवसरों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में एनआईटी जमशेदपुर के निदेशक प्रोफेसर गौतम सूत्रधार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में सामग्री विज्ञान और इंजीनियरिंग का महत्व लगातार बढ़ रहा है, विशेषकर औद्योगिक विकास और तकनीकी नवाचार के संदर्भ में। उन्होंने छात्रों को अनुसंधान और नवाचार के प्रति प्रेरित किया।

सेमिनार का मुख्य आकर्षण उद्योग विशेषज्ञों की भागीदारी रही, जिन्होंने अपने अनुभवों और व्यावहारिक ज्ञान से छात्रों को समृद्ध किया। टाटा स्टील के प्रोसेस विभाग के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी डॉ. अतानु रंजन पाल ने अध्यक्षीय भाषण दिया। उन्होंने उद्योग में सामग्री अभियांत्रिकी की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की और छात्रों के साथ एक विशेष संवादात्मक सत्र भी आयोजित किया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे।

तकनीकी सत्रों में टाटा स्टील के रिफ्रैक्टरी टेक्नोलॉजी ग्रुप के प्रमुख श्री प्रशांत पाणिग्राही और कंपनी के चीफ रिफ्रैक्टरीज डॉ. सुजात अली खान ने विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किए। इन व्याख्यानों में आधुनिक अपवर्तक तकनीकों, औद्योगिक प्रक्रियाओं और नवीनतम शोध रुझानों पर गहन जानकारी दी गई, जिससे छात्रों को उद्योग की वास्तविक चुनौतियों और संभावनाओं को समझने का अवसर मिला।

इसके अलावा, रसायन विज्ञान विभाग के प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस डॉ. सीतांदु मंडल ने परिचयात्मक भाषण दिया और सामग्री विज्ञान के बहुआयामी स्वरूप पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रभारी प्रोफेसर डॉ. संजय वाजपेयी के समन्वय में किया गया।

सेमिनार का समापन धन्यवाद ज्ञापन, राष्ट्रगान और सभी गणमान्य अतिथियों, संकाय सदस्यों एवं छात्र प्रतिभागियों के साथ एक सामूहिक तस्वीर के साथ हुआ। यह आयोजन न केवल आईसीएस छात्र चैप्टर के पुनरुद्धार का प्रतीक बना, बल्कि छात्रों को उद्योग से जोड़ने और उनके ज्ञान को व्यवहारिक दिशा देने में भी महत्वपूर्ण साबित हुआ।

स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत विधि विभाग द्वारा स्वच्छ तन, स्वच्छ मन कार्यशाला का आयोजन किया गया

स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के अवसर पर, विधि एवं न्याय मंत्रालय के विधि विभाग द्वारा 10 अप्रैल 2026 को शास्त्री भवन के ए विंग में चतुर्थ तल स्थित सम्मेलन कक्ष संख्या 440 में ह्लस्वच्छ तन, स्वच्छ मनह्व शीर्षक से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य व्यक्तिगत स्वच्छता तथा निजी एवं व्यावसायिक जीवन में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था।

इस कार्यशाला में अपर सचिव डॉ. के. वी. कुमार तथा संयुक्त सचिव (राजभाषा विंग) श्री अश्वनी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही विभाग से संबद्ध कार्यालयों- राजभाषा विंग (ओ अल विंग) और विधि साहित्य प्रकाशन (वी एस पी) के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी कार्यशाला में भाग लिया।

कार्यशाला के दौरान दिल्ली सरकार के आयुष निदेशालय की मुख्य चिकित्सा अधिकारी

(एनएफएसएफ) डॉ. हेमा एस. कोल्हे ने दैनिक जीवन में आयुर्वेद के लाभों पर प्रकाश डाला तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के संबंध में प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने क्या खाएं और कब खाएं, नियमित भोजन समय का पालन, प्रातःकाल शीघ्र उठना, अनुशासित दिनचर्या अपनाना तथा योगासन के महत्व पर विशेष रूप से बल दिया। साथ ही उन्होंने समग्र स्वास्थ्य (होलिस्टिक वेल-बीइंग) से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की।

अपर सचिव डॉ. के. वी. कुमार ने इस सत्र के महत्व को रेखांकित किया और स्वस्थ जीवनशैली, आयुर्वेद एवं योगासन पर डॉ. हेमा एस. कोल्हे द्वारा दिए गए मार्गदर्शन की सराहना की। उन्होंने कार्यशाला को सार्थक एवं सफल बनाने में विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी और सहयोग की भी प्रशंसा की।